


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




पंडित प्रदीप मिश्रा की कावड़ यात्रा में शामिल होने आए थे सीहोर

## सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में 72 घंटे 7 मौतें...जिम्मेदारी कौन लेगा?

# तीसरे दिन दो लोगों की मौत, राजस्व मंत्री पहले बोले न्यायिक जांच होगी, फिर कहाःजांच की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में 72 घंटे में 7 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। गुरुवार को सुबह दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। बुधवार को तीन श्रद्धालुओं की मौत हुई। इससे पहले मंगलवार को दो महिला श्रद्धालुओं की भी मौत हुई थी।

इस घटना से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में 6 अगस्त को कावड़ यात्रा आयोजित की गई थी, जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल हुए थे।

### प्रशासन ने क्या किया?

लगातार मौतों के बाद जवाबदेही से बचने गुरुवार को 7 डीजे वालों पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 7 अलग-अलग एफआईआर दर्ज की

इधर, कुबेरेश्वर धाम आए लोगों की मौतों को लेकर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने पहले न्यायिक जांच की बात कही थी लेकिन बाद में वे अपने बयान से पलट गए। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन ने अपने स्तर पर जांच कर बता दिया है।

### मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

मंगलवार को कुबेरेश्वर धाम में मची भगदड़ में दो महिलाओं की मौत के मामले में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव कुमार टंडन ने संज्ञान लिया है, और संबंधितों से जवाब मांगा है। उन्होंने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से जांच कराकर भीड़ प्रबंधन की क्या व्यवस्था थी, घायलों के इलाज में क्या कार्यवाही की गई, मृतकों को क्या आर्थिक सहायता दी गई, इस संबंध में 15 दिनों में रिपोर्ट मांगी है।



### कथा से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक में घुसी, 1 की मौत, 14 घायल

**इंदौर।** गुरुवार को पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल होकर लौटते समय सुबह इंदौर के कनाड़िया बायपास पर एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि लगभग 14 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सुबह करीब 4 बजे बिचौली मर्दाना ब्रिज के पास हुआ। यहां एक तेज रफ्तार तूफान वाहन अचानक सड़क पर खड़े एक ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## खबर संक्षेप

### 102 किमी लंबाई में रेलवे लाइन पर लगेगा 'कवच'

**ग्वालियर।** बिरला नगर से उदीमोड़ रेलवे स्टेशन तक 102 किमी लंबाई में ट्रेनों की भिड़ंत जैसे हादसे रोकने में कारगर अत्याधुनिक कवच प्रणाली को लागू किया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने बिरला नगर-उदीमोड़ सहित कुल 14 रेल खंडों में इस प्रणाली को लागू करने के लिए 309.26 करोड़ की राशि को स्वीकृति दे दी है।

### वॉट्सएप या ई-मेल से नोटिस भेजना वैध नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत वॉट्सएप और ईमेल से नोटिस भेजना वैध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा राज्य की ओर से अपने जनवरी 2025 के आदेश में संशोधन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।

राहुल जिसे सबूतों का 'एटम बम' कह रहे थे, वह आखिरकार फोड़ दिया

## नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बड़ा आरोप : चुनाव आयोग के साथ मिलकर सत्ताधारी दल कर रहा आपराधिक धोखाधड़ी

# हरियाणा और महाराष्ट्र में की गई थी वोटों की चोरी, राहुल ने मीडिया से कहा-यह रहे 'बुलट प्रूफ' सबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल खड़े कर रही है। ताजा घटनाक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की तरफ से बनाई जाने वाली मतदाता सूची और चुनाव की निष्पक्षता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि- महाराष्ट्र में 40 लाख वोट रहस्यमयी तरीके से जोड़े गए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के बीच इन मतदाताओं को जोड़ा गया है। उन्होंने महाराष्ट्र, कर्नाटक और कुछ अन्य जगहों की मतदाता सूची के आधार पर चौंकाने वाले दावे किए। मतदाता सूची में जोड़े गए हजारों-लाखों नाम का उल्लेख करते हुए राहुल ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन न करते हुए भाजपा के लिए वोट की चोरी की जा रही है।

**ऐसे 40 हजार वोटर हैं जिनके पते शून्य हैं**

चुनाव आयोग की तरफ से बनाई जाने वाली मतदाता सूची और चुनाव की निष्पक्षता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए

**राहुल का आरोप -शाम पांच बजे के बाद वोटर टर्नआउट का बढ़ना भी हैरान करने वाला**

**मशीन में पढ़ी जा सकने वाली मतदाता सूची नहीं मुहैया करवा रहा चुनाव आयोग**

**लोकसभा और विधानसभा के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़ गए**



राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वोटों की धांधली के मामले में चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं, आयोग ने एक भी जवाब नहीं दिया। हमें वोटों की चोरी पकड़ने में छह महीने का वक्त लगा है

### मतदाता सूची इस देश की संपत्ति

राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में 5 महीनों में 5 साल से ज्यादा मतदाताओं के जुड़ने से हमारा संदेह बढ़ा और फिर शाम 5 बजे के बाद मतदान में भारी उछाल आया। लोकसभा में हमारा गठबंधन पूरी तरह से साफ हो गया। यह बेहद संदिग्ध है। हमने पाया कि लोकसभा और विधानसभा के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़ गए। हम चुनाव आयोग गए और यह लेख लिखा और हमारे तर्क का सार यह था कि महाराष्ट्र चुनाव चुराया गया था।

### हमें इस तरह का डेटा दिया जा रहा है, ताकि उसका विश्लेषण न हो

राहुल ने कहा कि हमें समझ आया कि चुनाव आयोग हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा क्यों नहीं देता। क्योंकि वे नहीं चाहते कि हम ध्यान से देखें।

### कर्नाटक में भी फर्जी मतदाता होने का दावा

*कांग्रेस सांसद ने महाराष्ट्र के अलावा एक अन्य राज्य को लेकर भी चौंकाने वाला दावा किया। बकौल राहुल गांधी, कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर 6.5 लाख वोटों में से 1 लाख से अधिक वोटों की वोट चोरी हुई। कांग्रेस के शोध में कर्नाटक के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र में एक लाख से अधिक फर्जी मतदाता, अवैध पते और बड़ी संख्या में मतदाता (बल्क वोटर्स) पाए गए। ऐसे 40 हजार वोटर हैं जिनके पते शून्य है या फिर है ही नहीं... अलग-अलग नाम और अलग-अलग परिवार के लोग और जब हम वहां जाते हैं तो पता चलता है कि वहां कोई रहता ही नहीं है। चुनाव आयोग के मुताबिक इन पतों पर कई लोग रहते हैं लेकिन जब हम वहां जाते हैं तो पता चलता है कि वहां कोई रहता ही नहीं है... वोटर लिस्ट में कई लोगों की तस्वीरें नहीं हैं और अगर है भी तो ऐसी जिन्हें देखकर मतदाताओं की पहचान ही नहीं हो सकती।*

चुनाव आयोग की दो-टूक

### राहुल इसे लिखित में प्रमाणित करें

राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोपों पर कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने उन्हें पत्र लिखकर शपथपत्र के साथ प्रमाण मांगे हैं। राहुल ने अयोग्य नामों के जुड़ने और योग्य नामों के हटने का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग ने उनसे संबंधित मतदाताओं के नाम देने को कहा है ताकि जरूरी कार्रवाई की जा सके। कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राहुल गांधी को लिखे पत्र में कहा है कि निर्वाचन नियमों के तहत, अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची की वैधता पर सवाल उठाता है।




## खबर संक्षेप

### दिशोम गुरु को भारत रत्न की मांग बढ़ी

**रांची।** झारखंड के जननायक और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन को



मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। अगस्त को सर गंगाराम अस्पताल में उनका निधन हो गया। झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए अब भारत रत्न की मांग उठ रही है।

### रिश्वतखोरी में सब इंस्पेक्टर, थानेदार अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट और सीबीआई के पास पुलिसकर्मियों द्वारा रिश्वत



मांगने और लेने की शिकायत पहुंचने पर ये एजेंसियां पुलिसकर्मियों को रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर रही हैं। सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के सब-इंस्पेक्टर विजय सिंह को 40 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

### ट्रिपल मर्डर में नक्सली चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जमुई।** चिहरा पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी



सफलता हाथ लगी है। अब पुलिस नेकार्रवाई के दौरान थाना क्षेत्र के बोंगी पंचायत अंतर्गत गांदी गांव में 21 मई 2016 को नक्सलियों द्वारा किए गए तीन लोगों की हत्या मामले में फरार चल रहे नक्सली को गिरफ्तार कर लिया है।

## ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ लगाने पर देशभर से आईं मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

# थरूर बोले- सरकार जवाब दे, कोई हमें नहीं धमका सकता
# भाजपा बोली-देश का सवाल, हमें एकजुटता दिखानी होगी

*कांग्रेस ने कहा हमें भी ऐसे टैरिफ बढ़ाने का अधिकार, भारत के अपने मायने अलग*

**कांग्रेस नेता ने इसे अन्यायपूर्ण बताया**

*चीन और अन्य देशों का उदाहरण भी दिया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर ने अन्याय बताया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि क्योंकि हम रूस से पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स, नेचुरअल गैस और ऑयल खरीद रहे हैं, इसलिए हम पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है। चीन हमसे दोगुना तेल खरीद रहा है लेकिन फिर भी उनको दोगुना समय दिया गया है। वॉशिंगटन से इसमें कोई दूसरा इशारा है, दूसरा कोई संदेश मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बारे में हमारी सरकार को समझकर जवाब देना चाहिए। अगर वो लोग ऐसे करेंगे तो हमें भी अमेरिकन एक्सपोर्ट पर 50फीसदी टैरिफ लगाना चाहिए।

ये नहीं है कि कोई भी किसी भी देश में बैठकर हमको ऐसे धमकी दे सके। थरूर ने कहा कि अमेरिकी सामानों पर हमारा औसत टैरिफ 17 फीसदी है। हमें 17फीसदी पर ही क्यों रुकना चाहिए? हमें इसे 50फीसदी तक भी बढ़ाना चाहिए। क्या उन्हें हमारे रिश्तों की कद्र नहीं है? अगर भारत उनके लिए मायने नहीं रखता, तो उन्हें हमारे लिए भी मायने नहीं रखना चाहिए।



### अमेरिका संग व्यापार पर असर पड़ेगा

उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने का असर भारतीय कंपनियों के व्यापार पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका के साथ 90 बिलियन डॉलर की ट्रेड करता है है, आप सोचिए कि हर चीज अगर 50 फीसदी ज्यादा महंगी होगी तो खरीदने वाले भी सोचेंगे कि भारत की चीज क्यों खरीद रहे हैं थरूर ने कहा कि हमारे जो प्रतिस्पर्धी हैं, जिन देशों से इस किस्म की चीजें अमेरिका को भेजी जा रही हैं, जैसे – पाकिस्तान, वियतनाम, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, चीन का टैरिफ भी अगर हमसे कम है तो स्वभाविक है कि उनकी चीजें कम महंगी हैं तो भारत की चीज अमेरिका में बिक नहीं पाएंगी।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा

### मोदी सरकार की विदेश नीति विफल

इसी सिलसिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय



वस्तुओं पर 50फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले को केंद्र सरकार की विदेश नीति की बड़ी विफलता बताया। खरगे ने कहा कि ट्रंप का यह कदम ऐसे समय में आया है जब भारत की कूटनीति कमजोर और भ्रमित नजर आ रही है। प्रधानमंत्री इस संकट से निपटने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं ट्रंप भारत पर दबाव बना रहे हैं। खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि आप अमेरिका से व्यापार समझौता नहीं कर पाए।

निशिकांत

### दुनिया को पता चलना चाहिए भारत एकजुट



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा किट्रंप ने 140 करोड़ भारतीय पर टैरिफ थोपा है। उन्होंने कहा कि हमें पीएम के पीछे खड़े होने की जरूरत है ताकि भारत मजबूत रहे और पूरी दुनिया में यह मैसेज जाएहम एकजुट हैं।

महिंद्रा ने दिया मंत्र

### भारत के लिए दिए 2 जरूरी सुझाव



महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा कि अमेरिका द्वारा शुरू किया गया टैरिफ वॉर अनपेक्षित परिणाम ला सकता है। उन्होंने यूरोप और कनाडा के उदाहरण देकर समझाया कि कैसे ऐसी चुनौतियां देशों को मजबूत बदलाव के लिए मजबूर करती हैं। भारत के लिए महिंद्रा के 2 जरूरी सुझाव हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में क्रांतिकारी सुधार

महिंद्रा का कहना है कि भारत को छोटे-मोटे बदलावों से आगे बढ़कर सिंगल विंडो क्लीयरेंस का असली और प्रभावी सिस्टम बनाना होगा।

### 'ट्रंप नहीं समझते वैश्विक व्यापार: ओवैसी



एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ट्रंप का 50 फीसदी टैरिफ भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई, निर्माताओं को नुकसान पहुंचाएगा। यह कूटनीति नहीं, बदमाशी है। ट्रंप नहीं जानते वैश्विक व्यापार कैसे काम करता है?

### ट्रंप का टैरिफ लगाना विश्वासघाती व देश को कमजोर करने वाला

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत



टैरिफ लगाना विश्वासघाती और देश को कमजोर करने वाला कदम है। इससे पैदा हुए हालात से निपटने के लिए सभी को पूरी परिपक्वता दिखानी चाहिए।

## ये भी बोले

**ट्रंप आखिर भारत के साथ क्या करना चाह रहे: मनीष**



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि ट्रंप आखिर भारत के साथ क्या करना चाहते हैं? ये धमकी और दबाव की राजनीति क्यों हो रही है?

**मोदी-ट्रंप की दोस्ती कहां गई? बोले कार्ति**



कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने भी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस विशेष रिश्ते की बात सरकार करती थी, वो अब कहां गया? ट्रंप की धमकियों से साफ है कि वो रिश्ता केवल दिखावा था।

**अमेरिका से रिश्ते तो रखने ही होंगे: अखिलेश**



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अमेरिका से रिश्ते तो रखने ही होंगे। अमेरिका ताकतवर देश है, उससे हमारे रिश्ते पहले से रहे हैं। उन रिश्तों को और कैसे मजबूत किया जाए, इस दिशा में काम करना चाहिए।

अब तमिलनाडु में फिर रार

## तमिलनाडु में पारित विधेयक को राज्यपाल ने फिर से लटकाया



*◆ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था बिल रोकने का मामला*

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल की ओर से विधानसभा से पारित विधेयकों को लटकाने का मामला कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। इसी मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने राज्यपालों और राष्ट्रपति को 3 महीने के अंदर निर्णय लेने को कहा था। इस पर राष्ट्रपति की ओर से सुप्रीम कोर्ट से राय भी मांगी गई है कि आप कैसे ऐसा आदेश प्रेसिडेंट या राज्यपाल को दे सकते हैं, लेकिन इस बीच तमिलनाडु में ही विधेयकों को लटकाने पर ही फिर से खींचतान शुरू हो गई है। ताजा मामला कलैग्नार शताब्दी विश्वविद्यालय विधेयक से जुड़ा है। इस विधेयक को आर एन रवि ने रिजर्व कर लिया है और राष्ट्रपति के समक्ष भेजा है। राजभवन के सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

### इस बार यूनिवर्सिटी के चांसलर बदलने का बिल फंसा

पूर्व मुख्यमंत्री और एमके स्टालिन के पिता करुणानिधि को कलैग्नार के नाम से भी जाना जाता है। इस विधेयक को तमिलनाडु विधानसभा से अप्रैल में मंजूरी मिल गई थी। इसके तहत यूनिवर्सिटी बनाने का प्रस्ताव है और उसके चांसलर चीफ मिनिस्टर होंगे। मौजूदा नियम के अनुसार किसी भी राज्य यूनिवर्सिटी के चांसलर संबंधित सूबे के राज्यपाल ही होते हैं। अब इस नियम को तमिलनाडु की स्टालिन सरकार बदलना चाहती है। राज्यपाल की ओर से बिल अटकाने से डीएमके भड़क गई है। पार्टी का कहना है कि राज्यपाल ने तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश की खुली अवमानना की है।

### मसला फिर जा सकता शीर्ष कोर्ट

डीएमके ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल से एक महीने के अंदर निर्णय लेने को कहा था। इस बार भी यब मामला देश की सर्वोच्च न्यायलय में जा सकता है।

### अनिरुद्धाचार्य पर वाद, चेतावनी सभा भी की

**मथुरा।** कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा युवतियों पर विवादित बयान पर 2 महिला अधिवक्ताओं ने एसीजेएम न्यायालय में वाद दाखिल किया है। गुरुवार को बार एसोसिएशन की सदस्य प्रियदर्शिनी मिश्रा और सौम्या शुक्ला ने वाद दाखिल किया है। वृंदावन में उनके खिलाफ एक चेतावनी सभा भी की गई है।

## मृत्युदंड पर सख्त टिप्पणी की, जजों को इतना जालिम भी नहीं होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट की जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ ने अपने मामा की हत्या के जुर्म में एक व्यक्ति की मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है। अदालत ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि समाज का विकास दंडशास्त्र के प्रति सुधारात्मक दृष्टिकोण से हुआ है, न कि प्रतिशोधात्मक दृष्टिकोण के लिए।यह टिप्पणी जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य ने की। उन्होंने कहा, 'दंड के तीन प्रमुख स्तंभ हैं- प्रतिशोध, निवारण और सुधार। निवारण की मान्यता आज भी बरकरार है, वहीं आधुनिक आपराधिक न्यायशास्त्र में भारत और अन्य देशों में प्रतिशोध ने दंड के सुधारात्मक पहलू को जन्म दिया है।'

### जेल भी अब सुधार गृह कहलाने लगे

जलपाईगुड़ी सेशन कोर्ट ने आफताब आलम को धारा 396 के तहत अपराध का दोषी मानते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। लेकिन हाईकोर्ट ने कहा कि यह अपराध रेयरेस्ट ऑफ द रेयर की श्रेणी में नहीं आता है। जस्टिस भट्टाचार्य ने कहा कि हाल के दिनों में जेलों को सुधार गृह कहा जाने लगा है, इसका एक कारण है।उन्होंने कहा कि यह समाज की बदला लेने की रक्त-पिपासु प्रवृत्ति से अभियुक्तों को सुधारने की सभ्य नीति की ओर संक्रमण को दर्शाता है।



जबलपुर
शुक्रवार, 8 अगस्त 2025
- श्रावण मास शुक्ल पक्ष-14
- वर्ष : 20, अंक : 100
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 हिन्दू आतंकवाद की साजिश हुई नाकाम

मैट्रो
14 गुजरात में धड़केगा दिल, जबलपुर ...

## खबर संक्षेप

### सट्टा किंग दिल्ली एयरपोर्ट से अरेस्ट



**कटनी।** कटनी पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहा चर्चित क्रिकेट सटोरिया विनय वीरवानी को दिल्ली एयरपोर्ट की जांच एजेंसियों के माध्यम से गिरफ्तार किया है। आरोपी ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों में संलिप्त होने के साथ ही एक व्यवसायी युवक पर जानलेवा हमले का गंभीर मामला भी दर्ज है। एडिशन एसपी संतोष डेहरिया ने बताया कि इसके बाद से ही आरोपी विनय वीरवानी फरार चल रहा था।

### जीवित लोगों को मृत बताकर 20 करोड़ ठगे




**ग्वालियर।** चंबल संभाग में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक बड़ा घोटाला सामने आया है। इस फर्जीवाड़े में एक संगठित गिरोह ने जीवित लोगों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर लगभग 20 करोड़ रुपए की बीमा राशि हड़प ली। आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो ने ग्वालियर, भिंड और मुरैना से 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। योजना के तहत नॉमिनी को दो लाख की आर्थिक सहायता दी जाती है। आवेदन प्रक्रिया सरल और बिना मेडिकल जांच के होती है।

### सीएम डॉ. यादव ने कहा- प्रदेश के एक लाख से अधिक युवाओं के लिए सृजित होंगे रोजगार के अवसर

# मप्र में बनने वाले रेल-मेट्रो कोच का 'विदेशों' में भी होगा निर्यात

सीएम ने कहा कि 12 अगस्त तक पूरे प्रदेश में तिरंगे पर केंद्रित कार्यक्रम होंगे और 13 से 15 अगस्त तक हम सभी को घर, कार्यालयों और वाहनों पर तिरंगा लगाना है

**रक्षा मंत्री** राजनाथ 10 को रायसेन में रखेंगे रेल कोच फैक्ट्री की आधारशिला

**प्रधानमंत्री मोदी** 25 को आएंगे, धार में करेंगे पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप काम का फोकस स्वदेशी केंद्रित योजनाओं पर किया जा रहा है। इसी के तहत रायसेन जिले के औबेदुल्लागंज में ब्रह्मा (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग) इकाई की स्थापान की जा रही है। इसकी अधारशिला रखने 10 अगस्त को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आ रहे हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी हिस्सा लेंगे और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पहली बार रेल-मेट्रो कोच आदि का निर्माण कर देश में आपूर्ति के साथ विदेशों में भी निर्यात किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को सीएम हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 25 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के दोरे पर आ रहे हैं। वे धार में वस्त्रोद्योग पर केंद्रित पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप काम का फोकस स्वदेशी केंद्रित योजनाओं पर किया जा रहा है



### वंदे भारत-अमृत भारत, मेट्रो कोच का निर्माण होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दोनों इकाइयों से युवाओं के लिए रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध होंगे। कोच फैक्ट्री से जहां ड़ेढ़ हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं पीएम मित्र पार्क के जरिए एक लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्वदेशी की भावना के प्रति अपनी रतिबद्धता व्यक्त करते हुए देश को अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

#### सशस्त्र बलों के जवानों को बहनें भेजेंगी राखियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में लगातार चौथे वर्ष हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों के जवानों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के उद्देश्य से बहनों द्वारा उन्हें राखियां भेजी जाएंगी।

#### सभी जिलों में स्क्रीन पर होगा लाइव टेलीकास्ट

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के लिए नई कार्ययोजना तैयार की है। इसके अंतर्गत राजधानी भोपाल में होने वाले मुख्य कार्यक्रम को प्रत्येक जिले में स्क्रीन पर लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।

#### धार से विदेशों में भी होंगे वस्त्र निर्यात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के पास बनने वाली रेल कोच इकाई और धार के पास वस्त्र उद्योग पर केंद्रित विकसित पीएम मित्र पार्क से इंदौर मेट्रोपोलिटन क्षेत्र को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र पार्क मध्य प्रदेश की समृद्धि के नए द्वार खोलेगा।

#### मुख्यमंत्री ने 1.26 करोड़ महिलाओं को दिया रक्षाबंधन का तोहफा

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 1.26 करोड़ से ज्यादा बहनों को रक्षाबंधन का तोहफा दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को किस्त के 1250 रुपए और राखी के शगुन के 250 रुपए भी बहनों के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से 1 हजार 859 करोड़ रुपए की राशि बहनों के खाते में ट्रांसफर की। इतना ही नहीं योजना की किस्त के अलावा 28 लाख महिलाओं के खाते में गैस सब्सिडी के 43 करोड़ रुपए भी भेजे गए हैं। डॉ. यादव ने नरसिंहगढ़ में बहनों के साथ 'रक्षाबंधन उत्सव' मनाया।*



### द्विपक्षीय ऊर्जा और रक्षा संबंधों पर वार्ता

# पुतिन भारत आएंगे, तारीख तय नहीं एनएसए डोभाल पहुंच गए मॉस्को

इस वर्ष के आखिर तक पुतिन की यात्रा संभावित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने अपनी मॉस्को यात्रा के दौरान कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की तारीखों पर विचार किया जा रहा है। एनएसए ने अपनी बैठकों में किसी निश्चित तारीख या समय का संकेत नहीं दिया है। अगस्त के अंत का बताया जा रहा समय गलत है।

इससे पहले खबर आई थी कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस महीने के अंत में भारत का दौरा कर सकते हैं। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप की ओर से छेड़ी गई अमेरिकी टैरिफ वार के बीच यह दौरा काफी अहम होने वाला है। ट्रंप लगातार भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव बना रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने गुरुवार को रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु से मुलाकात की।

#### नई पूर्ण वार्ता का समय तय करना महत्वपूर्ण

*शोइगु ने डोभाल के साथ बैठक में कहा कि मॉस्को और नई दिल्ली के लिए राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच नई पूर्ण वार्ता का समय तय करना महत्वपूर्ण है। हमारे देशों के बीच अब एक बहु-स्तरीय विश्वास-आधारित राजनीतिक संवाद प्रभावी ढंग से चल रहा है। यह राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच नियमित संपर्कों पर आधारित है। हमारे नेताओं के बीच अगली पूर्ण वार्ता की तारीखें तय करना महत्वपूर्ण है। मॉस्को के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात भारत के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी को व्यापक रूप से मजबूत करना है, जो आपसी सम्मान, विश्वास, एक-दूसरे के हितों के प्रति समान विचार और एक एकीकृत एजेंडे को बढ़ावा देने की इच्छा पर आधारित है।*

#### वार्ता का ठोस परिणाम निकलेगा

उन्होंने कहा कि हम एक नई, अधिक न्यायसंगत और टिकाऊ विश्व व्यवस्था बनाने, अंतरराष्ट्रीय कानून के शासन को सुनिश्चित करने और आधुनिक चुनौतियों और खतरों का संयुक्त रूप से मुकाबला करने के लिए सक्रिय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डोभाल ने आशा व्यक्त की कि शिखर सम्मेलन द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए नई दिशाएं प्रदान करेगा और वार्ता का ठोस परिणाम निकलेगा।



धराली हादसाः 400 लोग अभी भी फंसे

# 9 सैन्यकर्मी सहित 50 अभी भी लापता, 274 लोगों को बचाया

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड राज्य के धराली में हुए हादसे में अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। प्रशासन के हवाले से सेना ने बताया कि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। इनमें एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और 8 शामिल हैं। वहीं, आर्मी के 9 जवानों और 3 सिविलियंस को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को एम्स ऋषिकेश, 9 लोगों को उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों में करीब 400 लोग फंसे हैं। वहां से अब तक 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। सभी को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने का काम जारी है। रेस्क्यू और राहत कार्यों में 479 अधिकारी और सदस्य सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इसके अलावा, राहत कार्य के लिए तैनात 814 अन्य सदस्य अलग-अलग स्थानों से रवाना किए गए हैं। दरअसल, उत्तरकाशी जिले के धराली में मंगलवार 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। गंगोत्री के पहाड़ों से बहने वाली खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकेंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था।

राहत कार्य में जुटे हैं 814 रेस्क्यू कर्मी

294 बेड्स और 65 आईसीयू बेड्स की व्यवस्था

सीएम पुष्कर धामी स्थिति की निगरानी कर रहे

## प्रभावित लोगों को उत्तरकाशी और देहरादून भेजा



राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि अब तक गंगोत्री और अन्य क्षेत्रों से कुल 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है, जिनमें गुजरात के 131, महाराष्ट्र के 123, मध्य प्रदेश के 21, उत्तर प्रदेश के 12, राजस्थान के 6, दिल्ली के 7, असम और कर्नाटक के 5-5, तेलंगाना के 3 और पंजाब का एक व्यक्ति शामिल हैं। सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं और इन्हें उत्तरकाशी या देहरादून भेजा जा रहा है। हर्षिल से अब तक 190 लोगों को आईटीबीपी मातली शिफ्ट किया जा चुका है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ राहत व बचाव कार्यों में जुटी हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।



### 6 हेलिकॉप्टर बचाव अभियान में लगे

रेस्क्यू ऑपरेशन में वायुसेना के चिनूक और एमआई-17 सहित कुल 6 हेलिकॉप्टर, राज्य सरकार की ओर से युकाड़ा द्वारा तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 2 अन्य हेलिकॉप्टर लगाए जा रहे हैं और अगले दिन से कुल 8 हेलिकॉप्टर को ऑपरेशन में लगाया जाएगा। सेना के एचएएल और चीता हेलिकॉप्टरों के जरिए भी सुबह 7 बजे से ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

### मेडिकल टीम और एंबुलेंस तैनात

धराली में एक मेडिकल टीम, एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट और एक एंबुलेंस तैनात है। हर्षिल में 7 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम एसएमओ मेडिसिन के साथ कार्यरत है। मातली में आईटीबीपी के 2 डॉक्टर व स्वास्थ्य विभाग के 4 विशेषज्ञ और धर्मशाला उत्तरकाशी में 8 विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए गए हैं। कुल मिलाकर 294 बेड्स और 65 आईसीयू बेड्स की व्यवस्था की गई है।

### खाद्य सामग्री भेजी जा रही

इस आपदा में अब तक 2 लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि 9 सैन्यकर्मी और 7 आम नागरिक अभी भी लापता हैं। राहत कार्य में तेजी लाने के लिए आईसीपी धराली अब फंक्शनल हो चुकी है और एनडीआरएफ का क्विक रिस्पॉन्स यूनिट भी सक्रिय किया जा रहा है। लोगों तक भोजन पहुंचाने के लिए 2,000 'रेडी टू इट' फूड पैकेट हर्षिल भेजे गए हैं। इसके अलावा, फूड एंड सप्लाई विभाग की ओर से नियमित रूप से सूखा राशन और अन्य खाद्य सामग्री भेजी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### रशियन लड़की ने गाई कन्नड़ भाषा की कविता



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इसमें एक रूसी बच्ची अपनी भारतीय दोस्त के साथ कन्नड़ भाषा की एक लोकप्रिय कविता गा रही है। इसमें दोनों बच्चियां साइकिल चला रही हैं और कन्नड़ भाषा की बच्चों की कविता 'बन्नादा हक्की' गा रही हैं। हिंदी में इसका मतलब रंगीन पक्षी होता है।इस वीडियो को रूसी बच्ची की मां ने सोशल मीडिया पर शेयर किया था। देखते ही देखते यह वायरल हो गया। यह परिवार 2022 में रूस से भारत आया था।

### कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिंट स्वे का निधन



**यांगून।** म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिंट स्वे का गुरुवार सुबह राजधानी ने नेपी ताव में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा परिषद (एनडीएससी) ने बताया कि स्वे को एक साल पहले पार्किंसन रोग और अन्य संबंधित तंत्रिका संबंधी समस्याएं सामने आईं थीं। उनका सिंगापुर और देश के सैनिक अस्पताल कराया गया लेकिन जुलाई 2025 में उनकी हालत बिगड़ना प्रारंभ हो गया।

आयरलैंड में भारतीय मूल की बच्ची के साथ शर्मनाक हरकत

# 6 साल की मासूम के निजी अंगों पर की चोट 'डर्टी इंडियन' कहकर वापस जाने की दी धमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*बच्ची ने अपनी मां को बताया कि कई लड़कों में से पांच लोगों ने उसके चेहरे पर मुक्के मारे। उनमें से एक लड़के ने साइकिल का पहिया उसके निजी अंगों पर दे मारा जिससे उसे बहुत दर्द हुआ। उन्होंने उसे 'डर्टी इंडियन वापस जाओ' जैसे शब्द कहे*

आयरलैंड के वॉटरफोर्ड में एक भारतीय मूल की 6 साल की बच्ची पर उसके घर के बाहर बच्चों के ही एक समूह ने हमला कर दिया। हमला करने वाले बच्चों ने उस 6 साल की बच्ची के चेहरे पर मुक्का मारा और उसके निजी अंगों पर भी वार किए। इसके साथ ही वे बच्चे 6 साल की मासूम के सामने लगातार चिल्ला रहे थे कि वह भारत वापस जाए। बच्ची इस हमले से काफी सहम गई। इस दर्दनाक घटना को लेकर बच्ची की मां अनुपा अच्युतन ने कहा कि हमला सोमवार की शाम को तब हुआ था, जब वह घर के बाहर खेल रही थी।

उन्होंने बताया कि छह साल की बच्ची पर हमला करने वाले बच्चों के गिरोह में आठ साल की एक लड़की और 12 से 14 साल के बीच के कई लड़के शामिल थे। बच्ची ने अपनी मां को बताया कि कई लड़कों में से पांच लोगों ने उसके चेहरे पर मुक्के मारे। उनमें से एक लड़के ने साइकिल का पहिया उसके प्राइवेट पर दे मारा जिससे उसे बहुत दर्द हुआ। उन्होंने उसे 'डर्टी इंडियन वापस जाओ' जैसे शब्द कहे। बच्ची ने बताया कि उसकी गर्दन पर मुक्के मारे और उसके बाल खींचे।

बच्चों के गिरोह ने किया हमला इनमें 8 साल की भी लड़की

*पांच लोगों ने चेहरे और गर्दन पर मुक्के मारे, बाल खींचे*



### मां के घर के अंदर जाने के बाद हुई यह घटना

अच्युतन ने बताया कि मेरे पति रात की ड्यूटी पर थे। वह काम पर गए थे, और मैं अपने दस महीने के बच्चे और छह साल की बच्ची के साथ अकेली थी। मेरा बच्चा रोने लगा क्योंकि यह उसके दूध पीने का समय था, इसलिए मैंने निया को बताया कि मैं घर के अंदर आ जाऊंगी और वह अपने दोस्तों के साथ खेल सकती है और मैं बच्चे को दूध पिलाने के बाद एक सेकंड में वापस आ जाऊंगी।

मां ने बताया

### हमले से सहमी बच्ची, रोती रही

अच्युतन ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ बाहर गई थी। मैं घर के सामने ही उन पर नजर रख रही थी। वे साथ खेल रहे थे और मुझे लगा था कि वे सुरक्षित हैं। तभी बाहर खेल रही बच्ची के साथ ये सारी घटना हुई। अच्युतन ने बताया कि उनकी बेटी जब घर में दाखिल हुई तो वह रो रही थी और बोल भी नहीं पा रही थी। वह बेहद डरी हुई और परेशान थी।

### पुलिस के पास दर्ज कराई शिकायत

बच्ची की मां ने घटना की शिकायत गर्दा (आयरिश पुलिस) से की है लेकिन किसी सजा की मांग नहीं की। उनका कहना है कि मैं चाहती हूं कि उन्हें काउंसलिंग और सही दिशा दी जाए। हम यहां प्रोफेशनल्स हैं, हमने आयरलैंड में काम करने के लिए खूब मेहनत की है। हम पिछले 8 साल से यहां रह रहे हैं। इस घटना ने आयरलैंड में भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

### भारतीयों पर अब तक तीन हमले हुए

पिछले महीने डबलिन के एक उपनगर में एक 40 वर्षीय भारतीय व्यक्ति को भी किशोरों के एक गिरोह ने पीटा और सार्वजनिक रूप से नग्न कर दिया था। 19 जुलाई के बाद से डबलिन में भारतीयों पर तीन हमले सामने आ चुके हैं। बता दें कि इससे पहले आयरलैंड में एक भारतीय मूल के वरिष्ठ डेटा वैज्ञानिक पर कुछ युवाओं के ग्रुप ने क्रूरतापूर्वक हमला किया था।

उधमपुर में बड़ा हादसा, जांच जारी

# जवानों से भरी बस 200 फीट गहरी खाई में गिरी, 3 शहीद, 15 घायल



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में गुरुवार को बड़ा हादसा हुआ है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से भरी बस खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवान बलिदान हो गए हैं। कई जवान घायल हो गए। घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन की एक बंकर गाड़ी उधमपुर जिले में कदवा से बसंत गढ़ जाते समय करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन जवान बलिदान हो गए। जबकि 15 जवान घायल हो गए। घायलों का इलाज पीएचसी बसंतगढ़ में चल रहा है, जबकि 8 गंभीर रूप से घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की पुष्टि बसंतगढ़ के एएसपी संदीप भट और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर द्वारा की गई है।

### केंद्रीय मंत्री ने जताया शोक

*केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया कि उधमपुर में कंदवा-बसंतगढ़ क्षेत्र में सीआरपीएफ का एक वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया। इस हादसे में कुछ जवानों के बलिदान की खबर सुनकर व्यथित हूं। वाहन में सीआरपीएफ के कई बहादुर जवान सवार थे। मैंने अभी-अभी डीसी सलोनी राय से बात की है, जो व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रही हैं और मुझे जानकारी दे रही हैं। बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिए गए हैं। स्थानीय लोग स्वेच्छा से सहायता के लिए आगे आए हैं। हर संभव मदद सुनिश्चित की जा रही है।*

### बस में 18 जवान सवार थे

एएसपी संदीप भट ने बताया कि बस में 18 जवान सवार थे। यह हादसा सुबह लगभग 10:30 बजे यह हादसा हुआ। बस जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में कदवा से बसंत गढ़ जा रही थी। इसी दौरान बस खाई में गिर गई। हादसे की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। लेकिन वाहन की तकनीकी खराबी या सड़क की स्थिति मानी जा रही है, लेकिन जांच जारी है।

ट्रंप ने फिर दी भारत को चेतावनी

# ... आपको और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा, लगाएंगे कई अतिरिक्त प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

टैरिफ को लेकर भारत और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। वहीं, अब एक बार फिर उन्होंने बड़ा बयान दिया है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए ट्रंप ने रूस से लगातार तेल खरीद को लेकर और अधिक टैरिफ लगाने की चेतावनी दी।

दरअसल, जब ट्रंप से पूछा गया कि भारतीय अधिकारियों का कहना है चीन जैसे अन्य देश भी रूसी तेल खरीद रहे हैं। आप इन अतिरिक्त प्रतिबंधों के लिए भारत को ही क्यों जिम्मेदार ठहरा रहे हैं? इस पर ट्रंप ने जवाब देते हुए कहा कि अभी तो सिर्फ़ आठ घंटे ही हुए हैं। देखते हैं क्या होता है। आपको और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। आपको कई अतिरिक्त प्रतिबंध देखने को मिलेंगे।



### चीन के साथ भी ऐसा ही करेंगे

*चीन पर अधिक टैरिफ लागू करने के सवाल पर ट्रंप ने कहा कि ऐसा हो सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम इसे कैसे करते हैं। मुझे नहीं पता, मैं अभी आपको नहीं बता सकता। लेकिन हमने भारत के साथ ऐसा किया है। हम संभवतः कुछ अन्य देशों के साथ भी ऐसा कर रहे हैं, जिनमें से एक चीन हो सकता है।*

### यूसीएलए की फंडिंग रोकी

ट्रंप प्रशासन ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजेलिस (यूसीएलए) की 584 मिलियन डॉलर (लगभग 4,900 करोड़) की संघीय रिसर्च अनुदान को सस्पेंड कर दिया है। यह राशि पहले अनुमान से लगभग दोगुनी है। यूसीएलए के चांसलर जूलियो फ्रेंक ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। यह पहली बार है जब किसी सरकारी यूनिवर्सिटी की फंडिंग इस तरह नस्लीय भेदभाव और यहूदी विरोधी माहौल के आरोपों को लेकर रोकी गई है। इससे पहले निजी यूनिवर्सिटीज पर ऐसे कदम उठाए गए थे।

जम्मू-कश्मीर सरकार का बड़ा फैसला

# अलगाववाद, आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली 25 किताबें की प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

आतंकियों और अलगाववादियों के पारिस्थितिक तंत्र को नष्ट करने के अभियान के तहत जम्मू-कश्मीर प्रदेश सरकार ने 25 किताबों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें एजी नूरानी की द कश्मीर डिस्प्यूट 1947-2002, अरुंधति राय की आजादी और अनुराधा भसीन जम्वाल की ए डिसमेंटल्ड स्टेट (द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ कश्मीर आफ्टर आर्टिकल 370) भी शामिल है। प्रतिंबंधित किताबें जम्मू कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद का प्रचार करने वाली, जम्मू कश्मीर के संदर्भ में भारत के वैधानिक दावे को नकारने और स्थानीय युवाओं में भारत की एकता अखंडता के प्रति नफरत और बगावत की भावना पैदा करने वाली हैं। जम्मू कश्मीर गृह विभाग के अनुसार, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के निर्देशानुसार, 25 किताबों पर पाबंदी लगाई गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार के संज्ञान में आया था कि जम्मू कश्मीर में कुछ ऐसी किताबें और साहित्य को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिनमें कश्मीर के संदर्भ में तथ्यों को गलत तरीके से पेश करते हुए कश्मीरियों को मुख्यधारा से विमुख करने का प्रयास किया गया।



अरुंधति राय

पंजाब में टला बड़ा आतंकी हमला!

# आईएसआई-बब्बर खालसा के निशाने पर था तरनतारन, आईईडी जब्त किया

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब के तरनतारन में पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के समर्थन से चल रही आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किए गए इस ऑपरेशन में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के पाकिस्तान-आधारित आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और कनाडा-आधारित आतंकी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के खतरनाक मंसूबों को ध्वस्त किया गया। एजीटीएफ ने तरनतारन पुलिस के साथ मिलकर एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किया, जिसे आतंकी हमले के लिए इस्तेमाल करने की साजिश थी। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने कहा कि एजीटीएफ ने आईएसआई और बीकेआई की साजिश को नाकाम किया। हम पंजाब को आतंकमुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



लखबीर सिंह | हरविंदर सिंह

### विस्फोटक निष्क्रिय किया

तरनतारन में रिंदा के गुर्गे आईईडी प्लांट करने की फिराक में हैं। पुलिस ने रिंदा के साथियों तक पहुंचने से पहले आईईडी को बरामद कर लिया। फिर इसे सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया, और विस्फोटक आयुध निपटान टीम ने सावधानीपूर्वक आईईडी को निष्क्रिय किया।

### भीड़भाड़ वाले इलाकों में विस्फोट की साजिश

पाकिस्तान की आईएसआई के इशारे पर बीकेआई के हरविंदर रिंदा और लखबीर लांडा पंजाब में बड़े पैमाने पर आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। यह आईईडी पुलिस स्टेशनों, सरकारी इमारतों या भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विस्फोट के लिए तैयार किया गया था। रिंदा और लांडा ने थानीय गुर्गों को जिम्मेदारी दी थी।

केंद्रीय मंत्री ने बताया ग्लोबल वेलनेस टूरिज्म मार्केट में भारत की स्थिति सुधर रही

# अप्रैल तक 1.3 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक चिकित्सा के लिए आए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को संसद को बताया कि ग्लोबल वेलनेस टूरिज्म मार्केट में भारत की स्थिति में सुधार आ रहा है। इस वर्ष अप्रैल तक 1.3 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक चिकित्सा उद्देश्यों के लिए भारत आए।

उन्होंने कहा कि अप्रैल 2025 तक इस अवधि के दौरान भारत में चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आने वाले विदेशी पर्यटकों (एफटीए) की कुल संख्या 1,31,856 है। यह इस अवधि के दौरान कुल एफटीए का लगभग 4.1 प्रतिशत है। पिछले पांच वर्षों में चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आने वाले एफटीए की संख्या में वृद्धि हुई है, जिनमें से अधिकांश बांग्लादेश, इराक, सोमालिया, ओमान और उज्बेकिस्तान से आते हैं।

### खास बातें

- भारत में चिकित्सा पर्यटन व्यवसाय करीब 9 अरब डॉलर
- वैश्विक चिकित्सा पर्यटन सूचकांक में भारत 10वें स्थान पर



### निजी क्षेत्र की साझेदारी में 'हील इन इंडिया'

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चिकित्सा उद्देश्यों के लिए एफटीए की संख्या 2020 में 1.8 लाख से बढ़कर 2024 में 6.4 लाख हो गई। हालांकि, 2023 की तुलना में 2024 में इसमें गिरावट आई। 2023 में विदेशी पर्यटकों की संख्या 6.5 लाख रही। इस वर्ष की शुरुआत में, केंद्रीय बजट में देश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में 'हील इन इंडिया' अभियान की घोषणा की गई थी। यह अभियान क्षमता निर्माण के लिए उचित उपाय करता है, जिसमें अस्पताल, सार्वजनिक संघ और व्यापार निकाय आदि शामिल हैं।*

### 171 देशों के लिए ई-मेडिकल वीजा सुविधा

इसके अलावा, चिकित्सा उपचार के लिए विदेशी नागरिकों के भारत आने की सुविधा के लिए, सरकार ने 171 देशों के नागरिकों के लिए ई-मेडिकल वीजा/ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा सुविधा का विस्तार किया है। भारत में चिकित्सा पर्यटन का अनुमानित आकार लगभग 9 अरब डॉलर है। वैश्विक चिकित्सा पर्यटन सूचकांक में भारत 10वें स्थान पर है।

### चिकित्सा वीजा प्रावधान लागू

मंत्रालय के अनुसार, 2023 में, सरकार ने देश में स्वास्थ्य और कल्याण उपचार चाहने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के प्रवेश को सुगम बनाने के लिए चिकित्सा वीजा प्रावधान लागू किए। इससे चिकित्सा पर्यटन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 के बीच भारत में इलाज कराने आए विदेशियों को लगभग 123 नियमित आयुष वीजा और 221 ई-आयुष वीजा जारी किए गए।

गोल्डी और लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

# कपिल शर्मा के कनाडा के कैफे पर फिर फायरिंग, कोई हताहत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा के सरे शहर स्थित कैफे पर एक बार फिर फायरिंग की घटना सामने आई है। ये दूसरी बार है जब उनके कैफे को निशाना बनाया गया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग एक कार में बैठकर कैफे की ओर गोलीबारी करते नजर आ रहे हैं। इसी बीच गोल्डी ढिल्लन और लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस फायरिंग की जिम्मेदारी ली है। उसने सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए दावा किया कि हमला उसी के गिरोह ने किया है। पोस्ट में दावा किया है कि हमने इसको (संभवतः



टारगेट को) कॉल की थी, इसको रिंग नहीं सुनाई दी तो कार्रवाई करनी पड़ी। अब भी रिंग नहीं सुनेगा तो अगली कार्रवाई जल्द ही मुंबई में करेंगे। सर्रे पुलिस सेवा ने बताया कि उसे 10 जुलाई की रात 1:50 बजे 120 स्ट्रीट के 8400 ब्लॉक में स्थित एक प्रतिष्ठान में गोलीबारी की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि गोलियां प्रतिष्ठान की ओर चलाई गई थीं, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ।

# आला अफसरों को तलब किया तो बैंक ने आननफानन में भुगतान कर दिया

**जबलपुर।** बैंक की हीलाहवाली के चलते एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को पेंशन पाने सात साल तक भटकना पड़ा। जब इस मामले में हाईकोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के आला अफसरों को तलब किया तो बैंक ने आननफानन में भुगतान कर दिया। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने बैंक के कृत्य पर नाराजगी जताते हुए कहा कि देरी के लिए बैंक ने कोई वाजिब कारण नहीं बताया। कोर्ट ने एसबीआई को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता को एक सितंबर 2019 से जुलाई 2025 तक की पेंशन पर 6 फीसदी ब्याज प्रदान करें। इसके लिए 3 माह की मोहलत दी गई।

जबलपुर निवासी अशोक सिंघाई जल संसाधन विभाग राजगढ़ से 31 दिसंबर 2017 को सेवानिवृत हुए थे। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जिला पेंशन ऑफिसर ने पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ) 18 मई 2018 को जारी किया था। लेकिन, बैंक द्वारा मात्र 9 महीने तक ही पेंशन दी गई, इसके बाद बिना कारण बताए पेंशन राशि रोक दी गई। बैंक की जवाहरगंज ब्रांच जबलपुर द्वारा याचिकाकर्ता को पेंशन का भुगतान नहीं करने पर 2022 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। विगत सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एसबीआई हेड भोपाल को उपस्थित होने के निर्देश दिए। इसके बाद बैंक ने पेंशन की पूरी राशि का भुगतान किया।

## परीक्षण प्रयोगशालाओं की मान्यता संबंधी संशोधित शर्त मनमानी नहीं



मप्र हाईकोर्ट ने एक टिप्पणी में कहा कि परीक्षण प्रयोगशालाओं की मान्यता संबंधी संशोधित शर्त मनमानी नहीं है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने याचिका निरस्त कर दी । याचिका के जरिए भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा प्रयोगशाला मान्यता योजना के तहत एशिया प्रशांत प्रयोगशाला मान्यता निगम व अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशाला मान्यता निगम का सदस्य होने की संशोधित शर्त को मनमाना करार देते हुए चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने साफ किया कि भारतीय प्रयोगशालाओं के मानक को बढ़ाने के उद्देश्य से योजना तैयार की गई है। दरअसल, वीनस परीक्षण व अनुसंधान प्रयोगशाला बीना, जिला सागर के मालिक प्रेम प्रकाश की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि भारतीय मानक ब्यूरो ने प्रयोगशाला पुनर्गठन योजना तैयार की है। जिसमें यह शर्त शामिल है कि प्रयोगशाला को परीक्षण के संबंधित क्षेत्र जैसे यांत्रिक, विद्युत, रासायनिक या सूक्ष्मजैविक में आईएस, आईएसओ, आईईसी से मान्यता प्राप्त होनी चाहिए। प्रयोगशाला को मान्यता प्रदान करने वाली संस्था एशिया प्रशांत प्रयोगशाला प्रत्यायन निगम या अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशाला प्रत्यायन निगम की पूर्ण सदस्य होना चाहिए। याचिका में कहा गया था कि भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 1986 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत ऐसे निकाय से मान्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करने का कोई प्रविधान नहीं है। बीआइएस एक राष्ट्रीय मानक निकाय है और प्रयोगशाला मान्यता के उद्देश्य से योजनाएं तैयार करने के लिए अधिकृत है। एपीएलएसी और आईएलएसी का देश में कोई कार्यालय नहीं है। इसके अलावा आईएस, आईएसओ,आईईसी की मान्यता प्रदान करने के लिए अत्यधिक शुल्क लिया जा रहा है। ऐसी शर्त लगाकर उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से बताया गया कि बीआईएस अधिनियम के तहत भारतीय मानक ब्यूरो की स्थापना की गई है। बीआईएस ने प्रयोगशालाओं के उच्च मानकों को बनाए रखने के उद्देश्य से उक्त शर्त शामिल की गई है। याचिकाकर्ता को एपीएलएसी या आईएलएसी की सदस्यता प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल उस संस्थान से मान्यता प्रमाणपत्र प्राप्त करना आवश्यक है, जो एपीएलएसी या आईएलएसी का सदस्य है।

## रक्षाबंधन के दिन मातृशक्तियों के लिए निशुल्क चलेंगी मेट्रो बसें

**जबलपुर।** रक्षाबंधन का त्यौहार भारतीय संस्कृति और पंचाग के अनुसार कल धूम-धाम से मनाया जायेगा। भाई-बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शहर के प्रथम नागरिक एवं प्रथम सेवक महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने विशेष पहल करते हुए माताओं, बहनों और मातृ शक्तियों को अनूठा उपहार दिया है। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" के आग्रह पर शहरी परिवहन सेवा के अंतर्गत संचालित मेट्रो बसें चलेंगी जिसमें माताओं बहनों एवं मातृ शक्तियों को किसी भी प्रकार का किराया नहीं देना पड़ेगा। महापौर ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए उन्होंने जबलपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के अधिकारियों से चर्चा की एवं अपनी भावनाओं से अवगत कराया जिसे स्वीकार करते हुए अधिकारियों ने रक्षाबंधन के अवसर पर शहरी परिवहन सेवा के अंतर्गत मेट्रो बसें निःशुल्क चलाने पर अपनी खुशी से सहमति दे दी है।रक्षाबंधन के अवसर पर माताओं बहनों एवं मातृ शक्तियों को मेट्रो बस में सफर के लिए किसी भी प्रकार का किराया नहीं देना पड़ेगा। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि माताओं बहनों एवं मातृ शक्तियों की सेवा के लिए वे सदैव संकल्पित रहे हैं और आगे भी उनकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर शहर की माताओं बहनों एवं मातृ शक्तियों के लिए उनकी ओर से उपहार है और आने वाले दिनों में वे इस तरह के और भी प्रयास करते हुए जनहित में निर्णय लेंगे एवं माताओं बहनों और मातृ शक्तियों के हित में अनेक कल्याणकारी कार्य भी करेगें। इस अवसर पर उन्होंने संस्कारधानी के सभी माताओं, बहनों एवं मातृ शक्तियों को रक्षाबंधन पवित्र पर्व की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी है।



# स्वच्छ ऊर्जा दृष्टिकोण को सशक्त बनाना जीएसआई का लक्ष्य

**जबलपुर।** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) अपने 175वें स्थापना वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महत्वपूर्ण खनिजः अन्वेषण और दोहन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन का उद्घाटन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा और जीएसआई के महानिदेशक असित साहा ने किया। इस कार्यक्रम में मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (एमईसीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आई. डी. नारायण और परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी) के निदेशक धीरज पांडे के साथ-साथ विभिन्न हितधारकों, नीति निर्माताओं, आईआईटी/विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और शिक्षा जगत के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**जबलपुर में महत्वपूर्ण खनिजों पर राष्ट्रीय सम्मेलन**

उन्नत प्रौद्योगिकियों और उच्च-स्तरीय औद्योगिक विकास के इस युग में, महत्वपूर्ण खनिज नवीकरणीय ऊर्जा, विद्युत गतिशीलता और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नवाचारों को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत द्वारा 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन और 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य के साथ, इन रणनीतिक संसाधनों की मांग तेज़ी से बढ़ रही है।अपने उद्घाटन भाषण में, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने अन्वेषण प्रयासों में तेजी लाने और आयात पर निर्भरता कम करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया और भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और तकनीकी आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण खनिजों की रणनीतिक भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने महत्वपूर्ण खनिज अन्वेषण के क्षेत्र में और खनिज क्षेत्र के विकास के लिए एक मज़बूत आधार तैयार करने में जीएसआई की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।जीएसआई के महानिदेशक असित साहा ने महत्वपूर्ण खनिजों पर राष्ट्रीय सम्मेलन में अपने संबोधन में जीएसआई की 175 साल की यात्रा पर प्रकाश डाला किया, जिसमें कोयला अन्वेषण पर इसके शुरुआती फोकस से लेकर विविध भूवैज्ञानिक क्षेत्रों में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान के रूप में उभरने तक की यात्रा शामिल है।

### उपभोक्ता मंच को कलेक्टर ने दिया आश्वासन

# दूध के दामों को लेकर प्रशासन करेगा डेयरी वालों से चर्चा

**जबलपुर।**



दूध के दामों में अचानक से तीन रुपए लीटर की वृद्धि किए जाने को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। दरअसल तीन रुपए बढ़ाए जाने से दूध के दाम 73 रुपए लीटर कहने को हो गए है लेकिन दूध के 1 लीटर के असल रेट 75 रुपए लीटर और आधा लीटर 40 रुपए हो गए है। इस तरह से देखा जाए तो आदमी को 80 औसतन रेट दूध पड़ रहा है। इस संबंध में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने यहां जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना से भेंट की और चर्चा के दौरान उन्हें बताया कि मप्र में सबसे ज्यादा महंगा दूध जबलपुर में ही बिक रहा है। संभाग के कटनी नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, डिडौरी और मंडला में 60 से 65 रुपए तक दूध बिक रहा है। जबकि रीवा, सतना, सागर, दमोह में 62 रुपए और शहडोल, अनूपपुर, पन्ना, छत्तरपुर में 60 रुपए लीटर दूध बिक रहा है। अन्य जिलों की तुलना में 8 से 10 रुपए लीटर दूध बिक रहा है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने उपभोक्ता मंच को आश्वस्त कराया है कि शीघ्र ही दूध डेयरी वालों की बैठक कराई जाएगी और दूध के दामों का निर्धारण कराया जायेगा। डॉ. पी.जी.नाजपांडे ने बताया कि राज्य सरकार ने कलेक्टर जबलपुर को निर्देश जारी किये है की दूध तथा दूध उत्पादों की कीमतें आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत तय नहीं की जायेगी, लिहाजा रेट्स की मॉनिटरिंग की जाये । उपभोक्ता मंच द्वारा दायर जनहित याचिका के सिलसिले में म.प्र. हाईकोर्ट में सरकार की ओर से अंडरटेकिंग दी गई हैं। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने स्वयं 1 अगस्त 2025 के स्थिति पर 15 जिलों में दूध के रेट्स की जानकारी ली तब सच्चाई सामने आयी की इन जिलों की तुलना में जबलपुर में दूध 8 से 10 रूपय मंहगा है । यह भी जाकारी कलेक्टर को प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर डी.आर.लखेरा, सुशीला कनौजिया, गीता पाण्डे, उमा दाहिया तथा राममिलन शर्मा उपस्थित थे।

## मौसम खुलते ही तापमान ने मारी उछाल

**जबलपुर।** मौसम खुलते ही पारा उछाल मारने लगा है। बीच -बीच में बादल आये जःर, लेकिन बरसे नहीं। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल मानसून की सक्रियता शिथिल पड़ गई है। बंगाल की खाड़ी में हवा के कम दवाब का क्षेत्र बन रहा है, जिसके सक्रिय होने में 48 घंटे का समय लग सकता है। तब तक मौसम का मिजाज वैसा ही रहेगा, जैसा कि अभी है। बारिश थमने और तापमान में उछाल आने से उमस भी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले दिनो बंगाल की खाड़ी से आये चक्रवात आगे बढ़ जाने के बाद हवा के कम दबाव का क्षेत्र बिखर गया है, जिससे मौसम खुल गया। सूर्य देव के प्रभावी होने से तापमान को इतराने का मौका मिल रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया।

# मन को शांत रखना ही है असली वीरता

### 6वीं बटालियन रांझी में तनावमुक्त जीवनशैली पर ब्रह्माकुमारी संस्था के सहयोग से हुई कार्यशाला

**हरिभूमि, जबलपुर।**

तेजी से भागती ज़िंदगी, सेवा की कठिन चुनौतियाँ और बढ़ते मानसिक दबाव के बीच यदि सबसे जरूरी कुछ है, तो वह है मन की स्थिरता और आत्मिक संतुलन। इसी भावना के तहत 6वीं बटालियन रांझी, जबलपुर में 'तनावमुक्त जीवन जीने की कला' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह आयोजन कमांडेंट सिद्धार्थ चौधरी के मार्गदर्शन में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से बटालियन के सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ।

कार्यशाला में ब्रह्माकुमारी संस्थान की भावना बहन, गीता बहन और वर्षा बहन ने राजयोग ध्यान, आत्म-चिंतन और सकारात्मक विचारों के माध्यम से तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने कहा आत्म-जागरूकता से ही हम इंद्रियों पर नियंत्रण पाकर, तनाव से मुक्त जीवन की ओर बढ़ सकते हैं। जब मन स्थिर होता है, तभी निर्णय स्पष्ट होते हैं। कमांडेंट सिद्धार्थ चौधरी ने पुलिस जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन ड्यूटी, पारिवारिक दबाव और सामाजिक ज़िम्मेदारियों के चलते इन सबसे मानसिक संतुलन बिगड़ सकता है। ऐसे में ब्रह्माकुमारी संस्था जैसी आध्यात्मिक संस्थाओं का मार्गदर्शन जवानों को भीतर से सशक्त बनाता है। कार्यक्रम में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. श्याम और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पा पांडे ने भी तनाव के शारीरिक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए मानसिक स्वास्थ्य को सर्वोपरि बताया।



### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट अभिषेक राजन, लामु सिंह श्याम, असिस्टेंट कमांडेंट मोहंती मरावी, प्रियंका तिवारी, रिटायर्ड डीएसपी सारिका पांडे, डीएसपी रीना पांडे सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, जवान व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## पकड़े गए 35 हजार 921 अनियमित रेलयात्री

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाडियों में चलाये जा रहे सघन टिकिट जाँच अभियान में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है जिसके तहत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के चौथे माह (1 जुलाई से 31 जुलाई 2025) में मंडल के टिकिट जांच अभियान ने रिकार्ड 3 करोड़ 7 लाख रूपये का राजस्व एकत्रित किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के मार्गदर्शन एवं श्री शशांक गुप्ता के नेतृत्व पर जबलपुर रेल मंडल में सहायक वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में बनी टीम के द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में चलाए गए विभिन्न जांच अभियानों के अंतर्गत तथा नियमित टिकट जांच के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा बिना टिकट/अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सघन जांच की गई। जाँच के दौरान चालू वित्तीय वर्ष के चौथे माह में बिना टिकट यात्रा के 35 हजार 921 मामले पकड़े गए, जिनसे रेलवे को रुपये 3 करोड़ 7 लाख का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इसी तरह निम्न दर्जे की टिकिट पर उच्च दर्जे में यात्रा करते हुए 41 हजार 393 यात्री पकड़े गए, जिनसे रेलवे को रुपये 2 करोड़ 59 लाख का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार यात्रा में निर्धारित मानक से अधिक भार के लगेज को लेकर यात्रा करने के 672 मामले पकड़े गए, जिनसे रुपये 1 लाख 19 हजार का रेल राजस्व प्राप्त हुआ । इस प्रकार दिनांक 01 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक की गई टिकट जांच के दौरान बिना टिकट/अनियमित टिकट एवं बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करने के पकड़े गए कुल 78 हजार से अधिक मामले से रेलवे को रुपये 5 करोड़ 67 लाख राजस्व की प्राप्ति हुई।



## कॅरियर विकल्प राखी एवं मेहंदी पर कार्यशाला

**जबलपुर।** महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत "कॅरियर विकल्प राखी एवं मेहंदी" दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें लगभग में महाविद्यालयों के 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विषय विशेषज्ञ डॉ. मनीषा सक्सेना ने बताया कि विद्यार्थियों को तिरंगा राखी, रेशन राखी, गोटा राखी, कुंदन राखी आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। वर्कशाप में लगभग 150 राखी विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई। विद्यार्थियों को मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ ही प्राध्यापकों ने भी हिस्सा लिया।प्रो. अरुण शुक्ल ,संभागीय समन्वयक ने बताया कि स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्कशाप के समापन अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा स्वंय बनाई गई तिंरगा राखियों की प्रदर्शनी विक्रय हेतु लगाई गई। प्रो. शुक्ल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की सांस्कृतिक चेतना और रचनात्मक को प्रेरणा देते है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में उक्त कार्यशाला आयोजित हुई। इस अवसर पर डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. पुष्पा तनेजा, डॉ. मृत्युजंय सिंह, डॉ. जयराम सिंह, डॉ. नीलू रघुवंशी, डॉ. शुभांगी धगट, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. रितुरानी, श्रीमती लल्ला बाई लोधी, डॉ. स्वाति मिश्रा, डॉ. मुक्ति मिश्रा, डॉ. नीलिमा के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### गढा की चार बड़ी नकबजनियों का खुलासा, 25 लाख का माल बरामद पांच आरोपी गिरफ्तार

# गिरोह बनाकर रैकी के बाद करते थे चोरी

**शातिर गिरोह से जेवर, डीवीआर और स्कूटी सहित भारी माल जब्त, मास्टरमाइंड पर दर्ज हैं 55 से अधिक अपराध**

**हरिभूमि, जबलपुर।**

गढा पुलिस ने चार बड़ी नकबजनियों का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात, डीवीआर व एक स्कूटी सहित करीब 25 लाख रुपये का माल जब्त किया गया है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में एएसपी सिटी आनंद कलादगी ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरोह का सरगना जबलपुर और भोपाल में 55 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित रह चुका है। एएसपी कलादगी ने बताया कि चोरी की चार घटनाएं एक ही गिरोह ने अंजाम दिया था। पहला मामला शक्ति नगर निवासी दीपक नैयर, दूसरा नीरज नारंग, तीसरा सैनिक सोसायटी निवासी मुक्ति और चौथा प्रेम नगर के हरमिंदर सिंह से जुड़ा है। सभी मामलों में आरोपियों ने सुनसान घरों और दुकानों को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवर, नगदी और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की चोरी की थी।

### चोरी कर बेच देते थे माल

गिरफ्तार आरोपियों में सूरज गौड़, विजय उर्फ नाटी बैरागी, आर्यन मल्लाह, प्रेमनाथ उर्फ पप्पू मल्लाह और उसकी पत्नी दीक्षा पटेल मल्लाह शामिल हैं। सभी आरोपी 19 से 51 वर्ष के बीच की उम्र के हैं। पुलिस ने बताया कि सूरज, विजय और आर्यन ने चोरी की वारदातों को अंजाम दिया और चुराया हुआ माल प्रेमनाथ मल्लाह और उसकी पत्नी को बेचा जाता था।



### 55 अपराधों में शामिल रहा मास्टरमाइंड

गिरोह का मास्टरमाइंड प्रेमनाथ मल्लाह एक कुख्यात अपराधी है, जिसके खिलाफ भोपाल और जबलपुर में करीब 55 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वह चोरी का माल खरीदकर उसे ठिकाने लगाने का काम करता था।

### तकनीकी विश्लेषण से पकड़े गए आरोपी

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश और एएसपी सिटी आनंद कलादगी के मार्गदर्शन पर गठित टीम ने घटनास्थलों के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया, जिससे सूरज गौड़ और विजय बैरागी की पहचान हुई। पूछताछ में उन्होंने अपने साथियों के नाम उगले, जिसके आधार पर गिरोह के सभी सदस्य गिरफ्तार कर लिए गए।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

गिरफ्तारी में टीआई गढा प्रसन्न शर्मा, एसआई योगेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक ज्ञानेन्द्र पाठक, नीरज तिवारी, आरक्षक शैलेन्द्र पटवा, संतोष जाट, गौरव तिवारी और चालक राजेश्वर मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

## अंतर्राज्यीय नकबजन गिरोह का पर्दाफाश, 8.81 लाख के जेवर जब्त

खमरिया और गोराबाजार थाना क्षेत्रों में अप्रैल माह में हुई तीन बड़ी चोरी की वारदातों का पुलिस ने पर्दाफाश कर लिया है। अंतर्राज्यीय नकबजन गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने 8 लाख 81 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और अन्य सामग्री जब्त की है। गिरोह के पांच सदस्य फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। एएसपी सिटी आनंद कलादगी ने बताया कि गठित टीमों ने उडन सिंह मेढा, सरम सिंह मेढा, अदन सिंह अलावा और चोरी के जेवर खरीदने वाले सुनार मुकेश सोनी को गिरफ्तार किया है। उडन सिंह और सरम सिंह पहले से छतरपुर जेल में बंद थे, जिनसे पूछताछ में चोरी की पुष्टि हुई। इन्होंने अपने साथियों दीना, मान्या, सुकरु, मोहब्बत और सुरभ सिंह के साथ वारदात को अंजाम देना कबूला। गिरोह द्वारा चोरी किए गए जेवर सुनार मुकेश सोनी को बेचे गए थे, जिनमें से अधिकांश जेवर बरामद कर लिए गए हैं। चोरी में उपयोग की गई आर्टिका कार भी जब्त की गई है। गिरफ्तारी और बरामदगी में खमरिया टीआई सरोजनी टोप्पो और गोराबाजार टीआई रमन सिंह मरकाम की टीम की अहम भूमिका रही। सायबर सेल की मदद से आरोपियों की लोकेशन ट्रैक कर दबिश दी गई।

### बगलामुखी सिद्ध पीठ में शिवमहापुराण कथा और रुद्री अनुष्ठान का भव्य समापन, श्रद्धालुओं की उमड़ी आस्था की गंगा

# इच्छाओं की पूर्ति करने वाले हैं भगवान आशुतोष : ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी



हरिभूमि, जबलपुर।

श्रावण मास का पावन पर्व शिवभक्ति की साधना का श्रेष्ठ समय माना जाता है। इसी पुण्यकाल में श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में विगत दिनों से चल रही श्री शिव महापुराण कथा और असंख्य रुद्री (पार्थिव शिवलिंग निर्माण व पूजन) का आज विधिवत व भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज ने भगवान आशुतोष की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो थोड़े में प्रसन्न हो जाएं, वही हैं आशुतोष। भगवान शिव अपने भक्तों के केवल जल अर्पण से भी तुष्ट हो जाते हैं। शिव वही हैं जो बिना भेदभाव, बिना विलंब के हर सच्चे भाव को स्वीकार करते हैं। महाराजश्री के करकमलों से भगवान शिव का महारुद्राभिषेक, दिव्य श्रृंगार एवं विशेष आरती संपन्न की गई, जिसके बाद पूरे परिसर में "हर-हर महादेव" के जयघोष गूंजने लगे। वातावरण भक्ति, गंगाजल, पुष्पों और मंत्रध्वनि से ऐसा अलौकिक बना कि श्रद्धालु आत्मविभोर हो उठे।

### गुरु की महिमा और आत्मज्ञान की व्याख्या

शिवमहापुराण की आज की कथा में ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी ने विशेष रूप से गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा गुरु ही शिष्य को आत्मज्ञान की ओर ले जाते हैं। शिवमहापुराण में स्पष्ट कहा गया है कि गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति असंभव है। गुरु जीवन की नौका के पतवार होते हैं, जो मोह-माया रूपी समुद्र से पार कराकर मुक्ति के द्वार तक पहुंचाते हैं।

उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार प्राचीन काल में भी भगवान शिव ने स्वयं को भी गुरु के रूप में स्थापित किया चाहे वह श्री राम के लिए हो या नारद मुनि के लिए।

### सरलता में ही शिव का स्वरूप

अपने प्रवचन में महाराजश्री ने कहा कि भगवान शिव की पूजा बहुत सरल है। शिव वह देवता हैं जो जटाओं में गंगा धारण करते हैं, कंठ में विष रखते हैं और तन पर भस्म लगाते हैं, लेकिन उनके हृदय में केवल करुणा और क्षमा का भाव रहता है। श्रावण मास में सोमवार, प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि और महाशिवरात्रि जैसे अवसरों पर भगवान शिव की आराधना विशेष फलदायी मानी गई है। इस महीने जलाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, आक और रुद्राष्टक का पाठ विशेष रूप से पुण्यदायक होता है।

### शिव को पूजा नहीं जिया जाता है

पूरे आयोजन के दौरान भक्तिभाव, संयम, अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला कि उपस्थित हर व्यक्ति अपने आप को शिव के चरणों में समर्पित करता नजर आया। अंत में महाराजश्री ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि जो सच्चे मन से शिव का नाम जपता है, शिव उसी के जीवन को धन्य कर देते हैं। शिव केवल पूजे नहीं जाते, शिव को जिया जाता है।

### भक्तों की उमड़ी श्रद्धा

समापन अवसर पर जबलपुर सहित आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने रुद्राभिषेक, कथा श्रवण और भगवान शिव की दिव्य आरती में भाग लेकर अपने जीवन को पुण्य से सराबोर किया। आयोजन में प्रमुख रूप से पद्मा मेनन, नीता पटेल, घनश्याम मिश्रा, अमित प्रतीक्षा सिंह, रमेश चित्रा महावर, आलोक तिवारी, स्नेहा ठाकुर, राजू कुमारी, सृष्टि दुबे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पीयूष दुबे, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, सुनील गुप्ता, आशीष चौकसे, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय एवं मीडिया प्रभारी मनोज सेन आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 501 लीटर दूध से किया गुप्तेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक



**हरिभूमि जबलपुर।** हिन्दू सेवा परिषद् के द्वारा श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में 501 लीटर दूध से भगवान गुप्तेश्वर महादेव जी का गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉ मुकुंद दास की महाराज जी के सानिध्य में दूध अभिषेक किया गया और हिन्दू राष्ट्र की कामना की गई.हिन्दू मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव जी का सावान माह में दूध अभिषेक करने से सम्पूर्ण मनोकामना पूर्ण होती है इसलिए भगवान का दूध अभिषेक किया जाता है। हिन्दू सेवा परिषद् ने भी पूजन अर्चन किया और भगवान से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को बंद करने और वहां रह रहे हिंदुओ को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।आज दुग्ध अभिषेक में प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी, पंडित रघुवीर भंडारी, नितिन सोनपाली, एड. मनोज तिवारी, पंडित रोहित कुमार, पारस चिमनानि, अभिजीत सिंह, एवं अन्य उपस्थित थे।

### आदि संस्कार हॉस्पिटल का मामला, एक्सपायरी दवाइयां रजिस्टर जप्त

# बिना रजिस्ट्रेशन और डिग्री के चल रहे अस्पताल को बीएमओ ने किया सील

**सिहोरा।** बिना रजिस्ट्रेशन और डिग्री के मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले अस्पताल को बुधवार को बीएमओ और उनकी टीम ने सील कर दिया। मामला खितौला के पास स्थित आदि संस्कार हॉस्पिटल का है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके से एक्सपायरी दवाइयां मरीज की एंट्री रजिस्टर ब्लड की थैलियां और अन्य चीज जप्त की हैं। टीम ने जप्त दवाइयां और अन्य चीजों का पंचनामा बनाकर अस्पताल को सील कर दिया।

### दिखाने को कुछ भी नहीं मिला

बीएमओ डॉ अर्शिया खान ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि मौके पर जब अस्पताल में दबिश दी गई और अस्पताल की संचालिका प्रीति केवट से रजिस्ट्रेशन और डिग्री दिखाने को कहा गया तो उनके पास कोई भी चीज नहीं मिली यह भी बात सामने आई है कि प्रीति केवट ढीमरखेड़ा की रहने वाली है और यहां काफी समय से अस्पताल संचालित कर रही थी।

### एक्सपायरी दवाइयां, रजिस्टर में मिला मरीजों का डाटा

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल में दबिश दी तो वहां पर उन्हें बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाइयां मिलीं साथ ही एक रजिस्टर भी मिला है जिसमें मरीज का डाटा भी लिखा हुआ था। साथी ब्लड की थैलियां भी मौके से बरामद की गईं ।

### इनका कहना है

सीएमएचओ के निर्देश पर संबंधित अस्पताल को सील किया गया है जांच के द्वारा संचालक के पास ना तो कोई रजिस्ट्रेशन मिला और ना ही डिग्री मौके से एक्सपायरी दवाइयां ब्लड की थैलियां और रजिस्टर को जप्त किया गया है। पूरे मामले की रिपोर्ट सीएमएचओ जबलपुर को भेजी जाएगी।

**डॉ.अर्शिया खान,**
**बीएमओ सिहोरा**

## मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय ने निकाली हर घर तिरंगा रैली



**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ शशिकांत महाजन जी के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ एस एस तोमर, अधिष्ठाता डॉ शशिकांत महाजन,महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक, प्राध्यापकगण, विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के कर्मचारी ने हिस्सा लिया।यात्रा महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर विश्वविद्यालय प्रांगण में पहुंची जहां कुलपति प्रो मनदीप शर्मा ने सभी को बधाई दी। हर घर तिरंगा रैली निकालने का उद्देश्य देश वासियों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ सोना दुबे द्वारा तैयार की गई।

## भावनाए की मासिक बैठक में कोर्ट केस, इंक्रीमेंट, ओटी पर होगी चर्चा

**जबलपुर।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसियेशन की मासिक बैठक हरिशंकर परसाई भवन में 08 अगस्त को शाम 05 बजे से आयोजित है, बैठक में कोर्ट केस, इंक्रीमेंट और ओव्हर टाईम के एफीडेविट विषय पर जानकारी दी जाएगी। अध्यक्ष टीके रायघटक, महामंत्री डीके सिंह, अर्जुन कुमार, एसके श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, एचएल जांगड़े, दिनेश चौरे, आरबी शाह, आरआर दुबे, विनायक राव सोरते, दिलीप कुंडे, नंदलाल कोष्टा, हरिसिंह, महेन्द्र नामदेव सहित अन्य ने बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

## संत रविदास विचार मंच की सभा संपन्न

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि गत दिवस चेरीताल बधैया मोहल्ला में मीनाबाई चौधरी के निवास पर मंच की सभा संपन्न हुई। सभा के मुख्य अतिथि शारदा प्रसाद चौधरी रहे, अध्यक्षता रामसिपाही सेठ ने की। बैठक में मंच के अध्यक्ष ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण को अंगुली में चोट लग गई, श्रीकृष्ण की अंगुली से निकल रहे खून को देख उनकी बहन ने अपनी साड़ी का आंचल फाड़कर श्रीकृष्ण की अंगुली में बांधा, तभी से भारत वर्ष में भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व मनाया जाने लगा। अतः सभी बहनों से निवेदन है कि रक्षाबंधन पर्व पर अपने भाइयों की कलाई पर साड़ी का टुकड़ा बांधकर परंपरा को कायम रखें। बैठक में सीताबाई, गुड्डीबाई, तुलसीराम चौधरी, मोहनलाल आदि उपस्थित रहे।

## अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति पर भंडारा आज



**जबलपुर।** दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर दंगल मैदान घमापुर पानी की टंकी के पास वर्ष 2004 से अखण्ड रामायण मानस पाठ का आयोजन किया जा रहा है, इस साल 21वें वर्ष पर पूरे सावन मास में 24 घंटे अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसका समापन 08 अगस्त को कन्या भोज, भंडारा और पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा।

## दक्षिण मुखी महावीर व्यायाम शाला द्वारा टाइटल कुश्ती 9 से




**जबलपुर।** घमापुर स्थित दंगल मैदान पानी की टंकी के पास दक्षिण मुखी महावीर व्यायाम शाला समिति द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 09 से 12 अगस्त तक खड़ी कुश्ती का आयोजन अपरान्ह 04 बजे से किया जा रहा है। इस कुश्ती प्रतियोगिता में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के पहलवान भाग लेंगे। आयोजकों ने बताया विजेता, उपविजेता पहलवानों को समिति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र का एचडीसीएम पांचवां सत्र संपन्न



**जबलपुर।** सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र कटंगा में सहकारी प्रबंध में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम सत्र क्रमांक 5 के समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को मंगल भाव सहित विदाई दी गई। कार्यक्रम में केन्द्र के प्राचार्य वीके बर्वे ने कहा कि सहकारी प्रशिक्षण का यह पाठ्यक्रम सहकारी ज्ञान की वृद्धि और सहकारी संस्थाओं के सफल कार्य संचालन में अत्यंत सहायक है। इस अवसर पर प्रशिक्षक पीयूष रॉय, जयकुमार दुबे, अखिलेश उपाध्याय एवं सहकारी संघ के प्रबंधक राकेश वाजपेयी ने भी विचार व्यक्त कर शुभकामनाएं दी। अंत में आभार एनपी दुबे ने व्यक्त किया।

## प्रोजेक्ट्स की बजाय स्कूलों की जर्जर स्थिति पर ध्यान दे प्रदेश सरकार : रघु ठाकुर



**जबलपुर।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर एक दिवसीय अल्प प्रवास पर जबलपुर आए, वह वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय काशीनाथ शर्मा के निवास पर पहुंचे और उन्होंने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी एवं उनके परिवारजनों से भेंट की। बाद में रघु ठाकुर ने विश्रामगृह में साथियों से भेंट की। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि समूचे देश में लगभग सवा लाख स्कूल बंद हो गए हैं तथा विद्यमान स्कूलों में भी लगभग 54 हजार शाला भवन अति जर्जर स्थिति में है, जहां कभी भी कोई गंभीर घटना घट सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि छात्रों की संख्या कम होने के कारण स्कूलों का विलय किया जा रहा है, वहीं छात्रों की संख्या कम क्यों हुई इसकी भी जांच सरकार को करना चाहिए। जहां स्कूलों को सम्बद्ध किया गया है वहां तक के लिए सड़कें नहीं हैं, एक बड़ी ग्रामीण आबादी शिक्षा से वंचित हो रही है। ग्रामीण स्कूलों की स्थिति कितनी जर्जर है यह पिछले दिनों हुई घटनाओं से जाना जा सकता है। मप्र सरकार बजाय भवनों की मरम्मत और निर्माण के गैर जरूरी कार्य में पैसा खर्च कर रही है। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी मुख्यमंत्री से मांग करती है कि इस प्रोजेक्ट को रोके और ग्रामीण शाला भवनों की मरम्मत एवं निर्माण कराए। उन्होंने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन एवं पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विंदेश्वरी पटेल अध्यक्ष लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, फूलचंद पालीवाल, एडवोकेट राधेश्याम अग्रवाल, पुष्पेंद्र सिंह, गुलशन नारंग आदि मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में खेल सुविधाओं का विकास मेरा संकल्प : राजा मोर



**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा के जनभागीदारी अध्यक्ष राजा मोर ने प्रबंध एवं निर्माण समिति की संयुक्त बैठक में महाविद्यालय में खेल सुविधाओं के विकास का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में महाविद्यालय के विज्ञान भवन के पीछे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल मैदान के विकास पर चर्चा हुई। इस भूमि के खेल मैदान के रूप में विकसित किये जाने हेतु पहाड़ी भूमि का समतलीकरण आवश्यक है। समिति ने भूमि का निरीक्षण कर जाना कि लगभग 1100 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में भूमि पर झाड़ियों को साफ करना लगभग 3 मीटर की मिट्टी कटाई और समतलीकरण तथा जल निकासी का प्रबन्ध कर इस भूमि को खेल मैदान के रूप में विकसित किया जा सकता है। समिति ने लोक निर्माण विभाग से प्राक्कलन आमंत्रित करने का प्रस्ताव पारित किया। जिसमें विभाग ने 15 लाख 95 हजार रुपये का प्राक्कलन प्रस्तुत किया। अध्यक्ष मोर ने स्वयं के व्यय से खेल मैदान के विकास का संकल्प पत्र प्राचार्य को सौंपा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में उत्कृष्ट खेल सुविधाओं का विकास करना मेरा सपना है इसके लिए मैं कृत संकल्पित हूँ। प्राचार्य डॉ मनोज श्रीवास्तव ने अध्यक्ष का इस महान संकल्प के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में समिति सदस्य माधव मिश्रा, शिशिर पांडे, अभिषेक परोहा, विनोद खत्री, एस डी ओ लोकनिर्माण विभाग राजेश मिश्रा, डॉ श्रीकृष्ण तिवारी, डॉ सुनु मैथ्यू, डॉ नीता तिवारी, डॉ सुदेश मेहरोलिया उपस्थित थे।




**श्री रिषी विश्वकर्मा-** शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री संतू लाल विश्वकर्मा के पुत्र श्री रिषी विश्वकर्मा (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सिया रानी नामदेव-** शिवधाम कॉलोनी माढ़ोताल निवासी श्री शारदा प्रसाद नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती सिया रानी नामदेव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आंनद कुमार मिश्रा-** रामनगर रांझी निवासी श्रव्ची पारसनाथ मिश्रा के पुत्र श्री आनंद कुमार मिश्रा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई भाट-** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री रमेश भाट की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई भाट (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शंकर बंशकार-** ललपुर शिवराज नगर निवासी श्री छोटे लाल बंशकार के पुत्र श्री शंकर बंशकार (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम बाई चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री रमेश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई चौधरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कैलाश गुप्ता-** अंडर ब्रिज रोड मदनमहल निवासी श्री कैलाश गुप्ता (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भद्दी भूमिया-** कांचघर स्टेशन रोड निवासी श्री भद्दी भूमिया (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आनंद सिंह ठाकुर-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री आनंद सिंह ठाकुर (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रभान शर्मा-** दुर्गा कॉलोनी शीतलामाई वार्ड घमापुर निवासी श्री चंद्रभान शर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री खूब सिंह-** गली नं. 21, सदर निवासी श्री खूब सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धर्मेंद्र रैकवार-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री धर्मेंद्र रैकवार (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरूण राव-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री अरूण राव (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उत्तम पाण्डेय-** करौंदा नाला अधारताल निवासी श्री उत्तम पाण्डेय (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती ममता-** रामपुर पटेल मोहल्ला निवासी श्री उमेश की धर्मपत्नी श्रीमती ममता (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता जैन-** गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री उमेद राज जैन की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता जैन (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

**नाम सुधार सूचना**

मैं साक्षी सिंह (SAKSHI SINGH) उम्र 24 वर्ष पिता श्री सुरेन्द्र सिंह सेंगर, (SURENDRA SINGH SENGAR) निवासी- बबीता निवास, शुक्ला बेल्डिंग के सामने, पटेल नगर, महाराजपुर, अधारताल, जिला जबलपुर मध्य प्रदेश - 482004 शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा आधार नं. 4718 92274611 है, जिसमें मेरा नाम साक्षी सिंह (SAKSHI SINGH) दर्ज है एवं मेरे पासपोर्ट में जिसका क्रमाक -V5323966 जिसकी जारी करने की तिथि 03/03/2022 एवं समाप्ती तिथि 02/03/2032 है। मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम साक्षी सिंह सेंगर (SAKSHI SINGH SENGAR) दर्ज है। मेरे आधार कार्ड नं. 4718 92274611 एवं पेन कार्ड नं. QOUPS8486G में एवं मेरे स्कूल के समस्त अंकसूची एवं दसवी की अंकसूची जिसका अनुक्रमाक नं. 4028465 एवं जिसका रजिस्ट्रेशन नं. M615/06986/0014 और कॉलेज दस्तावेजों में मेरा नाम साक्षी सिंह (SAKSHI SINGH) पिता श्री सुरेन्द्र सिंह सेंगर, (SURENDRA SINGH SENGAR) दर्ज है। अतः मेरा नाम साक्षी सिंह (SAKSHI SINGH) पिता श्री सुरेन्द्र सिंह सेंगर, (SURENDRA SINGH SENGAR) जो मेरे सभी स्कूल की अंकसूची एवं मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड, और समस्त शासकीय दस्तावेजों में नाम दर्ज है यही नाम से मुझे जाना व पहचाना और पढ़ा जावें।

शपथकर्ता

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26 दिनांक 07/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष स्वामी पिता श्री कृष्णा स्वामी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 129 फेस -1 चैतन्य सिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 25000071714 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 739 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अभिषेक शर्मा पिता श्री रेवा प्रसाद शर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26 दिनांक 07/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमति सिमरन गिडवानी पति श्री राजेश प्रताप (2) श्री राजेश प्रताप पिता श्री विश्वमिश्र गिडवानी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम दत्त टाउनशिप के भवन क्रमांक फ्लेट नं. D-404 दत्त टाउनशिप सम्पत्ति के पिन क्रमांक 25000070567 जिस पर निर्मित चतुर्थ मंजिल-1100 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति आशा दुबे पति श्री रामनारायण दुबे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

## खबर संक्षेप

### बॉश को सीमा शुल्क प्राधिकरण से 140 करोड़ रुपए की मांग




**नई दिल्ली।** बॉश लिमिटेड ने गुरुवार को कहा कि उसे सीमा शुल्क प्राधिकरण से ब्याज सहित 140 करोड़ रुपये से अधिक की मांग मिली है। अलग-अलग शुल्क होने के कारण की गई। एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स के प्रधान सीमा शुल्क आयुक्त (आयात) से ऑक्सीजन सेंसर के वर्गीकरण की व्याख्या के संबंध में एक आदेश मिला है।

### बजाज ऑटो का लाभ 13.84 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 13.84 प्रतिशत बढ़कर 2,210.44 करोड़ रुपये हो गया। बजाज ऑटो ने यह जानकारी दी। कंपनी को मजबूत निर्यात, प्रीमियम मोटरसाइकिल, वाणिज्यिक वाहनों तथा चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री में वृद्धि का लाभ मिला।

### आईईएक्स में बिजली कारोबार जुलाई में 25.5 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** बिजली खरीद-बिक्री मंच इंडियन एनर्जी एक्सचेंज का विद्युत कारोबार जुलाई में सालाना आधार पर 25.5 प्रतिशत बढ़कर 1266.4 करोड़ यूनिट रहा। आईईएक्स ने बयान में कहा कि माह के दौरान कुल 16.26 लाख नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्रों (आरईसीए) का कारोबार हुआ।

### रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 87.69 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने - (कुल 50 प्रतिशत करने) की घोषणा के बाद बाजार की कारोबारी धारणा प्रभावित होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया एक सीमित दायरे में स्थिर रहा और डॉलर के मुकाबले केवल तीन पैसे बढ़कर 87.69 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### रीगल रिर्सोसेज का आईपीओ 12 से 14 अगस्त तक खुलेगा

**नई दिल्ली।** कृषि क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी रीगल रिसोर्सेज लि. ने 306 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 96-102 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कोलकाता स्थित कंपनी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि आरंभिक शेयर-बिक्री 12 अगस्त को शुरू होगी और 14 अगस्त तक सार्वजनिक अभिदान के लिए खुली रहेगी।

### ब्लूस्टोन ज्वेलरी आईपीओ 11 अगस्त को खुलेगा

**नई दिल्ली।** अपने प्रमुख ब्रांड ''ब्लूस्टोन'' के तहत समकालीन आभूषण पेश करने वाली कंपनी, ब्लूस्टोन ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल ने अपने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए 492 रुपये से 517 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 11 अगस्त से 13 अगस्त तक बिक्री के लिए खुला रहेगा। इस आईपीओ में 820 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 720.65 करोड़ रुपये मूल्य के 1,39,39,063 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर लेनदेन का कुल आकार 1,540.65 करोड़ रुपये हो जाता है।

# ट्रंप के टैरिफ से मचा हाहाकार, किसी के डूबे 1.5 लाख करोड़, गेट्स को झटका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगाए गए टैरिफ के चलते बीते कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन एशियाई समेत अमेरिकी शेयर बाजार को काफी नुकसान पहुंचा। कमजोर रोजगार के आंकड़ों ने भी निवेशकों को निराश किया।

- ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स ने जारी की सूची

इसी तरह से वॉल स्ट्रीट में भारी गिरावट देखी गई। एशियाई बाजार में भी सुस्ती रही। इसका असर दुनिया के टॉप अमीरों की संपत्ति पर देखने को मिला। बीते महज 24 घंटों में ही इन्हें अरबों डॉलर का नुकसान हो गया। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, सबसे ज्यादा नुकसान अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस को हुआ। उन्हें एक दिन में 17.2 अरब डॉलर (1.5 लाख करोड़) का नुकसान हुआ है। इस लिस्ट में वह 237 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर हैं।


## अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस को हुआ सबसे अधिक नुकसान

### अदाणी को हुआ नुकसान मुनाफे में रहे अंबानी

जहां तक रही भारतीय अरबपतियों की बात, तो देश के दो दिग्गज बिजनेस टायकून मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी भी लिस्ट में शामिल हैं। हालांकि, 2.14 अरब डॉलर (करीब 18000 करोड़) के नुकसान के साथ अदाणी टॉप-20 अमीरों की सूची से बाहर निकल गए हैं और अब तक 76.5 अरब डॉलर की संपति के साथ 21वें नंबर पर हैं। वहीं, मुकेश अंबानी 306 मिलियन डॉलर (लगभग 2000 करोड़) के मुनाफे के साथ 17वें पायदान पर हैं। उनकी संपत्ति अभी 100 अरब डॉलर है।



### टॉप 10 की लिस्ट से बाहर बिल गेट्स



ब्लूमबर्ग की इस लिस्ट में दसवें नंबर पर दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट हैं, जिन्हें बीते 24 घंटे में 896 मिलियन डॉलर (करीब 7000 करोड़) का नुकसान हुआ है। टॉप-10 की इस लिस्ट में लंबे समय से काबिज रहे बिल गेट्स को भी तगड़ा नुकसान हुआ है। 1.09 अरब डॉलर (लगभग 9000 करोड़) के नुकसान के साथ अब उनका नेटवर्थ 122 बिलियन डॉलर है और वह अमीरों की इस लिस्ट में 12वें नंबर पर हैं।

### जेफ बेजोस को तगड़ा झटका



इसके बाद लिस्ट में 295 बिलियन डॉलर की संपति के साथ दूसरे स्थान पर रहे ओरेकल के चेयरमैन लैरी एलिसन को 9.94 अरब डॉलर (करीब 87000 करोड़) का झटका लगा है। लिस्ट में टॉप पर रहे एलन मस्क को 4.03 अरब डॉलर (लगभग 35000 करोड़) का घाटा हुआ है। इसी के साथ अब उनकी संपत्ति 352 अरब डॉलर हैं।

## डिजिटल युग पूरी तरह चिप पर निर्भर

# अब चिप के ऊपर 100 प्रतिशत टैरिफ बम चीन-जापान से लेकर भारत पर होगा असर

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह कंप्यूटर चिप्स पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। अगर ऐसा हुआ तो अमेरिका में डिजिटल युग को गति देने वाले प्रोसेसर पर निर्भर इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, घरेलू उपकरणों और दूसरे जरूरी उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं।

ट्रंप ने एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक के साथ बैठक के दौरान कहा, ''हम चिप्स और सेमीकंडक्टर पर लगभग 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे।'' उन्होंने साथ ही जोड़ा, ''...लेकिन अगर आप अमेरिका में निर्माण कर रहे हैं, तो कोई शुल्क नहीं लगेगा।'' यह घोषणा ट्रंप के अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों को शुल्क से अस्थायी छूट देने के तीन महीने से भी अधिक समय बाद आई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में कंप्यूटर चिप्स बनाने वाली कंपनियों को आयात कर से छूट दी जाएगी। कोविड-19 महामारी के दौरान कंप्यूटर चिप्स की कमी ने ऑटोमोबाइल की कीमतों में वृद्धि की और मुद्रास्फीति को बढ़ावा दिया।

### अमेरिका में निर्माण पर कोई शुल्क नहीं लगेगा

- इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर ऑटोमाबाइल पर पड़ेगा असर
- महामारी के दौरान चिप्स की कमी ने ऑटोमोबाइल की कीमतें बढ़ा दी थी



*क्यों चिप पर 100 प्रतिशत टैरिफ? : रूस से तेल खरीदने के चलते भारत पर पहले ही 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था। अब अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह कहकर बाजार में फिर से हड़कंप मचा दिया है कि वे सेमीकंडक्टर चिप्स पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने जा रहे हैं। वर्तमान में कई देश सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं, लेकिन भारत इस क्षेत्र में तेजी से एक प्रमुख खिलाड़ी बनता जा रहा है।*

*पूरी दुनिया के चिप इंडस्ट्रीज पर पड़ेगा असर : इस बीच, राष्ट्रपति ट्रंप अब चिप पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ट्रंप की इस घोषणा से पूरी दुनिया की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री पर बड़ा असर पड़ सकता है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहेगा, क्योंकि भारत का सेमीकंडक्टर बाजार बहुत तेजी से उभर रहा है।*

### भारत पर क्या असर होगा?

अगर वाकई में राष्ट्रपति ट्रंप चिप्स पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाते हैं, तो इसका असर ताइवान, जापान और चीन के साथ-साथ भारत पर भी गहरा पड़ेगा। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले पांच वर्षों में भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 100 से 110 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। पिछले तीन वर्षों में इसमें जबरदस्त तेजी देखी गई है। 2022 में भारत का चिप मार्केट लगभग 23 अरब डॉलर का था, जो वित्त वर्ष 2025 में 50 अरब डॉलर से अधिक तक पहुंच गया है। जबकि, अमेरिका की चिप मार्केट 130 अरब डॉलर और चीन का मार्केट 177.8 अरब डॉलर का था।

### इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 47 फीसदी बढ़ा

मोबाइल फोन खंड के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 47 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ 12.4 अरब डॉलर हो गया। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 8.43 अरब डॉलर रहा था। जून तिमाही में मोबाइल फोन निर्यात में सबसे तेज बढ़त दर्ज की गई।

### मोबाइल फोन का निर्यात 55 फीसदी बढ़ा

मोबाइल फोन का निर्यात 55 प्रतिशत बढ़कर करीब 7.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 4.9 अरब डॉलर था। वहीं, गैर-मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणी के निर्यात में 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह साल भर पहले के 3.53 अरब डॉलर से बढ़कर 4.8 अरब डॉलर हो गया। गैर-मोबाइल श्रेणी के प्रमुख उत्पादों में सौर मॉड्यूल, नेटवर्किंग उपकरण, चार्जर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे शामिल हैं। आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा, ''यह एक रणनीतिक राष्ट्रीय उपलब्धि है। अब असली चुनौती वैश्विक प्रतिस्पर्धा, टिकाऊ वृद्धि और गहरे मूल्यवर्धन की तरफ कदम बढ़ाने की है।''

### इलेट्रॉनिक्स निर्यात 50 अरब डॉलर पहुंच सकता है

मोहिंद्रू ने कहा कि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी हार्डवेयर, पहने जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और ईयरफोन के निर्यात में तेजी लाने की जरूरत है। आईसीईए का अनुमान है कि मौजूदा रफ्तार जारी रहने पर वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 46 से 50 अरब डॉलर के बीच पहुंच सकता है। पिछले एक दशक में भारत में कुल इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 2014-15 के 31 अरब डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 133 अरब डॉलर हो चुका है।

# सोना 3,600 रुपए उछलकर रिकॉर्ड स्तर पर, चांदी 1,500 रुपए मजबूत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- सोना बढ़कर 1,02,620 रुपए प्रति 10 ग्राम पर
- चांदी की कीमत बढ़कर 1,14,000 रुपए प्रति किलो

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 3,600 रुपये उछलकर 1,02,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क की घोषणा के बाद निवेशकों ने सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया, जिससे सोने के दाम में तेजी आई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,600 रुपये उछलकर 1,02,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि सोने की कीमतों में तेजी का कारण नए सिरे से उत्पन्न व्यापार को लेकर चिंताएं हैं जिनसे पारंपरिक सुरक्षित-संपत्तियों की मांग बढ़ी है।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय आयातों पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगा दिया, जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार तनाव और बढ़ गया।'

### एलआईसी का शुद्ध लाभ जून तिमाही में पांच फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 10,987 करोड़ रुपये हो गया। सरकारी स्वामित्व वाली भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को अप्रैल-जून, 2025 तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 10,461 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एलआईसी ने कहा कि जून तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 2,22,864 करोड़ रुपये हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 2,10,910 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में नई पॉलिसी का प्रीमियम बढ़कर 7,525 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 7,470 करोड़ रुपये था।

## उनके प्रवर्तक समूह को 3,600 करोड़ रुपए का लाभांश मिला

# मुकेश अंबानी ने पांचवें साल भी कोई वेतन नहीं लिया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ने अपने समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज से लगातार पांचवें साल कोई वेतन नहीं लिया और लाभांश उनकी आय का मुख्य स्रोत बना हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का कारोबार तेल से लेकर दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र तक फैला हुआ है। अंबानी (68) ने वित्त वर्ष 2008-09 से 2019-20 तक अपने वार्षिक पारिश्रमिक को 15 करोड़ रुपये तक सीमित रखा था। उन्होंने कोविड-19 महामारी के बाद वित्त वर्ष 2020-21 से तब तक अपना वेतन छोड़ने का फैसला चुना, जब तक कि कंपनी और उसके सभी कारोबार पूरी तरह से अपनी आय क्षमता पर वापस नहीं आ जाते।

## रिलायंस का कारोबार तेल से लेकर दूरसंचार व खुदरा क्षेत्र तक

### रिलायंस ने 5.50 रुपए प्रति शेयर का लाभांश किया घोषित

कंपनी द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए घोषित 5.50 रुपये प्रति शेयर लाभांश के आधार पर उन्हें 8.85 करोड़ रुपये की लाभांश आय मिलती है। जिन प्रवर्तक समूह की कंपनियों पर अंबानी का नियंत्रण है, उनमें उनके पास 664.5 करोड़ शेयर या 50.07 प्रतिशत शेयर हैं, जो 3,655 करोड़ रुपये की लाभांश आय देते हैं।



*अंबानी के चचेरे भाईयों को भी पारिश्रमिक : अंबानी के चचेरे भाई निखिल और हितल मेसवानी का पारिश्रमिक 2023-24 में क्रमशः 25.31 करोड़ रुपये और 25.42 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में थोड़ा कम होकर 25 करोड़ रुपये रह गया। कार्यकारी निदेशक पी एम एस प्रसाद का पारिश्रमिक 2024-25 में बढ़कर 19.96 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वर्ष 17.93 करोड़ रुपये था।*

### अंबानी के तीनों बच्चों को 'सिटिंग फीस'

अंबानी के तीन बच्चे - ईशा, आकाश और अनंत, जिन्हें अक्टूबर, 2023 में शून्य वेतन पर बोर्ड में नियुक्त किया गया था, उनमें से प्रत्येक को 'सिटिंग फीस' के रूप में छह लाख रुपये और कमीशन के रूप में 2.27 लाख रुपये मिले। अंबानी के बच्चों में सबसे छोटे अनंत को रिलायंस बोर्ड में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है और चालू वित्त वर्ष से उन्हें 10 करोड़ रुपये से 20 करोड़ रुपये के बीच वेतन मिलेगा।

### अंबानी दुनिया के 18वें सबसे अमीर व्यक्ति

कंपनी की ताजा वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 में उन्हें वेतन, भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में कोई राशि नहीं मिली। दुनिया के 18वें सबसे अमीर व्यक्ति, जिनकी कुल संपत्ति लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर है, के लिए लाभांश आय ही आमदनी का स्रोत है। रिलायंस में उनके सीधे 1.61 करोड़ शेयर हैं।


**MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)**
**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, DHAMTARI**

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No:- / NPP/2025/4290 Dhamtari Dated:30/07/2025

| SN | System Tender No. | Name of Work/Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 172963 | Construction of Auditorium Co-Commercial Complex in Dhamtari | 693.89 Lakh |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in Date 04.08.2025 Time 5.30 PM Hours. (IST) on wards. & Last date for Online Bid Submission 28.08.2025 at 5.30 PM Hours.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above- mentioned portal.

COMMISSIONER
Nagar Palik Nigam Dhamtari
Dist. Dhamtari (C.G.)

**न्यायालय अपर कलेक्टर (मुख्यालय-1) भोपाल म.प्र.**
(ए-ब्लाक पुराना सचिवालय क्रमांक-125)
प्रकरण क्रमांक 0003/निगरानी/2025-26
:: सूचना पत्र ::

प्रति,
1. प्रेम नारायण (मृतक) के विधिक वारिस ओमप्रकाश गुप्ता (मृतक) के विधिक वारिस
(अ-1) श्रीमती राधा गुप्ता पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश गुप्ता
(अ-2) श्री दीपेश गुप्ता आ. स्व. श्री ओमप्रकाश गुप्ता
(अ-3) श्री दीपक गुप्ता आ. स्व. श्री ओमप्रकाश गुप्ता
(अ-4) श्रीमती दीपिका नीखरा पत्नी श्री सिद्धार्थ रंजन नीखरा पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश गुप्ता निवासी द्वारा श्री संतोष जैन सभी निवासी : म.नं. 281, जैन नगर काईस्ट मेमोरियल स्कूल के पास लालघाटी भोपाल
2. राजेश गुप्ता आ. स्व. श्री प्रेमनारायण
3. अतुल गुप्ता आ. स्व. श्री प्रेमनारायण
4. मुकेश गुप्ता आ. स्व. श्री प्रेमनारायण क्र.-2 से 4 निवासी : 14, नूरजी बोहरा गली लखेरापुरा भोपाल
5. श्रीमती अर्चना वीचपुरिया पत्नी श्री राधेश्याम वीचपुरिया (पुत्री स्व. श्री प्रेमनारायण) निवासी हमीम जी का वाडा लोहिया बाजार लश्कर ग्वालियर।
6. श्रीमती सपना चन्द्र पत्नी श्री अरविन्द कुमार चन्द्र (पुत्री स्व. श्री प्रेमनारायण) निवासी : खितोला बाजार सिहोरा रोड, सिहोरा जबलपुर

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि श्रीमती देवीरानी पत्नि इन्दरसिंह एवं अन्य कृषकगण ग्राम खजूरीखुर्द वृत्त एमपी नगर भोपाल निवासीगण म.नं. 138 एमआईजी सी-सेक्टर सोनागिरी बीमा अस्पताल के पीछे भोपाल द्वारा न्यायालय नजूल अधिकारी एम.पी. नगर वृत भोपाल के प्रकरण क्र. 0060/अपील/203-24 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 19.11.2024 के विरूद्ध निगरानी प्रस्तुत की गई है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है। अतः आप अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु आप स्वयं अथवा अपने अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण सुनवाई दिनांक 26.08.2025 को दोपहर 3.00 न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। आपकी अनुपस्थित की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये आगमी कार्यवाही प्रारंभ कर दी जावेगी। आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर (भु-1)
भोपाल

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक - 2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) -482056**
Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 44/तक 2025-26 दिनांक 04.08.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-441908-1 | रा.अ.बा.लो.सा. परि. के बांये और दांये गैलरी की जल निकासी व्यवस्था के लिए डी.बी. 100/26 और डी.बी. 65/20 मोटर पंप और जी.आई. पाईप लाईन की मरम्मत और रखरखाव का कार्य। | 1,45,293.00 (रुपए एक लाख पैतालीस हजार दो सौ तेरान्वे) मात्र | 2906.00 (रू. दो हजार नौ सौ छः) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 45/तक 2025-26 दिनांक 04.08.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-441923-1 | रा. अ.बा.लो. सा. परि. के बरगी हिल्स कॉलोनी में नये बोर वेल का प्रतिस्थापन करने हेतु । | 3,46,323.00 (रुपए तीन लाख छियालीस हजार तीन सौ तेइस) मात्र | 6926.00 (रू. छः हजार नौ सौ छब्बीस) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 46/तक 2025-26 दिनांक 04.08.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-441945-1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. के आर.डी. 49.100 कि मी. आर.बी.सी. पर हाइड्रोलिक टिल्टिंग गेट के ऑयल पंप वाल्व, ब्रेक सिस्टम और होज पाइप की मरम्मत का कार्य। | 3,96,323.00 (रुपए तीन लाख छियानवे हजार तीन सौ तेइस) मात्र | 7926.00 (रू. सात हजार नौ सौ छब्बीस) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 47/तक 2025-26 दिनांक 04.08.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-441947-1 | रा.अ.बा.लो.सा. परि. के मुख्य बांध पर स्थित ट्यूब्लर पोल का सुधार कार्य। | 1,82,941.00 (रुपए एक लाख बैयासी हजार नौ सौ इकतालीस ) मात्र | 3659.00 (रू. तीन हजार छः सौ उनसठ) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 48/तक 2025-26 दिनांक 04.08.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-441950-1 | रा.अ.बा.लो. सा. परि. के ओव्हर हेड टैंक बरगी नगर से 88 आई. टाईप आवासीय कालोनी में जल प्रदाय में लगी 3" जी. आई पाईप लाई का सुधार कार्य। | 75,720.00 (रुपए पचहत्तर हजार सात सौ बीस) मात्र | 1514.00 (रू. एक हजार पांच सौ चौदह ) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 11,46,600.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 25/08/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन),प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 25/08/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन), निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 27/08/2025, 10:30 से 27/08/2025 17:30 तक (केवल आनलाइन), प्राइज बीड खुलने की तिथि :27/08/2025, 10:31 से 27/08/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन) निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है, ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./यॉ.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर, जबलपुर (म. प्र.)
G-16852/25

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

1.निविदा क्र.: एस/13/एनजीपी/2025-2026
कार्य का नाम: ADEN/नागभीड़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत G-CAF BG सेक्शन के बीच 30.06.2026 तक की अवधि के लिए स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवन के लिए सफेदी, रंगाई और पेंटिंग सहित मरम्मत और रखरखाव कार्यों सहित जल आपूर्ति के सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,29,00,000/-
बयाना राशि: ₹ 2,14,500/-

2.निविदा क्र.: एस/14/एनजीपी/2025-2026
कार्य का नाम: ADEN / वर्क्स / नागपुर के अधीन दो वर्ष की अवधि के लिए कर्मचारियों और सामग्री की ढुलाई के लिए एक 3टी क्षमता वाले ट्रक को किराये पर लेना।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 15,20,645/-
बयाना राशि: ₹ 30,400/-

3. निविदा क्र.: ई/26/एनजीपी/2025-2026
कार्य का नाम: वरिष्ठ DEN/पूर्व/नागपुर के अधिकार क्षेत्र में नागपुर-दुर्ग TRR (P)।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 4,50,50,993/-
बयाना राशि: ₹ 3,75,300/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक 29.08.2025 के 15:00 बजे तक जमा कर सकते है। इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

मंडल अभियंता (दक्षिण),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
नागपुर
PC/18-87
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पंचायत कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग )**
पता - पुराना बाजार चौक- कुरूद, फोन - 7705-223149, फैक्स-7705-223535, Email-kurunp@gmail.com

क्रमांक/2043/ लो.नि.वि./ आ.नि.आ.सू./2025-26 कुरूद, दिनांक 06/08/2025

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत कुरूद हेतु स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0 अन्तर्गत एसटीपी निर्माण (इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित) लागत राशि 217.02 लाख रू. टेण्डर सिस्टम नंबर 172035 हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म हेतु ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें Bid Due Date 28.08.2025 सायं 5.30 बजे एवं Physical Doc Submission End Date 29.08.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। उपरोक्त निविदा की नियम एवं शर्तें, अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क, समयावधि एवं निविदा संबंधित दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in एवं ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/ से भी अवलोकन / डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुरूद ,जिला - धमतरी (छ.ग.)

**पश्चिम मध्य रेल** सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई- निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/90/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित /डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए "website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा की जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | निविदा की मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 38251586B | Coupler योके फॉर CBC | 5047 नंबर |
| 2 | 20253186 | वैक्यूम सर्किट ब्रेकर ऑफ इलेक्ट्रिक लोको विथ सिंगल interruper | 26 नंबर |
| 3 | 61251653 | M. S. वेल्डिंग इलेक्ट्रोड्स क्लास A1 | 568990 मीटर |
| 4 | 30251041 | हेंगर फॉर बोल्स्टर स्प्रिंग सस्पेंशन | 8960 नंबर |
| 5 | 30251638 | फुट स्टेप कम्पलीट | 1480 नंबर |
| 6 | 65255007 | Airless सेन्ट्रीफ्यूगल शॉट ब्लास्टिंग मशीन | 01 नंबर |
| 7 | 65235002C | फुल्ली आटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट | 01 नंबर |

उपरोक्त सभी निविदाओं में क्र. सं. 1 की नियत तिथि - 25.08.2025, क्र. सं. 2 की नियत तिथि - 01.09.2025, क्र. सं. 3 की नियत तिथि - 04.09.2025, क्र. सं. 4 की नियत तिथि - 11.09.2025, क्र. सं. 5 की नियत तिथि - 15.09.2025, क्र. सं. 6 की नियत तिथि - 22.09.2025, निविदा सं. 7 की नियत तिथि - 30.09.2025, 50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# भारत को अमेरिकी दबाव में आने की जरूरत नहीं

भारत सरकार को अमेरिकी दबाव में नहीं झुकना चाहिए। अमेरिका चाहे पचास फीसदी टैरिफ लगाए या सौ फीसदी, भारत को अमेरिका के अनुचित व अन्यायपूर्ण ट्रेड व्यवहार के आगे तनिक भी दबाव में आने की जरूरत नहीं है। अमेरिका का टैरिफ कदम विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों व संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के चार्टरों का खुला उल्लंघन है। हां, जवाबी कार्रवाई में संयम जरूर बरतना चाहिए और उचित वक्त आने का इंतजार करना चाहिए। चूंकि भारत व अमेरिका के बीच ट्रेड वार्ता चल रही है, पांच दौर की वार्ता हो चुकी है, छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल 25 अगस्त को भारत आ रहा है, इसलिए तब तक जरूर इंतजार कर लेना चाहिए। हालांकि इस वार्ता से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नया नया टैरिफ ऐलान और नई-नई धमकियां भारत को मनमाफिक डील के लिए झुकाने की टैक्टिस है। भारत यह समझता है और भारत सरकार ने अमेरिका को कड़ा जवाब भी दिया है कि वह अपने किसानों, मछुआरों, डेयर उत्पादकों व ऊर्जा हितों से समझौता नहीं करेगा, चाहे कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। भारत का रूस से तेल आयात वैश्विक ऊर्जा स्थिरता में योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रंप के 50 फीसदी शुल्क लगाने के ऐलान के बाद सरकार की दृढ़ता दिखाई है, जो जरूरी कदम है। प्रधानमंत्री अगर पहली बार ही जब वे अमेरिकी दौरे पर राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने गए थे और उनकी बैठक से पहले अमेरिका ने टैरिफ लगाया था, तब कड़ी प्रतिक्रया देते तो ट्रंप की इतनी हिम्मत नहीं बढ़ती। 25 फीसदी शुल्क के ऐलान के वक्त भी सरकार को माकूल प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी। देर ही सही पर भारत ने अमेरिका को उसके दोहरे मानदंड को लेकर आईना दिखाया कि वह खुद रूस से यूरेनियम, पैलेडियम, उर्वरक व मशीनरी उपकरण आयात कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप की भारत के प्रति जो मौजूदा टैरिफ धमकियों की स्थिति है, उसमें पीएम मोदी की सरकार की ट्रेड नीति, विदेश नीति व कूटनीति के साथ भारतीय राष्ट्रवाद की भी परीक्षा है। भारत को अपनी स्वतंत्र, गुटनिरपेक्ष और संप्रभु विदेश नीति पर दृढ़ रहना चाहिए। ट्रंप अगर नहीं रुकते हैं, तो यह वक्त तगड़ा जवाब देने का भी होगा। अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगा सकता है, साथ ही भारत नए विकल्प की ओर बढ़ सकता है। भारत रूस के साथ अपनी तेल खरीद व ट्रेड बढ़ा सकता है। रक्षा निर्भरता रूस पर अधिक है व वह भरोसेमंद साझेदार भी है, इसलिए इस टेस्टेड रिश्ते को और मजबूत करना चाहिए। भारत ने यूके के साथ फ्री ट्रेड डील की है, ईयू (यूरोपीय संघ) के साथ एफटीए सितंबर तक हो जाएगा। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक का लाभ भारत को चीन के साथ अपने ट्रेड संबंध को बढ़ाने के अवसर के रूप में लेना चाहिए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। 50 फीसदी टैरिफ लगने के बाद ब्राजील ने भी कहा है कि वे भारत व चीन के साथ इससे उबरने के उपायों पर चर्चा करेंगे। ट्रंप ने टैरिफ वार से विश्व स्तर पर ऐसी स्थिति बना दी है, जिसमें भारत, रूस, चीन, ब्राजील, ईरान आदि देशों की नजदीकियां बढ़ रही हैं, जो ग्लोबल ट्रेड की वैकल्पिक धुरी बन रही हैं। भारत ब्रिक्स को मजबूत करने में सहयोग कर सकता है और करीब 50 से अधिक देशों वाले अफ्रीकी संघ के साथ अपने ट्रेड संबंध को मजबूत कर सकता है। साथ ही वह दक्षिण पूर्व व मध्य पूर्व एशियाई देशों के साथ अपना ट्रेड बढ़ा सकता है। अमेरिकी टैरिफ से भारत से अमेरिका को निर्यात 40 से 50 फीसदी प्रभावित हो सकता है, इसलिए निर्यातकों को इन विकल्पों की तरफ बढ़ना चाहिए। भारतीय शेयर बाजार ने ट्रंप टैरिफ को ठेंगा दिखाया है व बढ़त के साथ बंद हुई है, साफ है भारत का घरेलू बजार मजबूत है, इसमें और अधिक आर्थिक क्षमता है। अमेरिका अपनी हरकतों से खुद भारत से दूर हो रहा है। इसलिए ग्लोबल ट्रेड में भारत को इसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए।

## भारत छोड़ो आंदोलन

कृष्ण प्रताप सिंह



# हाजरा ने 3 गोलियां खाकर भी तिरंगे की आन बचाई

दूसरे विश्व युद्ध के दौरान आठ अगस्त, 1942 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बम्बई (अब मुम्बई) से महात्मा गांधी की अगुवाई में 'भारत छोड़ो' आन्दोलन आरंभ किया तो उसे गोरी सत्ता का बेहद निर्मम और क्रूर दमन चक्र झेलना पड़ा। शायद इसलिए कि गोरों ने अंदाजा लगा लिया था कि भारत में अब उसके दिन ज्यादा नहीं रह गये हैं और यह आंदोलन भारतीयों को आजादी की मंजिल तक पहुंचाने में सबसे निर्णायक सिद्ध होने वाला है। ऐसे में जैसा कि बहुत स्वाभाविक था, आंदोलनकारियों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। लेकिन जैसी कीमत बंगाल की वीरांगना मातंगिनी हाजरा ने चुकाई, शायद ही किसी और ने चुकाई हो। सितम्बर, 1942 में 73 साल की उम्र में अपने राज्य के तामलुक में प्रदर्शन करती हुई वे पुलिस की तीन गोलियां खाकर शहीद हुईं तो शरीर में प्राण रहते अपने हाथ में थामे हुए तिरंगे की आन पर आंच नहीं आने दी, उसको लगातार ऊंचा किए रखा और भूमि पर नहीं गिरने दिया। दरअसल, इस आंदोलन के दौरान बंगाल के आंदोलनकारियों ने ऐसा जीवट प्रदर्शित किया कि यह अपनी शुरुआत के अगले महीने सितम्बर में और जोर पकड़ गया। आठ सितंबर को मिदनापुर जिले में पुलिस फायरिंग के बावजूद ये आंदोलनकारी न भड़के, न ही उग्र होकर गोरों को उनके ही अंदाज में तुरंत जवाब देने की सोची। दूसरे शब्दों में कहें तो उन्होंने विवेक नहीं खोया, दूरंदेशी से काम लिया और अगले 20 दिनों तक सरकारी दमन के प्रतिरोध की अपनी तैयारियों को व्यापक बनाने में लगे रहे। 29 सितम्बर को मातंगिनी हाजरा के नेतृत्व में कोई छह हजार आन्दोलनकारियों का जत्था



(जिसमें अधिकतर महिलाएं थीं) प्रदर्शन करने निकला तो जैसे ही वह शहर पहुंचा और अदालत की ओर जाने लगा, पुलिस ने उसे रोकने की कोशिशें शुरू कर दीं। लेकिन प्रदर्शनकारियों की अगुआई कर रही मातंगिनी हाजरा हाथ में तिरंगा लिए जोर-जोर से 'वंदेमातरम' का उद्घोष करती हुई जत्थे के साथ आगे बढ़ती रहीं। फिर क्या था, पुलिस ने उन पर गोलीबारी आरंभ कर दी। उसकी दो गोलियां मातंगिनी के दोनों हाथों में, जबकि एक माथे पर आ लगी। इसके बावजूद वे तिरंगे को मजबूती से पकड़े रहीं और जब तक निष्प्राण नहीं हो गईं, उसे भूमि पर नहीं गिरने दिया। इस पुलिस फायरिंग में उनके जत्थे के स्त्री-पुरुषों ने भी कुछ कम दृढ़ता का प्रदर्शन नहीं किया। उनमें से 43 को अपने प्राणों की आहुति देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ी, लेकिन जो बच गये, उनका मनोबल नहीं टूटा। उन्होंने अपना संघर्ष जारी रखा और अंततः तामलुक व कोनताई में अपनी मर्जी की आजाद 'ताम्रलिप्ता जातीय सरकार' गठित करने में सफल रहे, जो 1945 तक चली। मातंगिनी के शुरुआती जीवन पर जायें तो 1869 में बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर ज़िले में तामलुक के निकट स्थित होगला गांव में एक बेहद गरीब व साधारण किसान परिवार में उनका जन्म हुआ तो 12 साल की छोटी-सी उम्र में ही उनको बाल-विवाह का अभिशाप झेलना पड़ गया था। इसके चलते उनको जरूरी शिक्षा-दीक्षा से भी वंचित रहना पड़ा था और जब तक वे वयस्क होतीं, उम्र में उनसे काफ़ी बड़े जिस व्यक्ति से उन्हें बरबस ब्याह दिया गया था, वह संसार छोड़ गया। इस तरह 18 साल की वे विधवा हो गईं। लेकिन उनकी जिजीविषा इतनी अदम्य थी कि न वे इस सब से टूटीं और न ही दारुण विलाप करके किसी से दया की याचना की। ससुराल से मायके वापस लौट आईं और सामाजिक कार्यों व स्वतंत्रता संग्राम के प्रति समर्पित हो गईं। उनका यह समर्पण रंग लाया और कुछ वर्षों में वे न सिर्फ अपने गांव बल्कि उसके आसपास के बड़े क्षेत्र के ग्रामीणों की विश्वासपात्र हो गईं। फिर तो ये ग्रामीण उनके एक इशारे पर कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहने लगे। अनंतर, महात्मा गांधी से प्रभावित होकर वे उनकी ऐसी प्रतिबद्ध अनुयायी बन गईं कि जैसे ही उम्रदराज हुईं, क्षेत्र के लोग स्थानीय भाषा में उन्हें गांधी बूड़ि कहने लगे। समय के साथ वे 1905 के स्वदेशी आंदोलन, नमक सत्याग्रह व सविनय अवज्ञा आन्दोलनों में भी सक्रिय रहीं।

# हिन्दू आतंकवाद की साजिश हुई नाकाम



मालेगांव मामला

अवधेश कुमार

**मालेगांव विस्फोट मामले में न्यायालय ने सातों आरोपियों के विरुद्ध किसी तरह के सबूत न मिलने पर बरी कर दिया। पत्र पत्रिकाओं में आलेखों, टीवी डिबेटों, एनजीओ, अन्य संगठनों की विचार गोष्ठियों, यहां तक कि संसद के अंदर आतंकवाद पर हिंदू संगठनों को लांछित करने का लगातार अभियान चला। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ तक में हिंदू आतंकवाद विषय को उठाया। अगर यह साबित हो जाता तो भारत का आतंकवाद विरोधी संघर्ष वैश्विक स्तर पर विफल रहता। नेताओं से लेकर सुरक्षा व प्रशासनिक अधिकारियों तथा एक्टिविस्टों तक को न्याय के दायरे में खड़ा किया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई देश की सुरक्षा के साथ ऐसा घृणित षड्यंत्र नहीं कर सके।**

एनआईए विशेष न्यायालय द्वारा मालेगांव द्वितीय विस्फोट पर दिए गए फैसले के बाद तत्काल टिप्पणी के लिए शब्द तलाशना कठिन है। विश्व में कोई देश नहीं होगा, जहां स्थानीय पुलिस को आतंकवादी हमले के पीछे की साजिशों के सच की गंध होने के बावजूद राजनीति के लिए नई कहानी गढ़ी जाए, निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर व्यापक दुष्प्रचार हो तथा उन्हें सजा दिलाने के लिए नकली गवाह, फर्जी सबूत यहां तक कि जांच अधिकारी तक पैदा कर दिया जाएं। आतंकवादी हमला देश पर हमला माना जाता है और उनसे संघर्ष के लिए सभी राजनीतिक दलों, अधिकारियों और आम लोगों को एकजुट होकर दोषियों के विरुद्ध टूट पड़ने की आवश्यकता होती है। न्यायालय ने सातों आरोपियों के विरुद्ध किसी तरह के सबूत न मिलने पर बरी कर दिया। जिन निर्दोष लोगों की जिंदगी नष्ट हो गई तथा संगठनों की छवि पर कालिख पोती गई, उनके साथ न्याय कैसे होगा।

जमीयत उलेमा ए हिंद इसके विरुद्ध उच्च न्यायालय जाएगा। हालांकि जिन लोगों ने पूरे मामले पर दृष्टि रखी थी, उनके लिए यही फैसला अपेक्षित था। उन्हें पता था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा तथा कुछ हिंदू संगठनों को आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त साबित करने के लिए हिंदू आतंकवाद, भगवा आतंकवाद जैसे शब्द कहे गए और निर्दोष लोग आरोपी बनाए गए। जरा सोचिए, 2008 से 2025 तक इन आरोपियों को किन-किन अवस्थाओं से गुजरना पड़ा होगा। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को तो भाजपा ने 2019 में भगवा आतंकवाद, हिंदू आतंकवाद , संघी आतंकवाद के विरुद्ध स्वयं को देश का सबसे बड़ा झंडाबरदार साबित करने वाले दिग्विजय सिंह के विरुद्ध लोकसभा चुनाव लड़ाकर संसद बना दिया था। अन्य ऐसे सौभाग्यशाली साबित नहीं हुए। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को 2008 से ही निलंबन में जीवन गुजारना पड़ा। इन सबको आरंभ में महाराष्ट्र आतंक निरोधी दस्ता या एटीएस और फिर एनआईए ने जैसी यंत्रणाएं दी, थर्ड डिग्री का इस्तेमाल किया उसकी उसके विवरण से ही कलेजा कांप जाता है। न्यायालय ने कहा है कि इन लोगों पर लगे आरोपों की पुष्टि के सबूत नहीं हैं। 29 सितंबर, 2008 को मालेगांव के भिखू चौक पर हुए विस्फोट में जिस मोटरसाइकिल की प्रज्ञा ठाकुर की होने की बात की गई। उसके नंबर नकली थे तो चेसिस और इंजन तक के नंबर गायब कर दिए गए थे। कर्नल प्रसाद पुरोहित ने विस्फोट के लिए कश्मीर से आरडीएक्स लाकर अपने घर में बम बनाया, इसके कोई चिन्ह नहीं थे। हां, न्यायालय ने आदेश दिया है कि सुधाकर चतुर्वेदी के घर में विस्फोटक किसने रखा इसकी जांच की जाए। भोपाल और एक अन्य बैठक में सबके शामिल होने और विस्फोट करने की योजना का इसमें जिक्र है किंतु वहां ऐसी बातचीत के भी प्रमाण नहीं हैं। अगर मेजर रमेश उपाध्याय या किसी ने हिंदू राष्ट्र बनाने की बात की तो इसके आधार पर वे आतंकवादी नहीं माने जा सकते। 323 गवाह आए जो केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद 34 गवाहों ने स्वीकार किया कि उनसे झूठी गवाही दिलवा कर दस्तखत करवाए गए। कल्पना करिए जिस राजनीतिक नेतृत्व और सुरक्षा अधिकारियों के जिम्मे देश की सुरक्षा का दायित्व हो, षड्यंत्र कर आतंकवाद के




मामले में लोगों को फंसाने में सत्ता का दुरुपयोग करने लगें तो उन्हें क्या कहा जाएगा? तत्कालीन महाराष्ट्र एटीएस के प्रमुख हेमंत करकरे अब दिवंगत हो चुके हैं। जब साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने उनको राक्षस कहकर टॉर्चर की आपबीती सुनाई तो नेताओं, पत्रकारों, एक्टिविस्टों आदि के प्रभावी वर्ग ने विरोध किया। तत्कालीन महाराष्ट्र पुलिस के एक अधिकारी महबूब मोहव्वर ने कहा है कि उन्हें संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को पकड़ने के लिए कहा गया और इससे इनकार करने पर उनके साथ बुरा बर्ताव किया। उन्होंने तत्कालीन एटीएस प्रमुख परमवीर सिंह पर आरोप लगाया कि जब उन्हें पता चला कि मुझे पूरे षड्यंत्र की जानकारी है तो आरोप लगाकर फंसाया और निलंबित करवा दिया। ऐसे कई बयान हैं जिनसे पता चला है कि संघ, उससे जुड़े संगठनों और भाजपा नेताओं तक के नाम लेने के लिए आरोपियों और गवाहों पर दबाव डाले गए। केंद्र में सरकार नहीं बदलती तो क्या होता? ध्यान रखिए, मालेगांव ऐसा अकेला मामला नहीं था। इसमें भगवा या हिंदू आतंकवाद का आरोप लगने के साथ इसके पूर्व के दो विस्फोटो और मालेगांव प्रथम को भी हिंदू संगठनों की साजिश मानकर जांच शुरू की गई। 19 फरवरी, 2007 को 4001 अप अटारी समझौता एक्सप्रेस में हरियाणा के पानीपत जिले के शिव गांव के नजदीक विस्फोट हुआ था जिसमें 68 लोगों की मृत्यु हुई तथा डेढ़ सौ से ज्यादा घायल हुए। 18 मई, 2007 को हैदराबाद के मक्का मस्जिद में विस्फोट हुआ जिसमें तत्काल नौ लोगों की मृत्यु हुई और 58 घायल हो गए थे। इन दोनों में भी हिंदू आतंकवाद के नाम से गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय ससम्मान आरोपों से मुक्त कर चुका है। समझौता एवं मक्का मस्जिद दोनों में इस्लामी आतंकवादियों का नाम आया, मक्का मामले में आंध्र एटीएस ने दो को गिरफ्तार किया और डीजीपी ने बयान दिया कि लश्कर ए तैयबा के कहने पर सिमी ने विस्फोट कराए हैं। समझौता मामले में भी अमेरिकी एफबीआई ने लश्कर ए तैयबा के हाथ होने की ऑन रिकॉर्ड बात कही। मालेगांव प्रथम में भी पांच आरोपी गिरफ्तार हुए। तत्कालीन कर्नाटक के एसएफएल प्रमुख पीए मोहन ने कई इंटरव्यू दिए, जिसमें कहा कि आरोपियों ने न केवल नारको, बल्कि लाई डिटेक्टर, पोलीग्राफी सभी टेस्ट में बताया था कि हमने कैसे विस्फोट किए। हिंदू आतंकवाद कहानी गढ़ने के बाद उन सबको रिहा कर दिया गया। आखिर इन हमलों में मारे गए निर्दोष लोगों के अपराधियों को सजा न दिलाने का दोषी किसे मानेंगे? तब आधे दशक के आतंकवाद पर हुए विमर्श को याद करिए। पत्र पत्रिकाओं में आलेखों, टीवी डिबेटों, एनजीओ, अन्य संगठनों की विचार गोष्ठियों, यहां तक कि संसद के अंदर भी आतंकवाद पर हिंदू संगठनों को लांछित करने का लगातार अभियान चला। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ तक में हिंदू आतंकवाद विषय को उठाया।

अगर यह साबित हो जाता तो भारत का आतंकवाद विरोधी संघर्ष वैश्विक स्तर पर विफल रहता। आज देश की क्या स्थिति होती इसकी कल्पना से भय पैदा होता है। जिस साहस के साथ भारत पश्चिमी देशों को आईना दिखाता है कि आतंकवाद पर दोहरा रवैया नहीं चलेगा, भारत का सिर शर्म से झुका रहता। इन तथ्यों को देखिए और निष्कर्ष निकालिए। इन चारों विस्फोटों के अपराधी आज तक बाहर हैं और पता नहीं, वे क्या-क्या कर रहे होंगे। स्वाभाविक ही किसी भारतीय की पहली प्रतिक्रिया यही होगी कि जो इन षड्यंत्रों के पीछे थे, उन सबको कानून के तहत कठोर सजा दिलवाई जानी चाहिए। नेताओं से लेकर सुरक्षा व प्रशासनिक अधिकारियों तथा एक्टिविस्टों तक को न्याय के दायरे में खड़ा किया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई देश की सुरक्षा के साथ ऐसा घृणित षड्यंत्र नहीं कर सके।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# 'धर्म और अध्यात्म' के बदलते जा रहे हैं अर्थ



संकलित

दर्शन

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

# शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया श्राप



संकलित

प्रेरणा

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

## सटाका




## आज की पाती

### अध्यापक दायित्वों को दरकिनार करने से बचे

मानव की सोई हुई शक्ति को जगाने वाली शिक्षा है। टीचर का सही लक्ष्य मानव बनाने का है। जिस शिक्षा से मानव की मानवता जागृत नही हो अथवा पशुता के संस्कार समाप्त नही, उस शिक्षा का कोई महत्व नही है।वर्तमान में जो शिक्षा पद्धति है, वह समीचीन नही है। आज इस बात की आवश्यकता है कि शिक्षा का, ज्ञान का स्वरूप सम्यक हो एवं वातावरण में व्याप्त अराजकता के उन्मूलन के लिए जागरूकता पूर्वक प्रयास हो। लेकिन आज तो दोनों ही भटक गए है। अध्यापक नौकरी करते है और छात्र डिग्रियां लेते है। संस्कारो की चिंता किसी को नही है। आज मोबाइल और इंटरनेट के समय में जहा छात्र –छात्राएं भटक रहे है। वही टीचर भी अपनी मर्यादाओ को पीछे छोड़ रहे है। गुरु और शिष्य की परंपरा का निर्हवन नही होता है। गुरु शिष्य के पवित्र रिश्ते तार तार हो रहे है।

*–कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# वास्तविक दुनिया से जोड़ने ब्रिटेन में युवाओं को पैकेज

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने बुधवार को 8.8 करोड़ पाउंड के युवा सेवा पैकेज जारी किया, जिसका उद्देश्य किशोरों को स्क्रीन से दूर रखकर वास्तविक जगत की बाहरी गतिविधियों के माध्यम से अपने आसपास की दुनिया से फिर से जोड़ना है।



'बिल्डिंग क्रिएटिव फ्यूचर्स' कोष स्कूली बच्चों को नियमित स्कूली दिनों के अलावा खेल, कला और संगीत, वाद–विवाद या स्वयंसेवा जैसी पाठ्येतर गतिविधियों तक बेहतर पहुंच प्रदान करता है ताकि उनके आवश्यक कौशल में सुधार हो सके। 'बेटर यूथ स्पेसिस' कार्यक्रम की योजना उन क्षेत्रों में युवा क्लबों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए बनाई गई है, जहां गरीब बच्चे सबसे ज्यादा हैं। इसमें नए जिम उपकरण आदि शामिल हैं। स्टॉर्मर ने कहा, 'आजकल बच्चे ऑनलाइन दुनिया में आगे बढ़ते हुए, अक्सर खुद को घर पर अलग–थलग और अपने समुदायों से कटा हुआ पाते हैं।' उन्होंने कहा, 'एक सरकार के रूप में, इस चिंताजनक प्रवृत्ति पर कार्रवाई करना हमारा कर्तव्य है। आज का निवेश एक बेहतर विकल्प प्रदान करने के बारे में है: परिवर्तनकारी, वास्तविक दुनिया के अवसर जिनका देश भर के समुदायों पर प्रभाव पड़ेगा, ताकि युवा कुछ नया खोज सकें, अपनी ऊर्जा पा सकें।

## ऑफ बीट

# नींद में खलल से पक्षियों की आवाज में आता है बदलाव

पक्षियों को भी नींद में खलल पड़ने पर तकलीफ होती है, और यह उनके गायन में भी दिखाई देता है। पक्षियों की आवाज असाधारण रूप से विविध होती है।



यह साधारण आवाज, जैसे मुर्गा के कुकड़ू–कु, से लेकर अन्य ध्वनियों की जटिल नकल, कभी–कभी तो मानव आवाज की नकल तक होती है। यह आवाज पक्षियों के लिए अपने और अपने परिवेश के बारे में जानकारी साझा करने के वास्ते महत्वपूर्ण है। यह आमतौर पर छोटी और सरल होती है। इसका इस्तेमाल अक्सर सामाजिक संवाद के लिए किया जाता है, जैसे खतरे या भोजन का संकेत देना, रिश्तेदारों की पहचान के लिए या सामाजिक जुड़ाव बनाए रखने के लिए। गीत ज़्यादा जटिल और मधुर होते हैं और इनका इस्तेमाल साथी को आकर्षित करने, किसी क्षेत्र की रक्षा करने या नये क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए किया जाता है। ऐसी ध्वनियां उत्पन्न करने के लिए, पक्षियों को मस्तिष्क, फेफड़े और गले की मांसपेशियों सहित कई शारीरिक प्रणालियों का समन्वय करना पड़ता है। चूंकि स्वर–निर्माण जटिल होते हैं और सटीक समय की आवश्यकता होती है, इसलिए उनमें त्रुटियां होने की संभावना अधिक होती है। कई प्रजातियों में, जो पक्षी अधिक बार और अधिक जटिलता से गाते हैं, वे बेहतर साथी आकर्षित कर सकते हैं।

## ट्रेंड

### नई कृषि तकनीक



तमिलनाडु के किसानों के एक समूह से मुलाक़ात हुई। उनके अनुभवों और नवाचार पर उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ टिकाऊपन बढ़ाने के लिए नई कृषि तकनीकों को अपनाने के उनके प्रयासों के बारे में सुनकर मैं दंग रह गया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### राष्ट्रीय हथकरघा दिवस



हम 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से भर जाएं, हमको स्वदेशी अभियान चलाना है। आज 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' पर हम ये संकल्प भी लें कि हम अपने देश में बनी हुई चीजें को ही खरीदेंगे।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### उड़ान के लिए तैयार



गुवाहाटी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल नवंबर में खोला जाएगा। यह टर्मिनल न केवल पूर्वोत्तर राज्यों के साथ, बल्कि हमारे पड़ोसी देश भूटान के साथ भी संपर्क को बढ़ाएगा। नवंबर से एक नये और बेहतर अनुभव के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो जाइए।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### अनावश्यक टिप्पणी



राहुल गांधी हर बात पर संवैधानिक संस्थाओं पर अनावश्यक टिप्पणी करते रहते हैं, अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए चुनाव आयोग पर टिप्पणी करना अनुचित है। उन्होंने राजनीति में स्थापित होने के कई प्रयास किये लेकिन असफल रहे।

- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### आने वाले 3 साल में 30 लाख किसानों को स्थाई और 2 लाख किसानों को अस्थाई बिजली कनेक्शन दिए जाएंगेः मुख्यमंत्री डॉ.यादव

# 500 की जगह एक हजार में होगा रेंट एग्रीमेंट, प्रॉपर्टी एग्रीमेंट चार गुना महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के मानसून सत्र में सरकार ने आम लोगों पर स्टांप ड्यूटी का बोझ बढ़ा दिया है, जिससे पांच सौ के स्टांप पर होने वाले किरायानामे के लिए अब एक हजार रुपए देना पड़ेंगे। प्रॉपर्टी का रेंट एग्रीमेंट की स्टांप की राशि चार गुना बढ़ाई है, जिसमें एक हजार में होने वाला प्रॉपर्टी एग्रीमेंट अब पांच हजार रुपए के स्टांप पर होगा। इसी तरह रिवाल्वर और पिस्टल की स्टांप ड्यूटी भी पांच हजार से बढ़ाकर दस हजार रुपए कर दी गई है। विधानसभा में भारतीय स्टांप मध्य प्रदेश संशोधन विधेयक को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। स्टांप शुल्क बढ़ाने का विरोध करते हुए कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर नारेबाजी की। बुधवार को सदन में 8 विधेयक पेश किए गए। भारतीय स्टांप मध्य प्रदेश संशोधन विधेयक 2025 समेत सभी 8 विधेयक चर्चा के बाद पारित कर दिए गए।

स्टांप संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने कहा कि स्टांप ड्यूटी बढ़ाने पर लोगों पर बोझ बढ़ेगा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि एक तरफ कहा जाता है कि हम टैक्स नहीं बढ़ा रहे हैं, दूसरी तरफ इस तरह से शुल्क बढ़ाया जा रहा है।

सिंघार ने कहा कि सरकार कहती है कि हम विकास के लिए कर्ज ले रहे हैं तो फिर यह शुल्क क्यों बढ़ाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जवाब देते हुए कहा कि जो बढ़ाया है वह सोच-समझकर बढ़ाया है। एससी-एसटी और ओबीसी के लिए एफिडेविट मुफ्त है। यह संशोधन 11 साल के बाद आए हैं, जो 64 बिंदु में से 12 बिंदु में लागू होंगे।




विधानसभा में भारतीय स्टांप संशोधन विधेयक पास

एससी एसटी और ओबीसी के लिए एफिडेविट मुफ्त

## विधेयक के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने किया वॉकआउट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सदन में कहा कि आने वाले 3 साल में 30 लाख किसानों को स्थाई और 2 लाख किसानों को अस्थाई बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे। किसानों को सोलर बिजली से कनेक्शन दिए जाएंगे। उन्होंने सत्र के सफलतापूर्वक चलने पर विपक्ष की भी तारीफ की।

### सिंघार बोले, विधायक निधि 5 करोड़ रुपए की जाए

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि देश में सबसे कम सत्र चलाने वाला मध्य प्रदेश राज्य बन गया था, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से इसमें सुधार हुआ है। विधानसभा की कार्यवाही का लाइव टेलीकास्ट हो, इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और सदन को विचार करना चाहिए। सिंघार ने कहा कि 2 करोड़ की विधायक निधि आज की स्थिति में पर्याप्त नहीं है, इसे बढ़ाकर पांच करोड़ किया जाना चाहिए।

### किसानों पर बिजली के केस बनाकर वसूली

*प्रदेश में किसानों पर बिजली के केस बनाकर पेनल्टी लगाने और कनेक्शन धारी किसानों पर अवैध कनेक्शन बताकर ब्याज वसूली से पैदा हालात की जानकारी कांग्रेस विधायक महेश परमार ने सदन में दी। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ लूट की जा रही है। मीटर के कनेक्शन गलत बताकर वसूली निकाली जा रही है। किसानों को सिर्फ बिल सौंपे पर जा रहे हैं। लोक अदालत में छूट का प्रतिशत 30 से बढ़ाकर 50 किया जाए। बिजली विभाग का नाम बदलकर जबरन वसूली विभाग रख देना चाहिए। 16 प्रतिशत ब्याज सरकार किसानों से वसूल रही है।*

### परमार ने कहा, जब पुराने मीटर सही तो नए मीटर क्यों

*स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध करते हुए विधायक परमार ने कहा कि जहां मीटर लगाए जा रहे हैं, वहां 250 रुपए का बिल 2500 से 3000 आ रहा है। जब पुराने मीटर सही काम कर रहे हैं, तो नए मीटर क्यों लगाए जा रहे हैं, ऊर्जा मंत्री इसका जवाब दें।*

### जयवर्धन बोले, स्टांप शुल्क बढ़ाकर बढ़ाया जनता पर बोझ


कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए विधेयक से जनता पर बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ उद्योगपतियों को सरकार छूट देती है और दूसरी ओर आम जनता पर स्टांप शुल्क बढ़ाकर बोझ बढ़ाया जा रहा है।



वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन समेत किसी तरह की पेंशन में कोई वृद्धि नहीं की जा रही है, लेकिन संपत्ति के लेन-देन, कानूनी दस्तावेज, स्टांप ड्यूटी बढ़ाई जा रही है। जयवर्धन ने कहा कि एफिडेविट का सबसे अधिक उपयोग किसान और आम आदमी करता है, उसकी राशि बढ़ाई जा रही है। यह जनता के हित में नहीं है।

### शिविरों की जानकारी नहीं दे पाए टेटवाल, स्पीकर बोले-धीमे बोलिए

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंत्री वक्तव्य के बाद शिविरों की जानकारी मांगी तो मंत्री टेटवाल जवाब नहीं दे पाए। इस पर



विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि जब भी जवाब देने के लिए आएं तो मौलिक और मूलभूत जानकारी साथ रहनी चाहिए। टेटवाल ने कहा कि कमजोर वर्गों को एक लाख तीन करोड़ की मदद दी गई है। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि एक लाख करोड़ दी गई है या एक करोड़ दी गई है, यह स्पष्ट नहीं है, राशि समझ में नहीं आई। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने मंत्री से कहा कि धीरे-धीरे अपनी बात रखें जो राशि को बताना चाहते हैं, वह धीमे बोलने से कम नहीं हो जाएगी।

### विधानसभा में ये विधेयक हुए पारित

- मध्य प्रदेश मोटरयान कराधान संशोधन विधेयक-2025
- मध्य प्रदेश जन विश्वास उपबंधों का संशोधन विधेयक-2025
- मध्य प्रदेश माध्यस्थम अधिकरण संशोधन विधेयक-2025
- विधिक सहायता और विधिक सलाह निरसन विधेयक-2025
- भारतीय स्टांप मध्य प्रदेश संशोधन विधेयक-2025
- मध्य प्रदेश माल और सेवा कर संशोधन विधेयक-2025
- रजिस्ट्रीकरण मध्य प्रदेश संशोधन विधेयक-2025
- भारतीय स्टांप मध्य प्रदेश द्वितीय संशोधन विधेयक-2025

### कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी की

## पुलिस की वर्दी पहनकर कांग्रेस विधायकों ने कहाः आरक्षक भर्ती घोटाला 'व्यापमं पार्ट 2'



भाजपा सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस विधायकों के विरोध प्रदर्शन के नए-नए अंदाज देने को मिल रहे है। बुधवार को विधानसभा मानसून सत्र के आठवें दिन आरक्षक भर्ती घोटाले को लेकर कांग्रेस विधायक पुलिस की वर्दी पहनकर विधानसभा पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में आरक्षण भर्ती घोटाले की जांच की मांग करते हुए महात्मा गांधी प्रतिमा के पास बैठकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उमंग सिंघार ने कहा कि आरक्षक भर्ती परीक्षा में असली उम्मीदवारों की जगह नकली सॉल्वर परीक्षा दे रहे थे। जांच में फोटो, सिग्नेचर, हैंडराइटिंग और फिंगरप्रिंट मेल नहीं खा रहे, फर्जी आधार कार्ड के जरिए सात हजार 411 पदों की भर्ती में खुला खेल जारी है। सरकार घोटाले के बाद भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को संरक्षण देकर युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। सिंघार ने कहा कि आरक्षण भर्ती घोटाला 'व्यापम पार्ट 2' है और इसकी निष्पक्ष न्यायिक जांच कर दोषियों को सजा दी जानी चाहिए।

### मुख्यमंत्री के विभाग में भी हो रहे घोटालेः सिंघार

*उमंग सिंघार ने कहा कि जो युवा मेहनत कर पढ़ाई कर परीक्षा देते हैं उनका साथ धोखा हो रहा है, लेकिन व्यापमं जैसे घोटाला करने वाले लोग जो सरकार में बैठे हैं वो फर्जी कांस्टेबल बनाना चाहते हैं लेकिन कांग्रेस चुप नहीं रहेगी। जब तक इस पूरे घोटाले में शामिल लोगों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत सजा नहीं मिलती, कांग्रेस का आंदोलन विधानसभा से लेकर सड़क तक जारी रहेगा। कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि पूरा देश जानता है कि कांग्रेस अब खुद बेरोजगार पार्टी बन चुकी है। जबकि प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार नियुक्तियां कर रही है और अब तक एक लाख से अधिक युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है।*

### विधानसभा में पारित हुआ जन विश्वास विधेयक 2025

## अब छुटपुट मामलों में नहीं लगाने होंगे कोर्ट-कचहरी के चक्कर

मध्यप्रदेश सरकार ने आम लोगों, उद्यमियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक कानूनी उलझनों से राहत देने के



उद्देश्य से जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2025 विधानसभा में प्रस्तुत किया, जिसे सदन में चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस विधेयक के तहत चार पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त किया गया है, वहीं 16 कानूनों की 44 धाराओं को अपराध की श्रेणी से बाहर कर सामान्य आर्थिक दंड (पेनल्टी) में बदला गया है। मंत्री चैतन्य काश्यप ने मंगलवार को विधेयक को विधानसभा में पेश किया और बुधवार को इस पर हुई चर्चा के दौरान बताया कि अब छोटी-मोटी त्रुटियों या अनजाने में हुए सिविल उल्लंघनों पर आम नागरिकों और व्यवसायियों को कोर्ट-कचहरी के चक्कर नहीं लगाने होंगे। यह विधेयक 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और न्याय प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### 'जन विश्वास 2.0' लाने का औचित्य स्पष्ट नहीं

*कांग्रेस विधायक सोहनलाल वाल्मीकि ने विधेयक पर सवाल खड़े किए और कहा कि 'जन विश्वास 2.0' का अभी तक कोई ठोस असर नहीं दिखा, ऐसे में 2.0 लाने का औचित्य स्पष्ट नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधेयक केवल अफसरों की सलाह से बनाया गया है और इसमें आम जनता, विशेषज्ञों या जमीनी अनुभव को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि यह प्रावधान केवल आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को फायदा पहुंचाएगा, जबकि गरीब तबका पेनल्टी या सजा के डर से परेशान रहेगा।*

### विधायक जयवर्धन सिंह का आरोप

## फर्जी मरीज, फर्जी इलाज, फर्जी अस्पताल को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से हो गया 50 लाख रुपए का भुगतान

मध्यप्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद में हुए भ्रष्टाचार का बड़ा मामला उठाया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि गुना जिले में एक फर्जी अस्पताल को 10 महीनों में करीब 50 लाख की सहायता राशि जारी कर दी गई, जबकि वह अस्पताल कागजों पर ही संचालित हो रहा था। विधानसभा में जयवर्धन सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि गुना जिले में भोपाल सिटी अस्पताल नामक एक अस्पताल को मुख्यमंत्री सहायता राशि के तहत लाखों रुपए दिए गए, जबकि यह अस्पताल पूरी तरह फर्जी था। भोपाल सिटी अस्पताल गुना में कभी अस्तित्व में था ही नहीं। यह अस्पताल 19 जुलाई 2024 से फर्जी तरीके से संचालित किया जा रहा था। जयवर्धन सिंह ने आगे कहा कि अस्पताल के फर्जी संचालक राजेश शर्मा ने फर्जी मरीजों के नाम पर राशि ठगी। लोगों के नाम और पहचान का उपयोग कर उनके नाम पर फर्जी इलाज दिखाया गया। कई ऐसे लोगों के वीडियो भी सामने आए, जिन्होंने साफ तौर पर कहा है कि ना वे भर्ती हुए, ना उन्हें कोई सहायता राशि मिली।

### अस्पताल बंद होने के बाद भी मिलती रही राशि

*जयवर्धन सिंह ने कहा कि चार अप्रैल 2025 को अस्पताल संचालक द्वारा एक पत्र जारी कर अस्पताल को बंद करने की बात कही गई। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि अस्पताल के बंद होने के बाद भी उसे सहायता राशि मिलती रही। बंद होने के बाद भी 80,000, 1,20,000 और 75,000 की राशि का भुगतान किया गया। सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने खुद विधानसभा में यह स्वीकार किया कि जांच के दौरान गुना में भोपाल सिटी अस्पताल का अस्तित्व नहीं मिला। जयवर्धन सिंह ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि अभी तक हम व्यापम घोटाले की बात करते थे, फर्जी डॉक्टरों की बात करते थे, लेकिन अब भाजपा सरकार ने एक नई मिसाल पेश की है, फर्जी अस्पताल बनाकर भ्रष्टाचार करने की।*

### वेतन के हिसाब से हो रही गणना

## नगर निगम कर्मचारियों को 13 साल मिलेगा हाउस अलाउंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम कर्मचारियों को हाउस अलाउंस दिया जाएगा। जिसके लिए निगम ने काम शुरु कर दिया है। जिसके तहत इसी सप्ताह कर्मचारियों के खाते में राशि आने की उम्मीद है। पूरे 13 साल बाद कर्मचारियों को यह अलाउंस मिलने जा रहा है।

राज्य सरकार ने बीते 3 अप्रैल को सरकारी कर्मचारियों को एचआरए देने की घोषणा की गई थी। लेकिन कर्मचारियों के बीच असमंजस की स्थिति थी। क्योंकि इसमें यह स्पष्ट नहीं था कि एचआरए किस प्रकार से कर्मचारियों को दिया जाएगा। हालांकि बाद में 5 मई को राज्य सरकार ने एक संशोधित आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि सरकारी कर्मचारियों को उनके वेतन पर ही एचआरए मिलेगा। 13 साल बाद बढ़ी भत्तों की राशि गृह विभाग के साथ विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को विकलांगता भत्ता, गृह किराया भत्ता, सचिवालय भत्ता, आदिवासी क्षेत्र भत्ता, यात्रा भत्ता, जोखिम भत्ता, दैनिक भत्ता, पुलिस कर्मियों के लिए आहार भत्ता, वर्दी धुलाई और सिलाई भत्ता दिया जाता है। लेकिन 2010 के बाद से यह राशि नहीं बढ़ी थी। अब सरकार ने भत्ते को बढ़ाने का ऐलान किया है।

## जूनियर व्याख्याताओं को ग्रेड-पे 6600 रुपए, जबकि सीनियर को सिर्फ 5400 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी इन दिनों मनमानी पर उतारू हैं। वे मुख्य सचिव अनुराग जैन, अवर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजोरा एवं सचिव डॉ. संजय गोयल के आदेशों को दरकिनार करते हुए उनका पालन करना उचित नहीं समझ रहे हैं। दरअसल, यह आरोप मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर लगाए हैं। संघ का कहना है कि उक्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आदेश जारी कर चुके हैं कि वर्ष 1974-75 के रिटायर सीनियर व्याख्याताओं को पिछले 8 वर्षों से द्वितीय समयमान वेतनमान में पे-फिक्सेशन से कम वेतन मिलने की गड़बड़ी दूर की जाए। संघ ने बताया कि सीनियर्स को ग्रेड पे 5400 रुपए के स्थान पर ग्रेड पे 6600 रुपए नहीं दिया जा रहा है, जबकि समान व्याख्याता केडर पद में जूनियर 1994-95 के व्याख्याताओं को ग्रेड पे 6600 रुपए दिया जा रहा है। संघ की मांग है कि दोनों को समान ग्रेड-पे 6600 रुपए दिया जाए या जूनियर व्याख्याताओं का ग्रेड-पे रुपए 5400 कर उनकी रिकवरी की जाए। इस बारे में तीनों वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आदेश दे चुके हैं।

### वाटर पार्क फिटनेस स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्णः मुख्यमंत्री

## इंदौर में प्रदेश के सबसे बड़े वाटर पार्क का वर्चुअल उद्घाटन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वाटर पार्क न केवल मनोरंजन का माध्यम है, अपितु फिटनेस और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह लोगों में उमंग और ऊर्जा से भर देता है।

डॉ. यादव ने बुधवार को इंदौर में 220 करोड़ रुपए की लागत से 25 एकड़ क्षेत्र में निर्मित प्रदेश के सबसे बड़े वाटर पार्क 'इमेजिका एक्वा' का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट, पूर्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, ओमप्रकाश सकलेचा आदि उपस्थित थे।

### वाटर पार्क बदलते दौर में अनुपम उपहार



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर स्वच्छता की राजधानी है। इंदौर में यह वृहद् वाटर पार्क बदलते दौर में अनुपम उपहार होगा। इंदौर अद्वितीय और आदर्श नगर है। वाटर पार्क यहां की नई पहचान बनेगा। डॉ. यादव ने वाटर पार्क प्रारंभ करने के लिए मालपानी समूह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जल से गहरा संबंध है। पृथ्वी की उत्पत्ति से ही जीव जन्तु और मनुष्य जल के साथ जीवन व्यतीत करते हैं। स्नान से भी वही सुख मिलता है, जो माता-पिता के सानिध्य से प्राप्त होता है। हताशा और निराशा या कष्ट की स्थिति में मनुष्य के दुःख जल के संपर्क से दूर हो जाते हैं। राजेश संजय और मालपानी समूह के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का कार्यक्रम में भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया।

### कलेक्टर और एसपी को समस्याओं से कराया अवगत, सौंपा ज्ञापन

## रोजगार और मुआवज़े की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे रायगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

महाराष्ट्र स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) को आवंटित गारे-पेलमा सेक्टर-2 कोयला खदान के शीघ्र संचालन की मांग को लेकर रायगढ़ जिले के तामनार ब्लॉक के कई गांवों से सैकड़ों प्रभावित ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे।

उन्होंने कलेक्टर और एसपी रायगढ़ से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा और परियोजना में हो रही देरी पर गहरी चिंता जताई। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि इस परियोजना के शुरू न होने से वे रोजगार और मुआवज़े के लंबे इंतज़ार में हैं, और



उनका जीवन ठहराव की स्थिति में है इसलिए खदान का संचालन शीघ्र शुरू किया जाए। उन्होंने मांग की कि खदान का संचालन शीघ्र शुरू किया जाए ताकि अधिग्रहण, मुआवज़ा और पुनर्वास की प्रक्रिया आगे बढ़ सके। बैठक के दौरान ढोलनारा और डोलेसरा के ग्रामीणों ने शीघ्र मुआवज़े की मांग की।

### सर्वे हुआ, अधिग्रहण और मुआवज़ा नहीं

ढोलनारा, सरायटोला, भालूमाड़ा, कुंजीमुरा, मुड़ागांव, चितवाही, डोलेसरा और पाता जैसे गांवों के ग्रामीण वर्षों से इस उम्मीद में हैं कि महाजनको की इस कोल परियोजना से उन्हें स्थायी आय और सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। हालांकि, अब तक न तो उनकी ज़मीन अधिग्रहित की गई है और न ही मुआवज़े की प्रक्रिया शुरू हुई है। केवल सर्वे कार्य किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना की घोषणा ने उन्हें आशा दी थी कि उन्हें रोजगार और मुआवज़ा मिलेगा, लेकिन वर्षों बाद भी वे उसी मोड़ पर खड़े हैं।

### एक महिला की भूमिका भी संदिग्ध, पुलिस कर रही जांच

## आठवीं की छात्रा से तीन दोस्तों ने किया अलग-अलग रेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

जिले के चांदनी बिहारपुर में 8वीं की छात्रा से तीन दोस्त अलग-अलग गांव पहुंच कर बीते दो वर्षों से दुष्कर्म जैसी घटना को बिना किसी डर अंजाम दे रहे थे। इसका खुलासा तब हुआ जब स्कूल में छात्रों को गुड टच बैड टच की जानकारी दी जा रही थी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने उक्त जानकारी बल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को दी। जिसके बाद छात्रा की सीडब्ल्यूसी में 31 जुलाई को काउंसलिंग की गई।

इस दौरान छात्रा ने बताया कि दो वर्ष पूर्व उक्त छात्रा जब 6वीं कक्षा में पढ़ रही थी, तब वह नानी के घर देवढ़ी गई हुई थी। उस दौरान उसकी जान



पहचान देवढ़ी के युवकों के साथ हुई थी। उसके बाद छात्रा वापस अपने गांव आ गई थी। बाद में एक युवक उसके गांव पहुंच गया। युवक ने गांव की ही शादीशुदा महिला सिमरन से संपर्क कर छात्रा को बुलाया और उसके साथ जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। वही जब छात्रा रोने लगी तो उसे किसी प्रकार समझा-बुझाकर सिमरन के पास छोड़ दिया। उसके बाद उक्त युवक के दूसरा साथी भी गांव पहुंच गया और वी भी सिमरन के माध्यम से बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इसी बीच उनका तीसरा साथी भी एक माह पूर्व उसके साथ दुष्कर्म करने लगा जब उसने इसका विरोध किया तो उसने उसका कपड़ा तक फाड़ दिया। सीडब्ल्यूसी सूरजपुर ने 31 जुलाई को छात्रा का बयान दर्ज किया। सूरजपुर एसपी प्रशांत ठाकुर से संपर्क किया गया। एसपी ने चांदनी थाने में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। छात्रा को चांदनी थाने भेजा गया।

### दो दिन तक परेशान हुई पीड़िता, लेकिन दर्ज नहीं की रिपोर्ट

दो दिन तक छात्रा अपने परिजनों के साथ चांदनी थाने गई, लेकिन थानेदार ने एफआईआर दर्ज नहीं की। इस दौरान थानेदार ने छात्रा और परिजनों से उल्टा सवाल किया कि वे सीडब्ल्यूसी व एसपी के पास क्यों गए थे। इसकी जानकारी सीडब्ल्यूसी के जिला अधिकारी मनोज जायसवाल को मिली, तो उन्होंने छात्रा को सूरजपुर बुलाया, फिर से एसपी से संपर्क किया। एसपी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर सूरजपुर थाने में 4 अगस्त को शून्य में अपराध दर्ज किया गया। 5 अगस्त को मामला सूरजपुर थाने से चांदनी बिहारपुर भेजा गया। चांदनी बिहारपुर पुलिस ने धारा 351 (2), 64 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। इस मामले में सूरजपुर एसपी प्रशांत ठाकुर ने तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया है। छात्रा की परिचित महिला सिमरन की भी मामले में भूमिका संदिग्ध है। उसके खिलाफ भी मामले में जांच की जाएगी। पुलिस ने आरोपियों के नाम की जानकारी नहीं दी है।

## नकद और जेवरात चोरी करने वाला धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले में पुलिस ने सोने-चांदी के जेवर व नगदी रकम चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ा है। आरोपी ने घर में घुसकर 2.15 लाख रुपये और 50 हजार के आभूषण की चोरी की थी।

मामला नांदघाट थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी भुनेश्वर यादव ने बताया कि पीड़िता कलिन्द्री साहू पति स्व. गौकरण साहू उम्र 60, निवासी मेहना थाना नांदघाट जिला बेमेतरा




ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके बताया था कि 3-4 अगस्त की दरमियानी रात में कोई अज्ञात चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर घर अंदर रखी पेटी से दो लाख 15 हजार रुपये नगद और 50 हजार रुपये कीमत के आभूषण की चोरी की है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। विवेचना के दौरान आरोपी राकेश साहू ऊर्फ लल्लू उम्र 32 वर्ष, निवासी मेहना थाना नांदघाट को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी ने पूछताछ में अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने दो लाख 43 हजार 900 रुपये का सामान जब्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया है।



# 250 सिनेमाघरों में दिखाई जाएंगी गुरु दत्त की खास फिल्में...

**मुंबई।** महान फिल्म निर्माता गुरु दत्त के शताब्दी समारोह के मौके पर अगस्त में पूरे भारत में उनकी मशहूर फिल्मों को दिखाया जाएगा। 8 से 10 अगस्त तक, भारत भर के 250 से अधिक सिनेमाघरों में गुरु दत्त की बेहतरीन फिल्मों को दिखाया जाएगा। इन फिल्मों में प्यासा, आर-पार, चौदहवीं का चांद, साहेब बीवी और गुलाम, कागज के फूल, मिस्टर एंड मिसेज 55 और बाज शामिल हैं। अल्ट्रा मीडिया और एनएफडीसी-एनएफएआई के सहयोग से गुरु दत्त की प्रतिभा का जश्न मनाने के लिए एक खास प्रोग्राम का आयोजन किया गया। आर. बाल्की ने कहा 'मैंने वास्तव में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एक फिल्म बनाने की कोशिश की है।

## लाइफ Style



# अनुष्का घाटी में जबरदस्त एक्शन मोड में दिखीं

अनुष्का शेट्टी की लंबे समय से अटकी एक्शन-ड्रामा फिल्म 'घाटी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। कृष जगरलामुदी द्वारा निर्देशित फिल्म 'घाटी' के ट्रेलर में खतरनाक पर्वत श्रृंखलाओं में सामने आने वाली गंभीर चुनौती को दिखाया गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ट्रेलर में अनुष्का शेट्टी जबरदस्त एक्शन मोड में हैं। फिल्म घाटी के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक नए पोस्टर के साथ ट्रेलर शेयर किया। कैप्शन में लिखा है 'घाटी की एक आवाज है। यह दहाड़ती है। यह विद्रोह करती है। यह गूंजती है। 'घाटी' खून, पसीने और पत्थर से गढ़ी गई एक कहानी है। घाटी का ट्रेलर अब रिलीज हुआ है।' फिल्म के ट्रेलर में, अनुष्का शेट्टी एक उग्र और साहसी महिला का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। वह पहले एक प्यारी साथी होती हैं। इसके बाद उनके साथ कुछ हादसा हो जाता है और वह एक शक्तिशाली बदला लेने वाली महिला बन जाती हैं। ट्रेलर में मादक पदार्थ की तस्करी की दलदली दुनिया दिखाई गई है। सिनेमैटोग्राफर मनोज रेड्डी कटासानी ने बेहद खूबसूरत, लेकिन क्रूर परिदृश्यों को अच्छे से फिल्माया है। नागवेल्ली विद्या सागर का संगीत फिल्म के भावनात्मक पहलुओं को उभार रहा है। घाटी'अनुष्का शेट्टी और निर्देशक कृष जगरलामुदी के बीच उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म वेदम की सफलता के बाद दूसरा सहयोग है। यूवी क्रिएशन्स बैनर के तहत राजीव रेड्डी और साई बाबू जगरलामुडी द्वारा निर्मित, घाटी तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# पामिएरी थे महान संगीतकार

**लॉस एंजिल्स।** रूंबा और लैटिन जैज के संगीतकार एडी पामिएरी का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। पियानोवादक, संगीतकार और बैंड लीडर पामिएरी ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले पहले लैटिनो थे। उन्होंने अपने कॅरियर में सात और बड़े पुरस्कार जीते। पामिएरी का जन्म न्यूयॉर्क के स्पेनिश हार्लेम में 15 दिसंबर, 1936 को हुआ था। उस समय संगीत को गुलामी से बाहर निकलने का एक जरिया माना जाता था। उन्होंने अपने भाई चार्ली पामिएरी की तरह कम उम्र में ही पियानो सीखना शुरू कर दिया था।




# जेन एटा पिट के लिए पोती ने लिखी भावुक पोस्ट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट की मां जेन एटा पिट का निधन हो गया है। जेन एटा पिट के निधन की जानकारी उनकी पोती सिडनी पिट ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने पोस्ट में दादी की कई तस्वीरें शेयर कीं और एक भावुक पोस्ट लिखी। ब्रैड पिट की मां एक सेवानिवृत्त स्कूल काउंसलर थीं। जेन एटा पिट परिवार को एक सूत्र में पिरोने वाली कड़ी थीं। वह अपनी दयालुता, दृढ़ता और अपने बच्चों के प्रति बिना किसी स्वार्थ के प्यार करने के लिए जानी जाती थीं। उनकी शादी विलियम एल्विन पिट से हुई थी। उनके तीन बच्चे थे, जिनमें ब्रैड सबसे बड़े थे। जेन एटा पिट की पोती ने सोशल मीडिया पर अपनी दादी को श्रद्धांजलि दी और लिखा 'मेरी प्यारी दादी हम अभी आपके जाने के लिए तैयार नहीं थे।



# काजोल के कहने पर तनुजा ने बजाई सीटी

**मुंबई।** 81 साल की उम्र में भी दिग्गज अभिनेत्री तनुजा अपनी जीवंतता से सभी को हैरान कर रही हैं। महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार समारोह में उन्होंने अपनी बेटी काजोल के कहने पर मजेदार अंदाज में सीटी बजाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस खास पल को अनुपम खेर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। अनुपम खेर ने इस पल का एक वीडियो शेयर करते हुए तनुजा को 'भारतीय सिनेमा की सबसे कूल हीरोइन' बताया। उन्होंने लिखा, तनुजा जी न सिर्फ शानदार अभिनेत्री और मां हैं, बल्कि एक कमाल की इंसान भी हैं। उन्होंने मेरे साथ किशोरी की तरह सीटी बजाई। उनके जज्बे को सलाम। अनुपम खेर की इस पोस्ट पर काजोल ने रिप्लाई करते हुए लिखा, दो महानुभाव.. आप और मां।' तनुजा ने बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी।



# इंस्पेक्टर जेंडे का फर्स्ट पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी और ओटीटी के फैंस जहां 'द फैमिली मैन सीजन 3' के इंतजार में पलक पावड़े बिछाकर बैठे हैं, वहीं गुरुवार को उनकी एक नई फिल्म की रिलीज डेट आ गई है। मेकर्स ने नई क्राइम थ्रिलर मूवी 'इंस्पेक्टर जेंडे' का फर्स्ट पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें मनोज बाजपेयी के साथ जिम सर्भ नजर आएंगे। पोस्टर का अंदाज अलग है और वह एक अखबार की शक्ल में है, जिससे पता चलता है कि यह चोर-पुलिस का मजेदार रोमांचक खेल होने वाला है। यह फिल्म सीधे ओटीटी पर रिलीज हो रही है। मनोज और जिम की यह नई फिल्म अगले महीने सितंबर में ही रिलीज होगी। इंस्पेक्टर जेंडे के राइटर और डायरेक्टर चिन्मय डी. मंडलेकर हैं। यह क्राइम थ्रिलर 5 सितंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# बिग बी ने शुरू की कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 की शूटिंग

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन के बहुचर्चित शो केबीसी सीजन 7 की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही निर्माताओं ने इस सीजन में को लेकर अहम जानकारी साझा की है। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 का प्रीमियर 11 अगस्त को होगा। यह शो सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह शो सोनीलिव पर भी स्ट्रीम होगा। निर्माताओं ने बताया कि इस नए सीजन में नए प्रतियोगी, मुश्किल सवाल और शो के 25 साल पूरे होने की खुशी में कुछ खास सरप्राइज होंगे। उन्होंने कहा, केबीसी 17 नए सीजन और शानदार होस्ट के साथ दर्शकों का पसंदीदा शो बनेगा। शुरुआती एपिसोड में नई घोषणाएं की जाएंगी। केबीसी शो के 25 साल पूरे होने पर सोनी टीवी ने एक खास अभियान शुरू किया है 'जहां अकल है वहां अकड़ है'। यह अभियान बुद्धि और आत्मविश्वास का जश्न मनाता है। हाल ही में अमिताभ बच्चन ने केबीसी को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया था। बिग बी 2000 से केबीसी के होस्ट हैं (2003 के एक सीजन को छोड़कर)। उन्होंने अपने ब्लॉग में नए सीजन को लेकर उत्साह और घबराहट जाहिर की। उन्होंने लिखा, " काम शुरू... सुबह जल्दी उठकर केबीसी के नए सीजन का पहला दिन... हमेशा की तरह घबराहट, कांपते घुटने। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतियोगी और दर्शक ही शो को खास बनाते हैं।

## निहारिका रॉय निभाएंगी कॉमेडी शो 'घरवाली पेड़वाली' में सावी का किरदार

**मुंबई।** एण्डटीवी शो 'घरवाली पेड़वाली' भावनाओं, हंसी और डरावने सरप्राइज से भरी मज़ेदार रोलरकोस्टर राइड पर ले जाने के लिए तैयार है। इस अनोखी और ताज़गी भरी कहानी में चार चांद लगाने आ रही हैं जोशीली और प्रतिभाशाली अभिनेत्री निहारिका रॉय। इस शो में वह 'सावी' का किरदार निभाती नजर आएंगी। सावी एक जेन-ज़ी लड़की है- जो निडर, आत्मविश्वास से भरपूर और फैशन में आगे। इस अनोखे लव ट्राएंगल में 'घरवाली' के रूप में सावी की एंट्री कई दिलचस्प मोड़ लाने वाली है। अपने स्टाइलिश एटीट्यूड और दिलकश अंदाज़ के साथ, निहारिका गहरी छाप छोड़ने को तैयार हैं। 'सावी' के अपने किरदार के बारे में



बात करते हुए निहारिका रॉय ने कहा, "सावी सिर्फ़ एक किरदार नहीं है, वह एक पूरी वाइब है। वह आज की आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और निडर लड़कियों का प्रतिनिधित्व करती है, जो अपनी जिंदगी की कमान खुद संभालना जानती हैं। मुझे उसका बेझिझक बोलना, बिंदास अंदाज़ और अपनी बात बेबाक़ी से रखने वाला स्वभाव पसंद है। वह टीवी पर दिखाए जाने वाले पारंपरिक महिला किरदारों से अलग है। उसकी खास बात है उसका आधुनिक नजरिया, भावनात्मक मैच्योरिटी, और साथ ही छोटे शहर की एक हल्की-सी मासूम सी झलक। मुझे भी असल जिंदगी में मस्ती भरी नोंक-झोंक और अचानक की गई शरारतें पसंद हैं, इसलिए सावी का किरदार निभाना मेरे लिए नैचुरल है। यह रोल मेरे लिए न सिर्फ़ रोमांचक है बल्कि इमोशनल रूप से भी खास है।" शो को लेकर अपनी उत्सुकता ज़ाहिर करते हुए निहारिका रॉय कहती हैं, "घरवाली पेड़वाली' मेरे लिए इसलिए भी खास है क्योंकि इसका कॉन्सेप्ट जितना अनोखा है, उतना ही अनप्रेडिक्टेबल और एंटरटेनिंग भी है। यह कोई आम रोमांटिक शो या डेली सोप जैसा नहीं है; इसमें है एक एनर्जेटिक लव ट्राएंगल, एक रहस्यमयी भूत और भरपूर हास्य से भरे मज़ेदार ट्विस्ट। इस शो का टाइटल सुनने में जितना सिंपल लगता है, असल में कहानी में जैसे-जैसे किरदार सामने आते हैं, इसकी गहराई और क्रिएटिविटी समझ आती है।

# ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच डांस फेस-ऑफ

**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्म कही जा रही 'वॉर 2' के गाने 'जनाबे आली' का टीजर रिलीज हो गया है। इस गाने में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के बीच डांस फेस-ऑफ देखने को मिल रहा है, जो एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। फैंस अब इस डांस बेटल को देखने के लिए और भी एक्साइटेड हो गए हैं। टीजर में सिर्फ एक झलक दिखाई गई है, जिसमें ऋतिक और जूनियर एनटीआर एक साथ डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। गाने को देखने के लिए दर्शकों को सीधे थिएटर्स का रुख करना होगा, क्योंकि इस गाने की पूरी वीडियो केवल सिनेमा हॉल्स में ही दिखाई जाएगी। यशराज फिल्म की ओर से गाने के टीजर को इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है। इस गाने का संगीत प्रीतम ने दिया है। कोरियोग्राफर बॉस्को लेस्ली मार्टिस ने की है। हिंदी में इसे सचेत टंडन और साज भट्ट ने गाया है। वहीं, लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य के हैं। ऋतिक



रोशन अक्सर अपने किलर डांस मूव्स के लिए जाने जाते हैं। अब इस गाने में भी वो कुछ वैसा ही करते हुए नजर आ रहे हैं। दूसरी तरफ जूनियर एनटीआर को यूं डांस करते देखना फैंस के लिए भी सरप्राइज है। 'वॉर 2' 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषा में वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही है। एक्शन, थ्रिल और अब डांस का जबरदस्त मेल इस फिल्म को 2025 की सबसे बड़ी रिलीज बना सकता है।

# क्लर्क से बने लेखक, चार दशकों में लिख डाले 240 गाने मेरे देश की धरती.. के लिए मिला सम्मान

**नई दिल्ली।** विभाजन का दंश झेलकर गुलशन कुमार मेहता उर्फ गुलशन बावरा पाकिस्तान से भारत आए थे। शुरुआती दौर में बड़ी बहन के घर रहे, फिर भाई की नौकरी दिल्ली में लगी तो साथ चले आए। दिल्ली विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन किया। कॉलेज के दिनों में ही गुलशन बावरा को शायरी, कविता करने का शौक हो गया था। कैसे वह दिल्ली से मायानगरी बंबई (मुंबई) आए? आगे चलकर किन-किन मशहूर गीतों को लिखकर बॉलीवुड में मशहूर हुए?



***क्लर्क की नौकरी करते हुए फिल्मों में किया संघर्ष :*** गुलशन बावरा ने जब अपनी ग्रेजुएशन पूरी की तो नौकरी की तलाश करने लगे। उन्होंने रेल्वे में नौकरी के लिए आवेदन किया। कोटा, राजस्थान में नौकरी मिल भी गई लेकिन जब वहां पहुंचे तो सारे पद भर गए थे। ऐसे में उनको बंबई में क्लर्क की नौकरी मिली। इस तरह वह साल 1955 में मायानगरी पहुंच गए। नौकरी करते-करते उन्होंने अपने लिखने के शौक को जिंदा रखा। वह फिल्मों में काम पाने के लिए कोशिश करते रहे। इसी संघर्ष के दौरान उन्हें म्यूजिक कंपोजर कल्याणजी उर्फ विरजी शाह ने फिल्म 'चंद्रसेना (1959)' में एक गाना लिखने का मौका दिया। इस गाने के बोल थे 'मैं क्या जानू काहे लागे ये सावन मतवाला', इस गाने को लता मंगेशकर जी ने अपनी आवाज में गाया था। इसी फिल्म के बनने के दौरान फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर शांतिभाई पटेल ने गुलशन को बावरा उपनाम दिया। इसके बाद से ही वह गुलशन बावरा के नाम से मशहूर हुए।

**दो बार मिला फिल्मफेयर अवॉर्ड :** गुलशन बावरा ने अपने कॅरियर में कई हिट गाने बॉलीवुड फिल्मों के लिए लिखे। फिल्म उपकार के लिए लिखे गीत 'मेरे देश की धरती'के लिए उन्हें साल 1968 में बेस्ट लिरिस्टि (गीतकार) का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। इसी तरह साल 1974 में जंजीर फिल्म के गाने 'यारी है इमान मेरा'के लिए भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला।

## आखिरी गाने को लेकर हुआ विवाद

गुलशन बावरा ने अपने 42 साल के कॅरियर में लगभग 240 गाने लिखे हैं। कल्याणजी और आनंदजी, शंकर जयकिशन, आर. डी. बर्मन जैसे मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर के साथ काम किया है। आर.डी.बर्मन के साथ तो उन्होंने सबसे ज्यादा काम किया। फिल्म ' हकीकत (1995) के लिए गुलशन बावरा ने एक गाना 'ले पप्पियां झप्पियां पाले हम'लिखा। इस गाने को लेकर खूब विवाद हुआ, गुलशन बावरा पर अश्लील गाना लिखने का आरोप लगा। इसके बाद उन्होंने एक फिल्म 'रफू चक्कर(1975)' के लिए गाने लिखे। इस फिल्म के बाद बॉलीवुड को गीतकार के तौर पर अलविदा कह दिया।

## ये गाने भाई-बहन के रिश्ते की गहराई को करते हैं उजागर

# रक्षाबंधन को बनाएं खास, इन खूबसूरत बॉलीवुड गानों के साथ

***नई दिल्ली।*** *रक्षाबंधन, भाई-बहन के प्यार और विश्वास का पवित्र त्योहार, हर साल बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाई अपनी बहनों की रक्षा का वचन देते हैं। इस खास मौके को और भी यादगार बनाने के लिए कुछ पुराने और सदाबहार बॉलीवुड गाने हैं, जो इस त्योहार के भाव को खूबसूरती से बयां करते हैं। ये सभी गाने न सिर्फ रक्षाबंधन के त्योहार की भावना को बयां करते हैं, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते की गहराई को भी उजागर करते हैं। इस रक्षाबंधन पर इन गानों को अपनी प्लेलिस्ट में शामिल करें। राखी बांधते समय, मिठाइयां खाते समय या परिवार के साथ बैठकर पुरानी यादें ताजा करते समय इन गानों को सुनें। ये गाने आपके इस खास दिन को और भी यादगार बना देंगे।*

### फूलों का तारों का सबका कहना है



1971 में आई फिल्म 'हरे रामा हरे कृष्णा' का गाना 'फूलों का तारों का सबका कहना है' आज भी लोग सुनना और गुनगुनाना पसंद करते हैं। यह गाना भाई-बहन के रिश्ते की मासूमियत और गहराई को दर्शाता है। इस गाने को लता मंगेशकर और किशोर कुमार ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। गाने के बोल, 'फूलों का तारों का सबका कहना है, एक हजारों में मेरी बहना है,' बहन के प्रति भाई के अनमोल प्यार को व्यक्त करता है।

### मेरे भैया मेरे चंदा मेरे अनमोल रतन

फिल्म 'काजल' का गाना 'मेरे भैया मेरे चंदा मेरे अनमोल रतन' आशा भोसले की आवाज में है। यह गाना भाई के प्रति बहन के स्नेह को बहुत ही खूबसूरती से दर्शाता है। 'मेरे भैया मेरे चंदा मेरे अनमोल रतन, तेरे लिए लाई हूं..' जैसे बोल इस गाने को रक्षाबंधन के लिए एकदम सही बनाते हैं। यह गाना उस खुशी और गर्व को व्यक्त करता है, जो एक बहन अपने भाई के लिए महसूस करती है। रक्षाबंधन के दिन इस गाने को सुनकर और मिठाई खाकर आप भी अपने भाई के साथ अपने रिश्ते की मिठास को और बढ़ा सकते हैं।

### भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना



फिल्म छोटी बहन का प्रसिद्ध गाना 'भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना' आज भी रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधते वक्त गाती हैं। यह गाना रक्षाबंधन के त्योहार का प्रतीक बन चुका है। लता मंगेशकर की आवाज में गाया गया यह गाना हर बार रक्षाबंधन पर दिल को छू जाता है। गाने के बोल, 'भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना', बहन की अपने भाई से प्रेम और विश्वास की पुकार को दर्शाते हैं।

### बहना ने भाई की कलाई से



1974 में आई फिल्म 'रेशम की डोरी' का गाना 'बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है...' हर बहन का पसंसीदा गाना बन चुका है। इस गाने को लता मंगेशकर ने गाया है और इसके बोल भाई-बहन के अटूट रिश्ते को दर्शाते हैं। 'बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है, प्यार के दो तार से सारा संसार बांधा है,' जैसे बोल इस त्योहार की भावना को और गहरा करते हैं।



बच्चो, बारिश के दौरान जब तुम घर से बाहर निकलते हो तो भीगने से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल जरूर करते होगे। क्या तुम जानते हो कि दुनिया के कई देशों में 'अंब्रेला म्यूजियम' यानी छाता संग्रहालय भी हैं? जानो, कुछ अंब्रेला म्यूजियम्स के बारे में।

# अलग-अनोखे हैं ये अंब्रेला म्यूजियम

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चो, बारिश का मौसम आते ही सबसे पहले याद आता है छाता। भीगने से बचाने का सबसे आसान जरिया छाता ही है। दुनिया भर में इसका इस्तेमाल सदियों से हो रहा है। सैकड़ों तरह के छाते देश-विदेश में प्रचलित हैं। तुम्हें जानकर अचरज होगा कि कुछ देशों में अनोखे छाता संग्रहालय भी मौजूद हैं। यहां तुम छातों के क्रमिक विकास और उनके विभिन्न प्रकारों के बारे में जान सकते हो।

## अंब्रेला एंड पारासोल म्यूजियम, इटली

इटली के पीडमोंट में मौजूद इस अनूठे छाता और छत्र (पारासोल) संग्रहालय की स्थापना 1939 में इगिनो एंब्रोसिनी (1883-1955) ने की थी। हालांकि वह खुद कृषि विज्ञानी थे, लेकिन छाता बनाना उनका पुश्तैनी कारोबार था। इसलिए छाते के प्रति उनको लगाव था। 1976 से इस संग्रहालय को वर्बानो-कुसियो-ओसोला प्रांत के गिग्नेस में स्थित दो-मंजिला इमारत में शिफ्ट कर दिया गया।

इस संग्रहालय में विभिन्न खंडों में छाते, छत्र और इनके निर्माण से जुड़ी सामग्रियों सहित 1,000 से अधिक वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। इनके माध्यम से दर्शक यहां 1800 के दशक के आरंभ से लेकर आज तक छतरियों के क्रमिक विकास को देख और समझ सकते हैं।

इस म्यूजियम में तरह-तरह के फीते, रेशम, सूती और सिंथेटिक फैब्रिक, लकड़ी, हड्डी और धातु के फ्रेम के साथ, लकड़ी में नक्काशीदार सुंदर हैंडल, हाथी दांत, मोती और चांदी जैसी बहुमूल्य सामग्रियों से बनी छतरियां भी दर्शकों को खूब लुभाती हैं। संग्रहालय की पहली मंजिल छाता बनाने वाले कारीगरों के पेशे को समर्पित है। यहां तुम दो विशाल छाते भी देख सकते हो, जिन पर चित्रकार फेलिस वेलन ने छाता बनाने वालों के जीवन का संक्षिप्त चित्रण किया है। संग्रहालय में ऐतिहासिक वस्तुओं के लिए भी एक खंड समर्पित किया गया है, इसमें पूर्व रानी मार्गरिटा की छतरी प्रदर्शित की गई है।



अंब्रेला कवर म्यूजियम, यूएसए

## अंब्रेला कवर संग्रहालय, यू एस ए

यह संग्रहालय अमेरिका के पीक्स आईलैंड में स्थित है। इस मशहूर संग्रहालय का निर्माण नैंसी हॉफमैन ने वर्ष 1996 में करवाया। इस संग्रहालय को बनाने का विचार हॉफमैन के मन में तब आया जब वे एक अलमारी साफ कर रहे थे और उन्हें पुराने सात छाते मिले। संग्रहालय की शुरुआत हॉफमैन ने अपने घर की रसोई से की। जैसे-जैसे उनका संग्रह बढ़ता गया, इसे एक बड़े स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने यहां 66 देशों से बड़ी संख्या में छाते और छत्र संग्रह किए। इस संग्रहालय में 'लेट अ स्माइल बी योर अंब्रेला' गाते हुए अकॉर्डियन बजाते हुए हॉफमैन को अकसर ही देखा जा सकता है। अंब्रेला कवर म्यूजियम का मिशन कहता है कि यह संग्रहालय रोजमर्रा की जिंदगी में दैनिक उपयोग की चीजों की सराहना के लिए समर्पित है। इस संग्रहालय में ढाई इंच की बार्बी डॉल की नन्ही सी छतरी से लेकर छह फुट लंबा छाता भी मौजूद है। 7 जुलाई 2012 को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने हॉफमैन के 730 छातों के संग्रह को दुनिया का सबसे बड़ा अंब्रेला म्यूजियम माना।

## चीन छाता संग्रहालय, चीन

चीन का हांगझोऊ आर्द्र जलवायु वाला शहर है। यहां काफी बारिश होती है। हांगझोऊ को चीनी छाते का जन्मस्थान भी माना जाता है। यहां के इस छाता संग्रहालय में तुम्हें छाते से जुड़े कई



सवालों के जवाब मिल सकते हैं। चीन के पहले छाता संग्रहालय के रूप में यह छाता संस्कृति, छाता इतिहास, छाता कथा और छाता निर्माण प्रक्रिया को व्यापक रूप से प्रदर्शित करता है। इस संग्रहालय को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसके भीतर तुम्हें बारिश में खड़े होने का अहसास होगा। संग्रहालय के अंदर, मल्टीमीडिया उपकरणों द्वारा निर्मित आभासी बारिश का दृश्य और पानी का धुआं सा यानी कोहरा सा दिखाई देता है। संग्रहालय की दीवारों को टाइल ग्रे रंग से रंगा गया है। संग्रहालय के छह ब्लॉक्स में छतरियों की उत्पत्ति, विभिन्न श्रेणियां, कला -संस्कृति और आधुनिक छातों को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा संग्रहालय के अंदर एक इंटरैक्टिव जोन भी है। जहां पर्यटक छतरियों के पुर्जे जोड़ने, छतरी रंगने और छतरियों की मरम्मत करने जैसी एक्टिविटीज में हिस्सा ले सकते हैं। *

### देश में बन रहा रेन म्यूजियम

**बच्चो, अपने** देश में कोई छाता संग्रहालय तो नहीं है। लेकिन दुनिया के पहले रेन म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है। बच्चो, दुनिया में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान मेघालय के मॉसिनराम में दुनिया का पहला वर्षा संग्रहालय बनाया जा रहा है। तुम्हें बताते चलें कि मॉसिनराम, धरती का सबसे ज्यादा बारिश वाला स्थान है, जहां हर साल 11,000 मिमी से ज्यादा बारिश होती है। 35 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस वर्षा संग्रहालय के अंदर पर्यटकों को वर्षा और इसके इतिहास के बारे में जानने का मौका मिलेगा। इमेजिन करो, तुम एक ऐसे कमरे में प्रवेश कर रहे हो, जहां बारिश हो रही है। इस एक्सपीरियंस के लिए यहां एक इनडोर रेन जोन भी बनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्षा के दौरान रेन म्यूजियम के भीतर भी इस पहाड़ी गांव से गुजरने के अनुभव को जीवंत बनाना है। भारत का मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और इसरो वास्तविक समय के डेटा का उपयोग करते हुए वर्षा को कैसे मापते हैं? जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में इसका क्या अर्थ है, इस पर यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।





बच्चो, रक्षाबंधन का इंतजार हर भाई-बहन को होता है। भाई-बहन के प्यार भरे रिश्ते का महत्व बताने वाले इस त्योहार से जुड़ी अनेक कथाएं, किंवदंतियां और ऐतिहासिक किस्से हैं। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

# कैसे शुरू हुआ रक्षाबंधन

पर्व

शिवानी छाया

बच्चो, भाई-बहन के प्यार और स्नेह को प्रकट करता है रक्षाबंधन का त्योहार। इस दिन बहनें अपने प्यारे भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, तिलक लगाती हैं और मिठाई खिलाती हैं। भाई भी अपनी प्यारी बहना को गिफ्ट देते हैं। साथ ही हमेशा अपनी बहन का साथ निभाने, उसकी रक्षा करने का वादा भी करते हैं। क्या तुमने कभी सोचा है कि रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत कब और कैसे हुई? जानो, इसके बारे में।



**रक्षाबंधन से जुड़ी पौराणिक कथाएं:** एक पौराणिक कथा के अनुसार राजा बलि, भगवान विष्णु के परम भक्त और महादानी थे। एक बार, राजा बलि ने यज्ञ करके स्वर्ग पर अधिकार करने का प्रयास किया, जिससे भयभीत होकर देवराज इंद्र ने भगवान विष्णु से मदद मांगी। भगवान विष्णु, वामन का रूप धारण कर राजा बलि के द्वार पर पहुंचे और उनसे तीन पग भूमि दान में मांगी। राजा बलि ने इस मांग को स्वीकार कर लिया। वामन रूप धरे भगवान विष्णु ने तो एक पग में पूरी धरती और दूसरे पग में पूरा आकाश नाप दिया। अब क्या? अब वे तीसरा पग कहां रखें? तब राजा बलि ने अपना सिर आगे कर कहा कि आप अपना तीसरा पग मेरे सिर पर रख लीजिए। राजा की यह दानवीरता देख भगवान प्रसन्न हुए और राजा बलि को पाताल लोक का राजा बना दिया और उनसे वरदान मांगने को कहा। राजा बलि ने भगवान विष्णु से वरदान मांगा कि आप मेरे साथ पाताल लोक में ही चलकर रहें। भगवान विष्णु राजा बलि के साथ पाताल लोक में रहने चले गए। इससे माता लक्ष्मी और सभी देवता चिंतित हो गए। माता लक्ष्मी एक गरीब महिला का रूप धारण कर महाराज बलि के पास पहुंची और उन्हें राखी बांधी। जब राजा बलि ने राखी के बदले में कुछ मांगने को कहा, तो माता लक्ष्मी अपने असली रूप में आ गईं और उन्होंने राजा बलि से कहा कि वह भगवान विष्णु को बैकुंठ धाम जाने दें। राखी का मान रखते हुए राजा बलि ने माता लक्ष्मी की बात मान ली। फिर भगवान विष्णु माता लक्ष्मी के साथ अपने धाम को लौट गए। बच्चो, हर साल हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन त्योहार मनाया जाता है, क्योंकि इसी तिथि को माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधी थी।

एक दूसरी कथा महाभारत में वर्णित है- जब भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का सुदर्शन चक्र से वध किया, तो इस दौरान उनकी अंगुली घायल हो गई थी और उससे खून बहने लगा था। भगवान कृष्ण की अंगुली से खून बहते देखकर द्रौपदी ने अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली में बांध दिया। इस चीर (वस्त्र) के बदले में श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को हर संकट से बचाने का वचन दिया। आगे चलकर अपने वचन का मान रखते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपदी के चीरहरण के समय उनकी रक्षा की।

**रक्षाबंधन से संबंधित ऐतिहासिक किस्से:** कहा जाता है कि सिकंदर ने जब पोरस के राज्य पर आक्रमण किया तो सिकंदर की पत्नी रोक्साना ने राजा पोरस को राखी भेजकर युद्ध में सिकंदर को नुकसान न पहुंचाने का अनुरोध किया था।

एक अन्य प्रसंग चित्तौड़ की महारानी कर्णावती का है, जिन्होंने हुमायूं को राखी भेजकर अपने राज्य को आक्रमणकारियों से बचाने का निवेदन किया था। हुमायूं ने रानी कर्णावती को बहन माना और उनकी मदद की।

ब्रिटिश राज में, 1905 में बंगाल विभाजन के दौरान देशवासियों को एकजुट करने के लिए रवींद्रनाथ टैगोर ने हिंदुओं-मुसलमानों को एक-दूसरे को राखी बांधने का आह्वान किया था। *

कविता / वसीम अहमद नगरामी

## रक्षाबंधन के दिन




रक्षाबंधन के दिन तितली
चुपके-चुपके आई।
बोली, भंवरे भैया अपनी
आगे करो कलाई।
लाई हूं सुंदर सी राखी
लो भैया बंधवा लो,
मैंने बनाई खास मिठाई
लो थोड़ी सी खा लो।
भंवरे ने राखी बंधवाई
बड़े मजे से खाई मिठाई।
खुश होकर तब तितली बोली
जुग-जुग जियो मेरे भाई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मीठे-प्यारे गीत


बच्चो, कुछ समय पहले तुम्हारे लिए मीठे-मीठे प्यारे गीतों की एक किताब 'बचपन है फुलवारी' छपकर आई है। इसके लेखक हैं राजा चौरसिया। इस किताब में कुल 32 गीत हैं। इन गीतों को पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, इनसे बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। कई गीतों में प्रकृति के संरक्षण और वृक्षों की महत्ता को बताया गया है। *'आओ बढ़ाएं इस धरती पर, वृक्षारोपण से हरियाली।'* कुछ गीतों में हंसने, मुस्कुराने और खुश रहने के लिए प्रेरित किया गया है। जैसे- *'फूलों की कलियों सी भाए, मंद-मंद मुस्कान। तन-मन स्वस्थ, मस्त हैं रहते, हो न कोई नुकसान।'* कुछ बच्चे जरा सी परेशानी आने पर हताश हो जाते हैं। उनको अपना हौसला बढ़ाने के लिए इस किताब के कुछ गीत पढ़ने चाहिए। ऐसे ही एक गीत की पंक्तियां हैं, *'चाहे देर भले लग जाए, रंग परिश्रम लाता है। जिसमें रहती लगन निरंतर, वही सफलता पाता है।'* इनके अलावा कई और भी प्यारे गीत हैं। किताब के अंत में बच्चो, तुम एक मजेदार गीत 'चूहे का उत्तर' भी पढ़ सकते हो। *



**किताब:** बचपन है फुलवारी, **लेखक:** राजा चौरसिया
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## जीके क्विज-165

1. हाल ही में किस अभिनेत्री को बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला?
2. दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
3. भारत में पहली एसटीडी फोन सेवा देश के किन दो शहरों के बीच शुरू की गई थी?
4. सात हजार से अधिक प्रायद्वीपों का समूह कहां स्थित है?
5. भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता कौन थे?
6. ब्रिटिश काल में 'दीनबंधु' के नाम से कौन से महापुरुष प्रसिद्ध हुए थे?
7. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहां दिया था?
8. भारत के पहले सुपर कंप्यूटर का नाम क्या था?
9. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
10. रिक्टर स्केल से क्या मापा जाता है?



**बच्चों, जीके क्विज-165 का उत्तर 'बालभूमि' के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-164 का उत्तर :** 1. 29 अगस्त, 2.दिव्या देशमुख, 3.उपराष्ट्रपति, 4.नई दिल्ली, 5.राष्ट्रपति, 6.बृहस्पति, 7.चिल्का झील, 8.राजस्थान, 9.त्वचा (स्किन), 10.विवेक एक्सप्रेस

**जीके क्विज-164 का सही उत्तर देने वाले :** चंचल-गरियाबंद, सौरभ-बिलासपुर, संजना-रोहतक, आद्या-उमरिया, सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, उमेश-धमतरी, नैतिक-मानपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, कबीर-हिसार



कहानी

हरीश कुमार अमित

राखी का त्योहार आया तो अदिति ने अपने भाई क्षितिज को सरप्राइज देने की सोची। उधर क्षितिज ने भी अपनी बहन को सरप्राइज देने की सोच रखी थी। मजे की बात हुई कि अदिति-क्षितिज के मम्मी-पापा ने भी अपने बच्चों को ऐसा सरप्राइज दिया कि उनका राखी का त्योहार सबके लिए सरप्राइज भरा हो गया।

# सरप्राइज वाली राखी



रक्षाबंधन वाले दिन की सुबह अदिति अपने आप ही जाग गई थी, वरना स्कूल जाने वाले दिनों में तो हर रोज मम्मी को उसे जगाना पड़ता था। बिस्तर से उतरकर अदिति ने देखा कि उसका भैया क्षितिज, उससे पहले ही जाग चुका था। वह ब्रश कर रहा था। अदिति और क्षितिज जुड़वां भाई-बहन हैं। क्षितिज को देखते ही अदिति बोली, 'भैया, आज तो राखी वाला दिन आ गया है। अब तो अपना सरप्राइज बता दो।'

'अभी नहीं, बाद में बताऊंगा, और तुमने कब बताया अपना सरप्राइज?' क्षितिज अपनी आंखों की पुतलियां नचाते हुए बोला।

'मैं भी बाद में बताऊंगी।' अदिति यह कहकर हंस दी। 'ठीक है।' क्षितिज ने कहा और फिर नहाने चला गया। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से अदिति और क्षितिज एक-दूसरे से कह रहे थे कि राखी वाले दिन एक सरप्राइज देंगे। थोड़ी देर बाद तैयार होकर अदिति, क्षितिज को राखी बांधने के लिए थाली सजाकर लाई। फिर कुर्सी पर बैठे क्षितिज के सामने डाइनिंग टेबल पर थाली रख दी। तभी मम्मी-पापा भी वहां आ गए।

अदिति जब क्षितिज को राखी बांधने लगी तो उसने बताया कि जो राखी वह बांधने जा रही है, वह उसने अपने हाथों से बनाई है। यह जानकर क्षितिज को आश्चर्य हुआ। वह बोला, 'अपने हाथों से...! अपने आप कैसे बना ली इतनी सुंदर राखी तुमने? यह तो बाजार में मिलने वाली राखी जैसी ही लग रही है।'

'इस राखी को मैंने बड़ी मेहनत से बनाया है। इसे बनाने के तरीके के बारे में टीचर जी से भी पूछा और मम्मी की मदद भी ली।' अदिति ने बताया।

अदिति ने राखी बांध दी तो क्षितिज ने पास ही रखी कपड़े से ढंकी किसी चीज पर से कपड़ा हटाया। एक रंग-बिरंगी गुल्लक अदिति की ओर बढ़ाते हुए वह बड़े स्नेह से बोला, 'यह मेरी तरफ से राखी का उपहार है।'

'अरे वाह, इतनी सुंदर गुल्लक!' गुल्लक को देखते ही अदिति बहुत खुश हो गई। 'इसे खुद बनाया है मैंने।' क्षितिज ने बताया। 'क्या, इसे खुद बनाया है तुमने, भैया?' अदिति ने अचरज से पूछा। 'हां, मैंने खुद बनाई है यह, राखी पर तुम्हें देने के लिए।' क्षितिज ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया।

'लेकिन इसे तुमने बनाया कैसे?' अदिति ने सवाल किया। 'कार्ड बोर्ड, गोंद, सेलो टेप और रंगीन कागजों से बनाई है यह गुल्लक। इसे बनाने के लिए मैंने भी अपने स्कूल के टीचर जी की मदद ली और पापा से भी पूछा।' क्षितिज ने बताया। अदिति गुल्लक को हाथों में लेकर बोली, 'तुम्हारी बनाई गुल्लक मुझे बहुत पसंद आई।'

'तुमने भी तो बहुत सुंदर राखी बनाई है! कितनी प्यारी लग रही है! मैं इसे हमेशा संभालकर रखूंगा।' क्षितिज ने कलाई पर बंधी राखी पर बड़े प्यार से हाथ फेरते हुए कहा। अदिति बोली, 'भैया, तुम्हारी गुल्लक भी बहुत सुंदर बनी है। मैं भी इसे हमेशा संभालकर रखूंगी।'

तभी पापा क्षितिज से बोले, 'लेकिन राखी के त्योहार पर क्या तुम अपनी बहन को खाली गुल्लक ही दे रहे हो?'

'नहीं पापा, इसमें मैंने अपनी पॉकेट मनी से बचाकर रखे कुछ रुपए भी डाल दिए हैं।' क्षितिज बोला। 'कितने रुपए डाले हैं गुल्लक में?' मम्मी ने पूछा।

'मम्मी, यह भी सरप्राइज है।' क्षितिज ने हंसते हुए जवाब दिया।

'अच्छा तो तुम दोनों के सरप्राइज के बाद अब मेरी ओर से भी एक सरप्राइज है।' मम्मी ने मुस्कुराते हुए कहा तो सब उनकी ओर देखने लगे। 'आज मैंने तुम सबकी फेवरेट किशमिश वाली खीर बनाई है और साथ ही गरमा-गरम प्याज की कचौरियां भी।' मम्मी ने हंसते हुए बताया। 'वाह, मुंह में पानी भर आया है मम्मी!' क्षितिज खुशी से चहकते हुए बोला।

'आज तो बहुत मजा आएगा नाश्ते का।' खुशी से उछलते हुए अदिति भी बोली।

तभी पापा बोले, 'एक सरप्राइज मेरी तरफ से भी है..।' 'क्या सरप्राइज, पापा?' अदिति ने पूछा। क्षितिज भी उत्सुकता से पापा की तरफ देखने लगा। 'थोड़ी देर पहले तुम्हारी बुआ जी का फोन आया था। मुझे राखी बांधने के लिए उन्हें दिल्ली आना था, लेकिन आज सुबह उनके पैर में मोच आ गई है। इसलिए यहां आने का अपना प्रोग्राम उन्हें कैंसिल करना पड़ा है। अब हम सभी नाश्ता करके थोड़ी देर बाद आगरा चलेंगे, तुम्हारी बुआ जी के यहां जाने के लिए। कल इतवार की छुट्टी है। आज रात हम तुम्हारी बुआ जी के यहां रुक जाएंगे, कल वापस दिल्ली आने से पहले आगरा में ताजमहल, आगरा का किला, सिकंदरा वगैरह देख लेंगे।'

'अरे वाह पापा, तब तो खूब मजा आएगा!' क्षितिज ने कहा। 'यह तो दो दिन लंबी पिकनिक हो जाएगी।' अदिति भी खुशी से ताली बजाने लगी।

'इस बार की राखी बहुत मजेदार है।' क्षितिज बोला।

'सरप्राइज वाली राखी।' अदिति ने कहा तो बाकी सब हंसने लगे। *

कविता

डॉ. फहीम अहमद



## नेह बंधन

बहना करती है भाई का
प्यार भरा अभिनंदन।
रंग-बिरंगे लाई धागे,
बहना यही दुआएं मांगे,
भाई रहे सदा ही आगे।
नेह भरा बंधन है पावन,
प्यारा रक्षाबंधन।
सूरज जैसा दमके भाई,
चंदा जैसा चमके भाई,
नाम कमाए जग में भाई।
यश फैले जग में भाई का,
जैसे महके चंदन।
फूलों भरी सदा हो राहें।
भाई को सब लोग सराहें,
पाएं हर मंजिल जो चाहें।
फूलों सा जीवन हो उनका
है प्रभु से यह वंदन।
जगमग हो भाई का आंगन,
भरा रहे खुशियों से दामन,
बना रहे यह बंधन पावन।
रिश्तों में महसूस करें नित,
नेह भरा स्पंदन।।


## रंग भरो-181

**रंग भरो-181** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





प्रगति, बिलासपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आशना, जांजगीर



पूर्वी, बिलासपुर



आन्या, बिलासपुर



मानस, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सार्थक-रायपुर, वेदिका-बालोद, कनिका-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, प्रिया-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, राशि-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, डिंपल-करनाल, साकेत-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 182

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी अपने भाई राजू को राखी बांध रही है। तुम इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



# 18 साल की एमबोको पहुंचीं फाइनल में, शीर्ष खिलाड़ी रिबाकिना को हराकर चौंकाया

## नेशनल बैंक टेनिस : एमबोको ने तीन सेटों में रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से दी मात

एजेंसी ▶▶| मांट्रियल

कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने नौवीं वरीय एलेना रिबाकिना को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कनाडा की 18 साल की एमबोको ने रिबाकिना को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 1-6, 7-5, 7-6 से हराया।

■ फाइनल में एमबोको जापान की ओसाका से भिड़ेंगी



### एमबोको को अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब की तलाश

एमबोको ने तीसरे और निर्णायक सेट में एक मैच प्वाइंट बचाया और दो बार रिबाकिना की सर्विस तोड़कर सेट को टाईब्रेकर में खींचा और फिर जीत दर्ज की। फाइनल में एमबोको जापान की स्टार नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में डेनमार्क की 16वीं वरीय क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी एमबोको अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी और उनकी नजरें फाये उरबन (1969) और बियांका आंद्रीस्क्यू (2019) के बाद ओपन युग में घरेलू खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बनने पर भी टिकी होंगी। मबोको ने कहा, अभूतपूर्व मैच, जिन्होंने मेरा समर्थन किया उन सभी को धन्यवाद। यह काफी कठिन मैच था, लेकिन सब कुछ संभव है।



### खचानोव ने ज्वेरेव को हराया

पुरुषों के वर्ग में रूस के 11वें वरीय केरेन खचानोव ने शीर्ष वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खचानोव ने ज्वेरेव को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-6 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। एटीपी टूर पर सात बार के विजेता 29 वर्षीय खचानोव फाइनल में दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज और चौथे वरीय बेन शेल्टन के बीच होने वाले ऑल अमेरिकी सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव ने यहां 2017 में खिताब जीता था और वह एटीपी टूर पर 24 खिताब जीत चुके हैं।



### ओसाका का शानदार प्रदर्शन जारी

चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका 2022 में मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद से ही डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करती आ रही हैं। वह अपने आठवें और 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में उतरेंगी।

## खबर संक्षेप



### अंडर-17 : उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान से भिड़ेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम बिश्केक में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 क्वालीफायर के ग्रुप जी में उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान से भिड़ेगी। प्रतियोगिता के लिए ड्रॉ कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में आयोजित किया गया। ड्रॉ में 27 टीम को आठ ग्रुप में बांटा गया। तीन ग्रुप में चार टीम जबकि पांच ग्रुप में तीन टीम को जगह मिली। क्वालीफायर एकल राउंड रोबिन लीग प्रारुप में 13 से 17 अक्टूबर तक खेले जाएंगे। भारत 13 अक्टूबर को किर्गिस्तान और 17 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा। आठ ग्रुप विजेता सात ग्रुप विजेता फाइनल्स के 10वें सत्र में जगह बनाएंगे जहां वे फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2025 के चार एएफसी प्रतिनिधियों से जुड़ेंगे, जिन्होंने स्वतः ही क्वालीफाई कर लिया है। ये देश उत्तर कोरिया, जापान, दक्षिण कोरिया और चीन हैं। एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 का आयोजन 30 अप्रैल से 17 मई 2026 तक किया जाएगा और शीर्ष चार टीमें फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप मोरक्को 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने पिछली बार 2005 में एशियाई कप में भाग लिया था।

### आईएसएल को लेकर संशय, एआईएफएफ ने रखा सितंबर में सुपर कप का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने सुपर कप सितंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में कराने की पेशकश की ताकि आईएसएल क्लबों को पर्याप्त प्रतिस्पर्धी मैच मिल सकें हालांकि इस शीर्ष लीग के प्रारुप और शुरुआत की तिथि को लेकर संशय बना हुआ है। एआईएफएफ ने इंडियन सुपर लीग क्लबों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में यह प्रस्ताव रखा। क्लबों ने लीग के आयोजकों और राष्ट्रीय महासंघ के बीच 'मास्टर्स राइट्स एग्रीमेंट '(एमआरए) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण आईएसएल का आगामी सत्र रोके जाने को लेकर चिंता जताई थी।

### वोक्स ने पंत से मांगी माफी

**लंदन।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने खुलासा किया है कि उन्होंने हालिया टेस्ट श्रृंखला के दौरान अपनी गेंद पर पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर के लिए ऋषभ पंत से 'माफी' मांगी थी, जिसके बाद वह अपने भारतीय प्रतिद्वंद्वी की उदारता से काफी प्रभावित हुए। मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के दौरान वोक्स की गेंद पंत के पैर में लगी थी, जिसके कारण वह सीरीज के निर्णायक पांचवें मैच से बाहर हो गए थे। वोक्स और पंत दोनों ही श्रृंखला के दौरान गंभीर चोटों के बावजूद बल्लेबाजी के लिए उतरकर अपनी-अपनी टीमों के लिए साहस के प्रतीक बन गए।



## 5 मैचों की सीरीज में मिला जबरदस्त तड़का

# सीरीज जो याद रहेगी: भारत-इंग्लैंड टेस्ट दौरे में हर मोड़ पर था रोमांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल ही खत्म हुई भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की सीरीज में जबरदस्त तड़का देखने को मिला। ओवल में 4 अगस्त को सीरीज समापन 2-2 के साथ खत्म हुई। हेडिंग्ले के लीड्स से लंदन के ओवल मैदान के बीच, जो भी क्रिकेट देखने को मिला वो किसी रोचक फिल्मी कहानी से कम नहीं था। इस सीरीज के हर टेस्ट में कुछ न कुछ रोमांच क्रिकेट प्रेमियों को देखने को मिला।

इसी सीरीज के दौरान कई विवाद सामने आए, कई बार लगा कि 'जेंटलमैन गेम' की भावनाएं तार-तार हो जाएंगी। मैदान पर भिड़ंत हुई, कहा-सुनी हुई लेकिन इन सबने दर्शकों को एक सुपरपैक सीरीज देखने को मिली।

सीरीज से जुड़े विवाद




### लॉर्ड्स टेस्ट: ड्यूक्स बॉल की क्वालिटी पर विवाद

लॉर्ड्स टेस्ट में टीम इंडिया की हार के बाद ड्यूक्स बॉल की गुणवत्ता पर सवाल उठे थे। इसके बाद मामले की शिकायत भारतीय टीम के मैनेजमेंट ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से की। अपनी शिकायत में भारतीय टीम ने आरोप लगाया था कि दूसरी रिप्लेसमेंट बॉल, जिसने सिर्फ 10 ओवर में ही शेप खो दी थी, असल में 30-35 ओवर पुरानी थी। टीम इंडिया के मैनेजमेंट का कहना है कि इससे उन्हें काफी नुकसान हुआ और आखिरकार 22 रनों से मैच हारना पड़ा था।

### आकाशदीप का डकेट के गले में हाथ डालना

ओवल टेस्ट में तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बेन डकेट को पहली पारी में 43 रनों के निजी स्कोर पर आउट किया था। डकेट आउट होने से पहले बेहद लय में दिख रहे थे। ध्रुव जुरेल के हाथों डकेट के कैच आउट होने के बाद आकाश दीप ने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। उन्होंने डकेट के सामने ही मुट्ठी भींची और फिर कंधे पर हाथ रखकर उनसे कुछ कहा। इस चीज ने भी सवाल उठाया। वहीं, ओवल में ही प्रसिद्ध कृष्णा और रूट में भी बहस देखने को मिली थी।

### सिराज का एग्रेसिव सेलिब्रेशन



वैसे तो मोहम्मद सिराज क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह सेलिब्रेशन के लिए जाने जाते हैं, लेकिन लॉर्ड्स टेस्ट मैच के चौथे दिन बेन डकेट का विकेट लेने के बाद जिस तरह का जश्न उन्होंने मनाया था। उस पर इंटरननेशनल क्रिकेट काउंसिल को भी एक्शन लेना पड़ा था। उनको कोड ऑफ कंडक्ट 2.5 का दोषी पाया गया था। बाद में उनकी मैच फीस भी 15 प्रतिशत काट ली गई।

### लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड की टाइम वेस्टिंग रणनीति

भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में हुआ। मैच के तीसरे दिन (12 जुलाई) के खेल का समापन बेहद नाटकीय अंदाज में हुआ। दिन का खेल खत्म होने से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल और जैक क्राउली के बीच जमकर बहस हुई। क्राउली ने बल्लेबाजी के दौरान टाइम करने की कोशिश की, ताकि इंग्लैंड को तीसरे दिन एक ओवर से ज्यादा का सामना नहीं करना पड़े।

### गौतम बनाम क्यूरेटर विवाद


ओवल टेस्ट की शुरुआत 31 जुलाई को हुई थी, लेकिन टेस्ट शुरू होने से पहले ओवल के पिच क्यूरेटर ली फोर्टिस ने बेवजह गौतम गंभीर से बहस की। 29 जुलाई को टीम इंडिया का ट्रेनिंग सेशन था। सेशन के दौरान क्यूरेटर ली फोर्टिस ने भारतीय कोचिंग स्टाफ से कहा कि वे मेन पिच एरिया से 2.5 मीटर दूर रहें, जबकि उन्होंने सिर्फ जॉगर्स (रबर स्पाइक्स) जूते पहने थे। इस बात से भारतीय टीम मैनेमेंट नाराज हो गया था। इस पर गौतम गंभीर कहते हुए सुने गए कि तुम हमें ये नहीं बता सकते कि हमें क्या करना है। तुम्हें कोई हक नहीं है ये कहने का। तुम बस एक ग्राउंड्समैन हो, इससे ज्यादा कुछ नहीं।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज

# ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान कोंस्टास, नाथन को मौका

एजेंसी ▶▶| मसिडनी

भारत के खिलाफ पिछली बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट पदार्पण करने वाले सलामी बल्लेबाज सैम कोन्सटास और नाथन मैकस्वीनी को ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम में शामिल किया गया, जो अगले महीने लखनऊ में भारत 'ए' टीम के खिलाफ चार दिवसीय दो मैच खेलेगी। कोन्सटास ने पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के दौरान मैकस्वीनी की जगह ली थी लेकिन शीर्ष क्रम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए। कैरेबियाई दौरे में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा जबकि उनकी टीम ने वेस्टइंडीज पर पूरी तरह से दबदबा बनाया।



### कोहली ने कोंस्टास को दिया था धक्का

उन्नीस वर्षीय कोंस्टास 'ए' टीम में चुने गए मौजूदा टेस्ट टीम के एकमात्र खिलाड़ी हैं जबकि अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में मैकस्वीनी, कूपर कोनोली और स्पिनर टॉड मर्फी शामिल हैं। कोन्स्टास ने मेलबर्न टेस्ट में अपने पदार्पण पर काफी प्रभाव डाला था। उन्होंने आक्रामक अर्धशतक बनाया और भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने उन्हें कंधे से धक्का दिया था। बाद में उनकी अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथ बहस भी हुई लेकिन वह शुरुआती उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। एकादश में जगह नहीं बना पाने के कारण उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला से शेफील्ड शील्ड में खेलने के लिए वापस भेज दिया गया था।

### चार दिवसीय मैच के लिए आस्ट्रेलिया टीम

जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, जैक एडवर्ड्स, आरोन हार्डी, कैंपबेल केलावे, सैम कोन्सटास, नाथन मैकस्वीनी, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, फर्गस ओनील, ओलिवर पीक, जोश फिलिप, कोरी रोचिचियोली और लियाम स्कॉट।

### एकदिवसीय मैच के लिए टीम

कूपर कोनोली, हैरी डिक्सन, जैक एडवर्ड्स, सैम इलियट, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, मैकेंजी हार्वे, टॉड मर्फी, तनवीर संघा, लियाम स्कॉट, लैची शॉ, टॉम स्ट्रैकर, विल सदरलैंड और कैलम विडलर।

## दलीप ट्रॉफी2025

# नार्थ जोन की कमान संभालेंगे गिल टूर्नामेंट 28 अगस्त से बेंगलुरु में



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड में अपने प्रभावशाली टेस्ट कप्तानी डेब्यू के बाद अब शुभमन गिल दलीप ट्रॉफी 2025 में नॉर्थ जोन की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। यह टूर्नामेंट 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होने जा रहा है और गिल को नॉर्थ जोन टीम का कप्तान बनाने का ऐलान किया गया है। गिल ने पिछली बार भी दलीप ट्रॉफी में कप्तानी की थी। तब उन्हें सिर्फ 1 मैच के लिए इंडिया ए की कमाल संभाली थी। गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करते हुए सभी को प्रभावित किया। इस सीरीज में उन्होंने पांच टेस्ट मैचों में 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल रहे।

### नॉर्थ जोन का स्क्वॉड

शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बडोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर). **स्टैंडबाय:** शुभम अरोड़ा (विकेटकीपर), जसकरनवीर सिंह पॉल, रवि चौहान, आबिद मुश्ताक, निशंक बिड़ला, उमर नजीर, दिवेश शर्मा.

## एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप

### कमली-सृष्टि की हार से चुनौती खत्म

***चेन्नई।*** *भारत का अभियान एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के ओपन महिला वर्ग में खत्म हो गया जब कमली मूर्ति और सृष्टि सेल्वम अपने अपने मुकाबले हार गए। कमली ने 5 . 57 अंक बनाए और तीसरी हीट के तीसरे दौर में जापान की सुमोमो साती और चीन की सिकि यांग के बाद तीसरे स्थान पर रही। दूसरी हीट के तीसरे दौर में सृष्टि थाईलैंड की इसाबेल हिग्स, ताइपै की वान यू चेन और फिलीपींस की निल्बी ब्लांकाडा के बाद चौथे स्थान पर रही। शीर्ष दो सर्फर सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगे जबकि आखिरी दो स्पर्धा से बाहर हो गए। इससे पहले ओपन महिला रेपेशॉज के दूसरे दौर में भारत की उम्मीदें जगी थी जब सृष्टि और कमली इसके जरिए तीसरे दौर में पहुंचीं। सुगर शांति पहले ही दौर से बाहर हो गई। अंडर 18 वर्ग में भारत के प्रहलाद श्रीराम तीसरे दौर में पहुंच गए।*

## लीग कप का आनंद लेते हुए मेस्सी...



**फोर्ट लौडरडेल।** प्यूमास यूएनएएम के खिलाफ लीग कप फुटबॉल मैच का आनंद लेते हुए इंटर मियामी फॉरवर्ड लियोनेल मेस्सी और उनकी पत्नी एंटोनेला रोक्कुजो।

## जिम्बाब्वे-न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज

# ब्रेंडन टेलर की साढ़े तीन साल बाद वापसी, एंडरसन को छोड़ा पीछे

एजेंसी ▶▶| बुलावायो (जिम्बाब्वे)

जिम्बाब्वे और न्यूजीलड के बीच दो मैचा का टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बुलावायों में खेला जा रहा है। इस मैच में ब्रेंडन टेलर को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है। ब्रेंडन टेलर ने साढ़े तीन साल के प्रतिबंध के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की। जिम्ब्बाब्वे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। टेलर ने 21वीं सदी में डेब्यू करने वाले सभी क्रिकेटरों में सबसे लंबे टेस्ट करियर (21 साल 93 दिन) के मामले में इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ा।



ब्रेंडन टेलर ने दावा किया कि उन्होंने पैसे तो लिए लेकिन कभी कोई मैच फिक्स नहीं किया। उन्हें स्टिमुलेंट बेंजॉयलकोग्नाइन के पॉजिटिव नतीजे के कारण डोपिंग उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह कोकीन का एक मेटाबोलाइट है। न्यूजीलैंड पिछले हफ्ते इसी मैदान पर पहले टेस्ट में जिम्बाब्वे को नौ विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 से आगे है।

## अमेरिका के वर्जीनिया में हुई विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप

# शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में जुड़ा एक और अध्याय, वेलाम्मल विद्यालय ने जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेन्नई के वेलाम्मल विद्यालय ने अमेरिका के वर्जीनिया में आयोजित विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया है। सबसे युवा विश्व चैंपियन डी. गुकेश और ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने इसी स्कूल से पढ़ाई की है। चेन्नई के मोगाप्पैर इलाके में स्थित वेलाम्मल विद्यालय शतरंज क्रांति के पीछे एक बड़ी ताकत रहा है क्योंकि यह सैकड़ों उभरते हुए शतरंज खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान करता है। वेलाम्मल स्कूल की जीत ने शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में एक और अध्याय जोड़ा है।




### वेलाम्मल एमएचएस स्कूल ने जीते सभी आठ मैच

शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे ने लिखा, 'आठ रोमांचक दौर के बाद 2025 विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में हुई।' उन्होंने कहा, 'एपिस्कोपल हाई स्कूल के खूबसूरत परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के कुछ सबसे प्रतिभाशाली युवा शतरंज खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की। परफेक्ट स्कोर के साथ बाकियों से आगे निकलते हुए भारत के वेलाम्मल एमएचएस स्कूल ने अपने सभी आठ मैच जीतकर स्वर्ण पदक जीता।'' फिडे ने कहा कि वेलाम्मल स्कूल की जीत शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में एक और अध्याय जोड़ती है।

### भारत शतरंज के सभी प्रारुपों में कर रहा सफलता हासिल

फिडे ने कहा, 'भारत शतरंज के सभी स्तरों और प्रारुपों में लगातार सफलता हासिल कर रहा है और इस जीत से देश के बढ़ते खिताबों में एक और खिताब जुड़ गया है।' उन्होंने कहा, 'वेलाम्मल एमएचएस के लिए सफलता नई नहीं है, इसके पूर्व छात्रों में ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा और लियोन मेंडोंका शामिल हैं। इसलिए जब टीम पहले से ही शीर्ष स्थान हासिल करके अंतिम दौर में पहुंची तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी।'

**वेलाम्मल स्कूल ने दिए कई ग्रैंडमास्टर**

वेलाम्मल स्कूल ने 2005 के बाद से कई ग्रैंडमास्टर दिए हैं, जिनमें एसपी सेतुरमन, मेंडोंका, के. प्रियदर्शन, बी. अधिबान, विष्णु प्रसन्ना, विशाख एनआर, विग्नेश एनआर, एम. कार्तिकेयन, सी. अरविंद, कार्तिक वेंकटरमन, वी. प्रणव, एस. भरत, अर्जुन कल्याण, पी. कार्तिकेयन और एन. श्रीनाथ शामिल हैं।

### फीफा रैंकिंग : 63वें स्थान पर पहुंची महिला टीम



**नई दिल्ली।** थाईलैंड पर ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम फीफा की नवीनतम रैंकिंग में सात स्थान की छलांग लगाकर 63वें स्थान पर पहुंच गई। इस जीत से टीम ने इतिहास रचते हुए एएफसी महिला एशियाई कप में जगह भी बनाई। यह भारतीय महिला टीम की लगभग दो वर्षों में सर्वोच्च रैंकिंग है। टीम पिछली बार 21 अगस्त 2023 को 61वें स्थान पर थी। भारत ने क्वालीफायर के अंतिम मैच में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले थाईलैंड को 2-1 से हराकर पहली बार क्वालीफिकेशन के माध्यम से महाद्वीपीय टूर्नामेंट में जगह बनाई। टीम में कोविड-19 के प्रकोप के कारण टीम को स्वदेश में आयोजित एशियाई कप के पिछले सत्र से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। भारत ने अपने क्वालीफिकेशन अभियान की शुरुआत मंगोलिया को 13-0 से हराकर की और फिर तिमोर-लेस्ते (4-0) और इराक (5-0) पर शानदार जीत दर्ज की।

ब्रेन डेड सत्येंद्र यादव ने 3 ज़िंदगियों को दी नई श्वांस, ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पहुंचाये गए अंग

# गुजरात में धड़केगा दिल, जबलपुर में किडनी और भोपाल में फंक्शन करेगा लीवर



हरिभूमि, जबलपुर।

अंगदान महादान की भावना को साकार करते हुए जबलपुर में गुरुवार को एक ऐतिहासिक पहल हुई। सड़क दुर्घटना में ब्रेन डेड हुए 31 वर्षीय सत्येंद्र यादव के दिल, लीवर और किडनी को जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाने के लिए जिले में ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। इस कॉरिडोर के माध्यम से तीन अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती मरीजों को नया जीवन देने का कार्य संभव हो पाया। चार अगस्त को एक सड़क हादसे में घायल होने के बाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती सत्येंद्र यादव को ब्रेन डेड घोषित किया गया था। इसके बाद परिजनों ने साहसिक निर्णय लेते हुए अंगदान की स्वीकृति दी। सत्येंद्र का दिल, लीवर और किडनी जरूरतमंद मरीजों को देने का निर्णय लिया गया। इस कार्य के लिए मेदांता अस्पताल की विशेष टीम जबलपुर पहुंची और उनकी निगरानी में अंगों को गंतव्य तक पहुंचाया गया।गुरुवार करीब 11:30 बजे, जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अन्य एजेंसियों के सहयोग से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अंगों को डुमना एयरपोर्ट तक पहुंचाया गया। यहां से लीवर भोपाल के सिद्धांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भेजा गया, जहाँ प्रसिद्ध ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अरविंद सिंह सोइन द्वारा सर्जरी की जाएगी। दिल अहमदाबाद (गुजरात) स्थित सीआईएमएमएस अस्पताल भेजा गया। किडनी को सुरक्षित रूप से जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी की गई।



### छह घंटे के भीतर जरूरी था प्रत्यारोपण

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना ने बताया कि अंगों को सुरक्षित रखने के लिए और समय की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने हर स्तर पर तत्काल निर्णय लेकर तेज गति से काम किया। चूंकि प्रत्यारोपण 6 घंटे के भीतर होना जरूरी होता है, इसलिए ग्रीन कॉरिडोर द्वारा ट्रैफिक फ्री मार्ग उपलब्ध कराया गया।

### कलेक्टर और एसपी रहे पूरे समय एक्टिव

कलेक्टर दीपक सक्सेना और एसपी सम्पत उपाध्याय के नेतृत्व में जिला प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और एयरपोर्ट प्रशासन ने पूरी तैयारी और समन्वय से यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया।

### परिवार के फैसले की सराहना

सत्येंद्र यादव का विवाह मात्र तीन माह पूर्व मीनाक्षी यादव से हुआ था। मूलतः सिवनी जिले के बिछुआ गांव (घंसौर तहसील) निवासी सत्येंद्र, जबलपुर के गढ़ा के सूपाताल क्षेत्र में रहते हुए गैस एजेंसी में काम करते थे। उनके भाई विजय यादव ने बताया कि पिता रोहणी प्रसाद यादव, मां, पत्नी और पूरे परिवार ने यह निर्णय लिया कि यदि सत्येंद्र की मृत्यु से किसी की जिंदगी बच सकती है तो यह सबसे बड़ा पुण्य कार्य होगा।

### 3 लोगों को मिला नया जीवनदान

बताया गया है कि ब्रेनडेड मरीज के परिजनों द्वारा अंगदान दिए जाने के फैसले से तीन लोगों को नया जीवन मिला। सत्येंद्र का दिल गुजरात में धड़केगा, वहीं भोपाल के एक मरीज का लीवर बदला जायेगा और जबलपुर के ही एक मरीज को किडनी प्रत्यारोपित की गई, वहीं दूसरी किडनी को अभी सुरक्षित रखा गया है।

# हाईकोर्ट बार के सकारात्मक सहयोग के प्रति सदैव कृतज्ञ रहूंगा

## हाई कोर्ट के जस्टिस डीके पालीवाल ने विदाई समारोह में व्यक्त किए भाव



जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस डीके पालीवाल ने गुरुवार को यहां कहा कि यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि मैंने यहीं से वकालत का शुभारंभ किया। यहीं एडीजे रहा। फिर हाई कोर्ट जज के रूप में कार्यरत रहते हुए सेवानिवृत्त हो रहा हूं। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सकारात्मक सहयोग के प्रति सदैव कृतज्ञ रहूंगा। क्योंकि मुझे मिले निश्छल सहयोग के कारण निर्बाध रूप से अपनी जिम्मेदारी पूर्ण कर सका। वे हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में अपने सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में भाव व्यक्त कर रहे थे।

इस दौरान हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल, एमपी स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह, हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार सचिव निखिल तिवारी व जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा सहित अन्य मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन हाई कोर्ट बार के सचिव परितोष त्रिवेदी ने किया। अंत में न्यायमूर्ति पालीवाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रारंभ में सभी ने उनका भावभीना अभिनंदन किया।

### सरल, सच्चे और ईमानदार न्यायाधीश के रूप में रहेंगे अविस्मरणीय : जस्टिस अग्रवाल

हाई कोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे जस्टिस डीके पालीवाल एक सरल, सच्चे और ईमानदार न्यायाधीश के रूप में अविस्मरणीय रहेंगे। उनकी छवि निर्विवाद रही। उन्होंने एक न्यायाधीश के रूप में पूर्ण कर्त्तव्यनिष्ठा से प्रत्येक मामले की सुनवाई की और न्यायदान का आदर्श प्रस्तुत किया।

# अधिवक्ताओं में चार गुना स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाने से आक्रोश

### स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

जबलपुर।

मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्टाम्प ड्यूटी में चार गुना बढ़ोत्तरी किए जाने से अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इसे लेकर एमपी स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को पत्र लिखकर पुनर्विचार करने की मांग की है।

पत्र में कहा गया है कि मप्र अपेक्षाकृत एक पिछड़ा राज्य है। प्रदेश की ज्यादातर जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे निवास करती है। केबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार जो शपथ-पत्र पूर्व में 50 रूपये के स्टाम्प पर किया जाता था, उसके लिए 200 रुपये की स्टाम्प अनिवार्यता कर गई है। इसी प्रकार अचल संपत्ति के एग्रीमेंट के लिए जो किए पूर्व में एक हजार रूपये का स्टाम्प लगता था, उक्त फैसले में 2000 रुपये कर दिया गया है। इतना ही नहीं सहमति विलेख पूर्व में एक हजार रुपये में होती थी, जिसे सीधे 5000 रुपये किया गया है। पावर आफ अटर्नी के लिए स्टाम्प एक हजार की जगह 2000 रुपये कर दिया गया है, जो कि प्रदेश की आम जनता के लिए न्यायोचित नहीं है और नियमानुसार गलत है। इस बढ़ोत्तरी का बोझ प्रदेश की गरीब जनता नहीं उठा सकती। सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कई जगह राशि वितरित कर रहीं है, इसका यह मतलब नहीं कि उसकी वसूली आमजनता से की जाए। उक्त फैसले पर पुनर्विचार आवश्यक है।

# बाईक की टक्कर से पिता की मौत, बेटी गंभीर

### मझगवां थाना क्षेत्र में दुर्घटना

जबलपुर।

मझगवां थाना अतंर्गत सिंघुली मंदिर के पास बाईक चालकों ने एक स्कूटी को टक्कर मारी इस हादसे में स्कूटी सवार पिता की मौत हो गई, जबकि बेटी गंभीर रुप से घायल हो गई, जिन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार घमापुर निवासी 25 वर्षीय श्रेया विश्वकर्मा सिंघुली के सरकारी अस्पताल में सीएचओ (सर्किल हेल्थ ऑफिसर) के पद पर पदस्थ है। करीब एक साल से रोजाना श्रेया अपने पिता रमेश विश्वकर्मा के साथ जबलपुर से मझगवां आती-जाती थी. बीती शाम को ड्यूटी समाप्त होने के बाद श्रेया अपने पिता के साथ स्कूटी में बैठकर घर के लिए रवाना हुई. रमेश विश्वकर्मा जब सिंघुली मंदिर के सामने से गुजर रहे थे, इस दौरान दुबयारा गांव में रहने वाले कमलेश व जुगल किशोर ने तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए स्कूटी में टक्कर मार दी। मोटर साइकल की टक्कर लगते ही श्रेया व रमेश स्कूटी सहित गिरकर घिसटते चले गए, हादसे में दोनों के शरीर पर गंभीर चोटें आई। वहीं आगे जाकर मोटर साइकल सवार युवक भी अनियंत्रित होकर गिर गए. घायलों को इलाज के लिए सिहोरा के शासकीय अस्पताल पहुंचाया. जहां पर डाक्टरों ने रमेश विश्वकर्मा को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं बेटी श्रेया की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर के निजी अस्पताल रेफर किया गया।



# कनिष्ठ संविदा विक्रेता के पद के लिए नई मेरिट लिस्ट तैयार कर नियुक्ति देने के निर्देश

## याचिकाकर्ताओं के मामले में ही लागू होगा आदेश

जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट ने आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं में कनिष्ठ संविदा विक्रेता के पद के लिए नए सिरे से मेरिट लिस्ट तैयार कर नियुक्ति देने के निर्देश दिए। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा राकेश यादव के प्रकरण में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप कंम्प्यूटर विषय में डिप्लोमा व डिग्री के बोनस अंक प्रदान करें। उसके बाद मेरिट लिस्ट तैयार करें। कोर्ट ने साफ कहा कि यह कार्रवाई केवल याचिकाकर्ता व निजी अनावेदकों के संबंध में करनी होगी। यह आदेश उन पर प्रभावित नहीं होगा जिनकी नियुक्ति को चुनौती नहीं दी गई है। सिवनी निवासी अवधेश गिरी की ओर से अधिवक्ता विट्ठल राव जुमड़े ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि बोनस अंक की अहर्ता में गड़बड़ी की गई है। अनावेदकों शिशुपाल वर्मा, विशाल डेहरिया और संजय दुबे को डिप्लोमा के 15 और डिग्री के 25 बोनस अंक प्रदान किए गए हैं। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता को केवल डिप्लोमा के 15 अंक दिए गए हैं। याचिकाकर्ता और अनावेदकों की डिग्री में कंप्यूटर केवल आधार पाठ्यक्रम का एक विषय था, ऐसे में अनावेदकों को गलत अंक प्रदान किए गए हैं। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उक्त निर्देश देते हुए याचिका का निराकरण कर दिया।

## संपत्ति के विवाद में हत्या पर आजीवन कारावास

जिला अदालत ने संपत्ति के विवाद में हत्या करने के आरोपित जबलपुर निवासी राजाराम उर्फ रज्जू कुशवाहा का दोष सिद्ध पाया। अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह वाघेला की कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। तीन हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से विषेश लोक अभियोजक बबीता कुल्हारा नागदेव ने कोर्ट को बताया कि तेजीलाल कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसका छोटा भाई भरत उर्फ भारत कुशवाहा प्रापर्टी का काम करता था। एक नवंबर, 2019 को प्रातः 11 बजे आरोपित ने उसे गोहलपुर चौक के समीप गोली मार दी। जिसके बाद उसे गंभीरावस्था में अस्पताल ले जाया गया। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। गोहलपुर पुलिस ने हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया। पुलिस ने विवेचना में पाया कि आरोपित ने संपत्ति विवाद के चलते हत्या की थी। अदालत ने दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी।




# 3 साल बाद रादुविवि ने जारी की पीएचडी चयन सूची

### 519 शोधार्थियों को मिली सफलता

जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के शोधार्थियों को बड़ी राहत मिली। लंबे समय से अटकी पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया आखिरकार पूर्ण हो गई और विश्वविद्यालय प्रशासन ने अंतिम चयन सूची जारी कर दी। कुल 519 शोधार्थियों ने विभिन्न विषयों और संकायों में सफलता अर्जित की है। इस सूची के जारी होने के साथ ही शोध के क्षेत्र में एक नई शुरुआत का द्वार खुल गया है।रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने 11 मार्च 2025 को पीएचडी प्रवेश के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसके अंतर्गत 24 जुलाई को डॉक्टोरल एंट्रेंस टेस्ट आयोजित किया गया। टेस्ट के बाद 29 जुलाई से 2 अगस्त के बीच विभागवार साक्षात्कार संपन्न हुए। विश्वविद्यालय ने निर्धारित कार्यक्रमानुसार 6 अगस्त को अंतिम चयन सूची प्रकाशित की।

विषयवार चयनित छात्र जारी की गई पीएचडी चयन सूची के अनुसार, हिंदी विभाग से सबसे अधिक 56 शोधार्थियों का चयन हुआ है। अन्य विषयों में पत्रकारिता एवं जनसंचार से 2, दर्शनशास्त्र और ड्राइंग एवं पेंटिंग से 6-6, संस्कृत से 7, अंग्रेजी से 26, बॉटनी से 10, बायोटेक्नोलॉजी से 12, भौतिकी से 4, विधि से 22, राजनीति विज्ञान से 42, फूड एंड न्यूट्रीशन और गणित से 14-14, शिक्षा से 30, शारीरिक शिक्षा से 11, रसायनशास्त्र से 23, इतिहास से 47, भूगोल से 16, जूलॉजी से 10, पर्यावरण विज्ञान से 1, कंप्यूटर साइंस से 35, वाणिज्य से 38, अर्थशास्त्र से 24, समाजशास्त्र से 16, समाज कार्य से 4 और प्रबंधन विषय से 34 शोधार्थियों को पीएचडी के लिए चयनित किया गया है।विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि माइक्रोबायोलॉजी विषय के डॉक्टोरल एंट्रेंस टेस्ट के संशोधित परिणाम जारी किए गए हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240